आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 222 | उज्जैन, मंगलवार 25 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान होर्मुज में जहाजों से टोल वसूलेगा, संसद की मंजूरी

**तेहरान।** ईरान की संसद ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल यानी टैक्स या फीस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जिन देशों के जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति होगी, उनसे समुद्री सेवाओं के बदले शुल्क लिया जाएगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता हसन काशकवी के मुताबिक, फीस के बदले समुद्री सेवाएं, सुरक्षा और इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा पर्यावरण संबंधी सेवाएं और खास परिस्थितियों में ईंधन भी दिया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की किसी दूसरी करेंसी में किया जा सकेगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अब ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग के आखिरी दौर में पहुंच गया है।

### नागपुर में क्लोरीन गैस लीक 40 लोग हॉस्पिटल में भर्ती

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में क्लोरीन गैस लीक होने से कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना गोधनी नगर पंचायत की है। यहां पानी साफ करने का प्रोजेक्ट चल रहा था। इसी दौरान क्लोरीन गैस लीक हो गई। गैस के संपर्क में आने से प्रोजेक्ट के आठ से दस कर्मचारी और इलाके के 20 से 25 लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती हुए लोगों में चार से पांच लोगों को इंटेंसिव केयर यूनिट में रखा गया है। वहीं, अन्य लोगों का सामान्य वार्ड में इलाज चल रहा है। फायर ब्रिगेड, पुलिस डिपार्टमेंट के लोग मौके पर पहुंच गए हैं और लोगों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट करने का काम चल रहा है।

### सीएम विजय का बड़ा ऐलान, 3 फ्री एलपीजी सिलेंडर, महिलाओं के लिए फ्री बस सफर

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को विधानसभा में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि चेन्नई के पास परंदूर में दूसरा एयरपोर्ट बनाने की प्रस्तावित योजना को अब रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार ने गरीब परिवारों को हर साल तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की योजना शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना का नाम अन्नपूणार्नी सुपर सिक्स रखा गया है। चलिए जानते हैं सीएम विजय ने क्या-क्या ऐलान किए हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से विरोध कर रहे थे। परंदूर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट की योजना अगस्त 2022 में तत्कालीन डीएमके सरकार ने बनाई थी। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी तमिलनाडु इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को दी गई थी।

### गोविंदा-सुनीता ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को किया अनफॉलो



**तलाक की याचिका वापस लेने की खबर के बाद दोनों के रिश्ते पर फिर सवाल उठे**

**मुंबई।** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब पिछले दिनों दोनों के रिश्ते में अनबन और तलाक की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। सोशल मीडिया पर सामने आया यह बदलाव इसलिए भी खास माना जा रहा है, क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों के रिश्ते को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। गोविंदा और सुनीता की शादी को करीब चार दशक हो चुके हैं। दोनों लंबे समय से बॉलीवुड की चर्चित जोड़ियों में शामिल रहे हैं। हालांकि, पिछले दिनों उनके रिश्ते में खटास और अलगाव की खबरों ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा था। तलाक की कथित याचिका की खबर सामने आने के बाद इस मामले को लेकर काफी चर्चा हुई थी। इसके बाद गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने कहा था कि सुनीता आहूजा ने तलाक की याचिका वापस ले ली है। उन्होंने यह भी कहा था कि गोविंदा और सुनीता अलग नहीं हो रहे हैं।

### नैनो न्यूज

- **छत्तीसगढ़** : रायपुर के राजनांदगांव में सड़क पर बैठे मवेशियों पर चढ़ा तेज रफ्तार ट्रक, 14 की मौत
- **महाराष्ट्र** :मराठी सीखने के खिलाफ मुंबई में ऑटोवालों की हड़ताल, बोले- 55 की उम्र में भाषा सीखें या घर चलाएं, सरकार ने दिया था 3 महीने का वक्त।
- **महाराष्ट्र** : अमरावती के सरकारी अस्पताल में आग लगने से 3 बच्चों की मौत, 36 को बचाया, परिजन बोले- गार्ड-नर्स सबसे पहले पहुंचे, धुआं भरे वार्ड से नवजातों को निकाला।
- **नई दिल्ली** : 35 साल पहले कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की फिर जांच, गांदरबल में महिलाओं-बच्चों समेत 23 को मारा था, ऐसे कई केस दोबारा खुले।
- **कीव** : पुतिन बोले- रूस-भारत के बीच इस साल कारोबार बढ़ा, दोनों देशों के दशकों से रिश्ते मजबूत, भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने मॉस्को में पुतिन से मुलाकात की।

### उज्जैन में अनिश्चिकालीन धरना, रतलाम में चक्काजाम, झाबुआ, डही, कोलारस में भी धरना

# किसान समस्या और अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार को प्रदेश के उज्जैन सहित कुछ जिलों में किसानों ने बीमा सहित अन्य प्रमुख समस्याओं के साथ ही स्थानीय समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया है। इनमें कोलारस, धार, झाबुआ शामिल हैं। रतलाम में आकस्मिक रूप से मंडी में खरीदी बंद करने से किसान भड़क गए और महू-नीमच हाईवे पर घंटों जाम लगा दिया। इधर सरकार की बीमा योजना से भी किसानों का मोह भंग हो रहा है। राष्ट्रीय स्तर से आ रही खबरों के अनुसार पिछले 4 वर्षों में बीमा करने वाले किसानों की संख्या में बराबर गिरावट आ रही है।

भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष कमलसिंह आंजना के अनुसार उज्जैन में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के कोलारस, धार डही, झाबुआ में किसानों ने आंदोलन किया है। किसानों की मुख्य मांग बीमा से संबंधित है। इसके अलावा स्थानीय स्तर की समस्याओं के निदान को लेकर किसानों की मांग है। समस्याओं के निराकरण नहीं होने की स्थिति से किसान नाराज है। कुछ जिलों में पिछले दो दिनों में धरना प्रदर्शन किया गया है और कुछ में आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

**धरना स्थल पर विभागीय अधिकारियों को बुलाया-**भारतीय किसाना संघ के बैनर तले सोमवार को उज्जैन के सिंहस्थ मेला कार्यालय के बाहर जिले के किसानों ने दोपहर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार धरना पर जिले की सभी तहसीलों के करीब 400 से अधिक किसान शामिल हुए हैं। अपराह्न में जिला प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को धरना स्थल पर ही बुलाया था। इसके बाद समस्या निराकरण को लेकर निश्चित स्थिति तय होना है। मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है जिसमें प्रमुख एवं स्थानीय स्तर की मांगों का ज्ञापन शामिल है।

- **सरकार की बीमा योजना से भी किसानों का मोह भंग हो रहा**
- **मुख्य मांगों के साथ स्थानीय मांगों को लेकर दिया धरना**
- **मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को दिया ज्ञापन**

#### ये रखी स्थानीय स्तर की मांग

1. प्रधानमंत्री फसल बीमा में उज्जैन में भारी भ्रष्टचार हुआ है इसकी सीबीआई जांच कराई जाए।
2. सेटेलाइट सर्वे पर तुरंत रोक लगाई जाए।
3. कृषि विभाग द्वारा जो सर्वे किया जाता है उसकी पंचनामा प्रति को कानूनी दस्तावेज माना जाए।
4. पूर्व के वर्षों में सर्वे में जो नुकसान हुआ था (वर्ष 2025 खरीफ और 2026 रबी) उसका बीमा शीघ्र दिया जाए।
5. विगत वर्ष में जो प्राकृति आपदा की राहत राशि दी गई थी उसमें कुछ गांव छूट गये थे उनको राहत राशि दी जाए।
6. पशु पालन में बढ़ती लागत (पशु आहार और चारे की बढ़ती कीमत) को ध्यान रखते हुए दूध का भाव 12 रुपए प्रति फेट किया जाए।
7. जंगली जानवर घोडा रोज, हिरण, सूअर और अन्य जानवरों से फसलों को भारी नुकसान होता है इसकी रोकधाम के लिये विशेष योजना बनाई जाए।
8. जमीनों के नक्शा सुधार एवं नामांतरण के नाम से तहसीलों में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है इस पर कार्यवाही की जाए।
9. कृषि भूमि के सेटेलाइट नक्शों में काफी विसंगतियां है इसके स्थान पर टेस नक्शों को ही मान्य किया जाए।
10. साख सहकारी संस्थाएं किसानों की अंश पूंजी से चलती है उसके द्वारा गेहूं खरीदी की जाती है उसका कमीशन जिला सहकारी बैंक द्वारा दिया जाता जिसमें एमडी श्रीवास्तव द्वारा समितियों से कमीशन मांगा जा रहा है।
11. अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा का जो नया आदेश सरकार ने दिया है उसे गाइर्ड लाइन के हिसाब से नही बाजार भाव से चार गुना मुआवजा दिया जावे।

#### किसानों की प्रमुख मांग

1. उज्जैन जिले की सभी तहसीलों के गावों में खरीफ 2025 की सोयाबीन फसल खराब हुई थी। सर्वे भी प्रशासन ने तहसील स्तर पर दल गठित कर करवाया था। रिपोर्ट के आधार पर जिले में बीमा रशि भी प्राप्त हुई। लेकिन कई ऐसे गांवों को जहां नुकसान हुआ था उन्हें बीमा राशि से वंचित कर दिया गया।
2. फसल के नुकसान के लिए सैटेलाईट डाटा को आधार मानकर क्लेम देने की पद्धति पर तुरंत रोक लगाई जाए।
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का कार्यालय तहसील स्तर पर हो एवं यहां जवाबदार कर्मचारी नियुक्त किया जाए।
4. जिले की सभी तहसीलों में जहाँ सिंचाई की कमी है ऐसे गांव में नर्मदा सिचाई पाइप लाइन विछाई जाए।

#### 73 लाख किसानों ने किनारा किया फसल बीमा से

- राष्ट्रीय स्तर से सामने आ रही खबरों के अनुसार पिछले दो सालों में देश में 73 लाख किसानों ने फसल बीमा योजना से किनारा कर लिया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को किसानों के लिए फसल खराब होने की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा कवच के रूप में शुरू किया गया था। लेकिन, योजना स्वैच्छिक होने के बाद कई राज्यों में इससे जुड़े किसानों की संख्या में गिरावट सामने आई है। महज दो साल में 73 लाख (29.6%) किसान योजना से निकल गए हैं। सबसे बड़ी शिकायत क्लेम के आकलन, पैसे देने में देरी और वास्तविक नुकसान के मुकाबले कम मुआवजा मिलने को लेकर है।
- फसल बीमा योजना 2016 में शुरू हुई थी। प्रचार-प्रसार में 10 साल में 664 करोड़ रु. खर्च हुए। शुरूआत में अधिसूचित फसलों के लिए कर्ज लेने वाले किसानों को लेना अनिवार्य था। 2020 में इसे स्वैच्छिक कर दिया गया। तबसे किसान किनारा करने लगे हैं। 2023 में देश में रिकॉर्ड 3.14 करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि बीमित थी। अब करीब 2.18 करोड़ हेक्टेयर बची है। खास बात यह है कि दो साल में योजना से बाहर होने वाले टॉप-6 राज्य भाजपा शासित हैं। पीएम फसल बीमा योजना के लिए 18 बीमा कंपनियां सूचीबद्ध हैं। इनमें 5 सरकारी हैं।

#### मंडी बंद, भड़के किसान, किया चक्काजाम

- रतलाम कृषि उपज मंडी रतलाम में मंडी अचानक बंद रहने और व्यापारियों द्वारा नीलामी न करने के विरोध में सोमवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित किसानों ने महू-नीमच फोरलेन पर मंडी के मुख्य द्वार के सामने बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने प्रशासन और व्यापारियों की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
- किसानों का आरोप है कि उन्हें पिछले दो दिनों से मंडी बंद रहने के बाद सोमवार को मंडी चालू होने का आधिकारिक मैसेज मिला था। मैसेज मिलने के बाद दूर-दराज के इलाकों से लगभग 1,200 ट्रॉली लहसुन और प्याज लेकर किसान मंडी पहुंचे। लेकिन वहां पहुंचने पर व्यापारियों ने नीलामी करने से साफ इंकार कर दिया और मंडी बंद रखने की बात कही। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि वे भारी-भरकम भाड़ा देकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपनी उपज बेचने आए हैं। एक दिन का भाड़ा ही 3,000 से 4,000 तक आ जाता है। ऐसे में बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक मंडी बंद कर देने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
- किसानों ने इस दौरान मांग रखी की नीलामी का बहिष्कार करने वाले और बार-बार मंडी बंद करने वाले व्यापारियों के लाइसेंस तुरंत निरस्त किए जाएं। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन और एसडीएम जिम्मेदारी से काम नहीं कर रहे हैं, इसलिए उन्हें मंडी प्रभार से मुक्त कर तहसीलदार को प्रभार दिया जाए। मंडी को तत्काल चालू कराकर सभी फसलों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाए। चक्काजाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन बाधित रहा। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने किसानों को समझाइश देने के बाद मंडी में नीलामी का काम शुरू हुआ।

#### जहांगीरपुर में आज जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना

ग्राम जहांगीरपुर बस स्टैंड स्थित माताजी मंदिर के पास मंगलवार, 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे कांग्रेस द्वारा जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। धरने में सड़क निर्माण में अनियमितता, अघोषित बिजली कटौती, कृषि उपकरणों की जब्ती, जर्जर सड़कों, फसल बीमा राशि के भुगतान तथा बढ़ती महंगाई सहित किसानों और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाई जाएगी। प्रदर्शन के बाद एसडीएम के नाम ज्ञापन इंगोरिया तहसील टप्पा कार्यालय के तहसीलदार को सौंपा जाएगा। कांग्रेस के विभिन्न संगठनों ने क्षेत्र के नागरिकों और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर जनसमस्याओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश, 25 उड़ानें कैंसिल

### एमपी-यूपी में बाढ़ जैसे हालात, वाराणसी में पुलिस चौकी डूबी, छत्तीसगढ़ में महिला पर बिजली गिरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**



दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। खराब मौसम के चलते दिल्ली एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 25 उड़ानें कैंसिल हो गई हैं और 380 लेट हैं।

यूपी के 19 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। प्रयागराज के दारागंज घाट का शमशान डूब गया, जिससे सड़कों पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के जबलपुर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में तेज बारिश हुई। अशोकनगर में युवक बाइक समेत बह गया। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट है। छत्तीसगढ़ के मुंगेली में पैदल जा रही एक महिला पर बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बिलासपुर में स्कूल से घर लौट रहे 3 बच्चे घोंघा नदी में बह गए।

### बिहार में सोमवार को भगदड़ मचने से एक दर्जन श्रद्धालु और कई पुलिसकर्मी घायल

**एजेंसी ▸▸ मधेपुरा**

बिहार के मधेपुरा में सावन महीने की चौथे सोमवार पर शिवभक्तों की भारी भीड़ के बीच प्रसिद्ध बाबा सिंहेश्वर धाम में एक दर्दनाक हादसा हो गया। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक की आतुरता में अचानक ऐसी अफरातफरी मची कि मंदिर परिसर में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। इस भीषण हादसे में जहां एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं, वहीं भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश में कई पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए।

### यूक्रेन को सीक्रेट मिसाइल तकनीक देगा ब्रिटेन

**एजेंसी ▸▸ यूक्रेन**

रूस के खिलाफ जंग में मदद के लिए ब्रिटेन यूक्रेन को अपनी सीक्रेट मिसाइल तकनीक देगा। इससे कीव में ही लंबी दूरी की स्काल्प क्रूज मिसाइल बनाने का रास्ता साफ होगा। ब्रिटेन में इस मिसाइल को स्टॉर्म शैडो कहा जाता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे। इसी दौरान मिसाइल तकनीक साझा करने का ऐलान किया गया है। वे राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। फ्रांस और यूक्रेन की योजना है कि इस साल के आखिर तक यूक्रेन में स्काल्प की उत्पादन लाइन शुरू की जाए। इससे यूक्रेन को मिसाइल की तकनीक समझने और उसे देश में बनाने में मदद मिलेगी।

### कॉकरोच जनता पार्टी का बड़ा एलान

## 5 सितंबर को इंडिया गेट से पुलिस मुख्यालय तक करेंगे मार्च

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर को दिल्ली में शांतिपूर्ण मार्च का एलान किया है। संगठन का आरोप है कि 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों पर सरकार ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाए हैं। मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें नीट से जुड़े मृत छात्रों के परिवार, पुलिस कार्रवाई के पीड़ित, छात्र और युवा संगठन शामिल होंगे। सीजेपी ने पांच सितंबर 2026 को नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन मार्च का एलान किया है। संगठन के मुताबिक मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा।




### आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप द्वारा

## रास्ता रोकने के लिए किया अवैध कब्जा और निर्माण


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



शहर के नामी कॉलोनाइजर द्वारा अधिवक्ता डीजी मिश्र की जमीन पर दीवार तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास और उनके रास्ते बंद करने हेतु अवैध दीवार का निर्माण करने की शिकायत आज थाना गांधीनगर में की गई है।

शिकायत के अनुसार गोम्मट गिरी चौराहे पर आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी हुई भूमि पिछले तीन दशकों से मिश्र परिवार की हैं, पिछले दिनों उनकी दीवार तोड़कर अवैध ट्रेस पास किया गया और मिश्र परिवार की जमीन हड़पने का प्रयास किया गया जिसकी शिकायत जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न स्तरों पर की गई है। इस संबंध में कॉलोनाइजर अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। आज पुनः आकाश ग्रीन और सार्थक विनायक समूह ने वहां स्थित चार दशक पुराना बबूल का पेड़ काटकर वहां रास्ता रोकने हेतु दीवार का अवैध निर्माण शुरू कर दिया। गांधीनगर पुलिस ने मौके पर मौजूद ट्रैक्टर और टैंकर ट्राली को जप्त कर जांच शुरू कर दी है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### विद्या के हालात प्रसन्नता लायक नहीं

हम लाख उन्नति और विश्व गुरू के दावे करते रहें लेकिन हमारी धरातल की हकीकत जब भी सामने आती है तो उसकी तस्वीर हमें डरा देती है। उस तस्वीर को देखने के बाद हमें तमाम दावे खोखले नजर आते हैं। उस व्यवस्था और तस्वीर से मात्र अधिकार जताने वाले ही हमारे हिस्से आना है कर्त्तव्य का बोध रखने वाले नहीं। हाल ही में शाजापुर जिले के एक क्षेत्र से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की जो स्थिति सामने उभरकर आई है वो डराने वाली है। यहां 8वीं के विद्यार्थी हिन्दी नहीं पढ़ पाए, तीसरी के विद्यार्थी सामान्य अक्षर नहीं पहचान पाए। ये स्थिति उन लोगों के सामने आई है जो शिक्षा के क्षेत्र में अहम ओहदा रखते हैं। इसके बाद औहदेदारों ने नाराजगी जता कर मामले की इतिश्री कर दी। इस स्थिति से यह बात साफ हो रही है कि आज भी शासकीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में मात्र धन व्यय हो रहा है। समाज को जो लाभ होना चाहिए वह उसे नहीं मिल पा रहा है। मात्र खर्च किया जा रहा है उससे मिलने वाले परिणामों को लेकर हम शून्य के स्तर पर हैं। मान भी लिया जाए की मात्र एक स्कूल में ऐसे हालात सामने आए हैं तो सवालों का ढेर हैं जिनके जवाब औहदेदारों के पास संभव है कि नहीं हो। सिर्फ यह प्रशासन ही नहीं अपितु शासन के लिए भी बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। हम उपलब्धियों पर जिस तरह से फूल कर कुप्पा हो जाते हैं वैसे ही हमें हमारी कमियों को भी पूरी गंभीरता से लेना ही होगा। आजादी के 80 दशक के दौरान हम अब तक सरकारी तौर पर शिक्षा का वो स्तर नहीं ला पाए हैं जो कि होना चाहिए था। विश्व गुरू के दावे करने वालों के यहां विद्या के हालात प्रसन्नता लायक नहीं हैं। परिणामों का विश्लेषण करने के दौरान हमें अपनी विफलताओं को भी पूरी तरह से सामने रखना होगा। ग्रामीण स्तर पर आज भी स्कूलों में बच्चे फसल कटाई के दौरान नहीं पहुंचते हैं उन्हें शिक्षकों को बुलाने जाना पडता है। इन हालातों के लिए आखिर कौन जिम्मेदार हैं। खुसूर-फुसूर है कि हालिया समय में ही पांचवी एवं आठवीं बोर्ड के पैटर्न पर कर दी गई है। जब बच्चों को हिन्दी पढ़ना ही नहीं आता है और सामान्य अक्षर भी वे नहीं पहचान पा रहे हैं तो फिर ऐसे में परिणामों की फेहरिस्त का प्रतिशत उच्च कैसे आ रहा है। सामने आए हालातों को देखते हुए ग्रामीण स्तर पर शिक्षा को लेकर मानिटरिंग को और अधिक गंभीरता के साथ अंजाम दिया जाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैनात अधिकारियों को स्कूलों के ग्रुप बनाकर जिम्मेदारी दी जाना चाहिए। साप्ताहिक रूप से छोटे से लेकर बड़े अधिकारी वहां पहुंचे और शिक्षा के स्तर में सुधार पर नजर रखें। अगर इस समस्या को लेकर अभी नहीं जागे तो हमारा भविष्य समस्याओं से घिरने में समय नहीं लगेगा।

## नैनो न्यूज

- **नागेश्वर जैन मंदिर** से निकला तपस्विनी का वरघोड़ा, तप अनुमोदना समारोह मनाया, श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन समाज मंदिर अरविंद नगर से सोमवार को तपस्विनी किमी बेन का वरघोड़ा निकाला गया।
- **पेंशनर्स एसोसिएशन** के प्रांतीय सम्मेलन में देवीशंकर तिवारी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, उज्जैन में हुए अधिवेशन में धारा 49-ए की बाधा समाप्त होने पर जताया हर्ष, समाज हित में काम करने का आह्वान
- **हिंदी कथा साहित्य में** नई जमीन तोड़ता है उपन्यास 'ढाई इंच पर दौड़ती जिंदगी', प्रेस क्लब में संतोष सुपेकर की कृति का विमोचन, लोको पायलटों के जीवन और संघर्ष का सजीव चित्रण
- **हिंदी दिवस** पर 7वां कहानी मेला 13 सितंबर को, मंच पर प्रस्तुति देंगे चयनित बच्चे, 11 सितंबर शाम 5 बजे तक भेजनी होगी वीडियो प्रविष्टि, विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार
- **भद्रा रहित मनेगा रक्षाबंधन**, 27 की रात ही समाप्त हो जाएगी भद्रा- डॉ. सर्वेश्वर शर्मा, 28 अगस्त को दिनभर रहेगा राखी बांधने का शुभ मुहूर्त
- **मुख्यमंत्री का जताया आभार**, सांसद और महापौर सहित शहर के गणमान्य नागरिक रहे मौजूद, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष मनोनीत होने पर सामाजिक संस्थाओं, प्रतिष्ठित नागरिकों एवं मित्र मंडली

## ट्रेंडिंग




# भक्तों ने किए बाबा महाकाल के चार स्वरूपों में दर्शन

## मंदिर प्रबंध समिति एवं प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं को 11 हजार पौधों का वितरण किया





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में भगवान के चार रूपों के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए हैं। इसके साथ ही सवारी के दौरान मंदिर प्रबंध समिति एवं प्रशासन ने पर्यावरण का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को 11 हजार पौधों का वितरण इस दौरान सवारी मार्ग पर किया गया है। सवारी में पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवताण्डव, नन्दी रथ पर श्री उमा महेश विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले और श्रद्धालुओं को दर्शन दिए।

श्रावण के अंतिम सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर के मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या रही है। सोमवार को भगवान रात 2.30 बजे जगाया गया और उसके उपरांत भस्मार्ती की गई। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम शुरू हो गया था।

### सवारी से पूर्व श्री चंद्रमौलेश्वर का पूजन

अपराह्न 4 बजे मंदिर के सभा मंडप में भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप का पूजन किया गया। इसके बाद रजत पालकी में भगवान को सवार कर नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर पालकी में विराजित भगवान को सशस्त्र गार्ड ने सलामी दी और उसके उपरांत पालकी के आगे-आगे गार्ड की टुकड़ी परेड करते हुए परंपरागत सवारी मार्ग पर आगे-आगे चले। रामघाट पर पालकी में सवार श्री चंद्रमौलेश्वर का मां शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया। इस दौरान दत्त अखाड़ा घाट से श्री पंच दशनाम जूना अखाडा ने भगवान की आरती की। श्रावण-भादौ मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की नगर भ्रमण पर निकलने वाली सवारियों के क्रम की शुरूआत इस वर्ष 3 अगस्त से हुई थी। इस वर्ष कुल 6 सवारियां निकाली जाना है। भादौ मास की शेष दो सवारी क्रमबद्ध आगामी सोमवार को निकाली जाएगी।

### पौधे वितरण के साथ पर्यावरण संदेश भी

मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार सावन की चतुर्थ सवारी के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। सवारी के दौरान समिति द्वारा 11 हजार पौधों का वितरण कर श्रद्धालुओं एवं आमजन को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। जनप्रतिनिधियों, समिति, प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों ने पौधों का वितरण इस दौरान किया। अभियान के माध्यम से प्रकृति की रक्षा, महाकाल की सच्ची भक्ति का संदेश दिया गया श्रद्धालुओं से प्लास्टिक का त्याग करने, एक पेड़ लगाने, मां शिप्रा को स्वच्छ रखने तथा निर्माल्य नदी में न डालकर निर्धारित पात्र में डालने की अपील भी इस दौरान की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने संदेश दिया कि आस्था भी, स्वच्छता भी—यही महाकाल की सेवा है। साथ ही जल है तो कल है, नदी है तो जीवन है एवं महाकाल के भक्त बनें, प्रकृति के रक्षक बनें के संदेश के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भाव जागृत किया गया।

# 12 दिन बाद उज्जैन में तेज बारिश

## दो-तीन दिन बारिश की संभावना, दिन का तापमान 32.8 डिग्री रहा







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में दिनभर तेज उमस और गर्मी से परेशान लोगों के लिए सोमवार शाम राहत भरी बारिश शुरू हो गई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया और तेज बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) से बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश के कई शहरों में बारिश का दौर जारी है।

उज्जैन में 12 दिन बाद हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। इससे पहले 12 अगस्त को शहर में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। सोमवार शाम करीब 6 बजे शुरू हुई तेज बारिश से दिनभर की गर्मी से लोगों को राहत मिली। सोमवार सुबह से ही लोग तेज गर्मी और उमस से परेशान थे। दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री दर्ज किया गया।वहीं, बीती रात न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री रहा। रविवार के मुकाबले सोमवार को अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री दर्ज किया गया था। शहर में अब तक 601 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। वेधशाला के अधीक्षक राजेंद्र गुप्त ने बताया कि आने वाले दो-तीन दिन इसी तरह तेज बारिश की संभावना बनी रहेगी।

# एमपी बॉडी बिल्डिंग की कमान उज्जैन के जितेंद्र सिंह कुशवाह के हाथों में



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश, मुख्यालय उज्जैन की 9वीं त्रिवार्षिक साधारण सभा एवं निर्वाचन बैठक इंदौर में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह को मध्य प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संस्था का अध्यक्ष चुना गया।

संस्था के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित जेठवा, उपाध्यक्ष इंजीनियर गजेंद्र मेहता, महासचिव अतिन तिवारी तथा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को सौंपी गई। संयुक्त सचिव पद पर पूर्व बॉडी बिल्डर अमित कनौजिया का चयन किया गया।

इस अवसर पर राज्य बॉडी बिल्डिंग इकाई की वेबसाइट का शुभारंभ भी किया गया। निर्वाचन बैठक में प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 73 से अधिक जिला पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान मध्य प्रदेश में एक राष्ट्रीय, एक वेस्टर्न इंडिया तथा छह राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित करने का संकल्प लिया गया। वहीं वर्ष 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया।

सम्मानित खिलाड़ियों में अफराज खान (मेन फिजिक, उज्जैन), राजीव साहू (बॉडी बिल्डिंग, ग्वालियर), प्रदीप ठाकुर (बॉडी बिल्डिंग, देवास), अरबाज खान (बॉडी बिल्डिंग, नीमच) तथा सुल्तान (अल्ताफ) (बॉडी बिल्डिंग, भोपाल) शामिल रहे। बैठक के आयोजन में शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आभार प्रदर्शन महासचिव अतिन तिवारी ने किया।

# 4 माह में उज्जैन आबकारी विभाग को 218 करोड़ रु. का राजस्व प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरकारी खजाने को बढ़ाने वाले उज्जैन आबकारी विभाग ने बीते 4 महीनों में 218 करोड़ रुपए की कमाई सिर्फ देशी विदेशी शराब बिक्री से की है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभाग को कुल 605 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य मिला हैं। जिसका 36 प्रतिशत राजस्व विभाग अब तक हासिल कर चुका हैं।

आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक एक अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 के बीच उज्जैन की 124 शराब दुकानों पर 30 लाख से अधिक देशी विदेशी और बीयर की बोतल बिकी हैं। जिससे विभाग ने 218 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया हैं। वहीं शराब के अवैध निर्माण, बिक्री तथा परिवहन रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। जिला आबकारी विभाग के अधिकारी मुकेश रांधा ने बताया कि उज्जैन आबकारी विभाग इस साल शराब बिक्री के निर्धारित लक्ष्य यानी 605 करोड़ रुपए के टारगेट को आसानी से अचीव कर उससे ज्यादा का रेवेन्यू जनरेट कर लेगा।

# मां नर्मदा के जल से किया महाकाल का जल अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्री राम मंदिर कोयला बाखल इंदौर श्री मालवीय रजक धोबी समाज इंदौर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंची उज्जैन पहुंचने पर मालवीय रजक जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा कावड़ यात्रा का किया स्वागत सत्कार किया गया। कावड़ यात्रा में प्रमुख रूप से राकेश मोदे, रूपेश मालवीय जीतू बड़वानिया अंकित भानोपिया, रोहित बडदिया, सुरेश बारिया कमल मालवीय राजेंद्र गंदे एवं मातृशक्ति युवा शक्ति सम्मिलित थे। यह यात्रा इंदौर श्री राम मंदिर से पूजन अर्चन करके इंदौर के प्रमुख मार्गों से होती हुई उज्जैन पहुंची यात्रा के दौरान जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत सम्मान किया गया। इसी क्रम में कावड़ यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर होटल शांति पैलेस चौराहा से मालवीय रजक जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्रमुख रूप से अध्यक्ष निलेश बिलोदिया श्याम लाल साकोनिया, किशोर पहलवान, राजेश नारोलिया, कैलाश सिसोदिया, रामजीलाल खालोटिया, महेश मालवीय, मनोज नाहर, विजय साजनिया, कृष्ण माइकल, सुमित सिसोदिया, अंकित डाबी, कुणाल मालवीय, योगेश बिंजवा, अंकित मालवीय, मनोहर साकोनिया आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता का उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के सचिव हितेश मालवीय ने दी।









सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में लापरवाही पर पाँच पर कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों में से पांच प्रकरणों का रेण्डम रूप से चयन कर उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की।

### अब एक चैट पर–इंदौर जिला प्रशासन की अनूठी डिजिटल पहल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन के संकल्प को साकार करते हुए इंदौर जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को शासकीय सेवाओं की जानकारी एवं सुविधाएं सरल, त्वरित और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रारंभ की गई एआई चैटबॉट एवं व्हाट्सएप सेवा अब नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक पहुंच का आसान और सुविधाजनक माध्यम बन रही है। इस डिजिटल पहल के माध्यम से नागरिक 9407035437 पर संपर्क कर विभिन्न शासकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा वर्तमान में उपलब्ध 41 सेवाओं तक आसानी से पहुंच बना सकते हैं। खास बात यह है कि लॉन्च के प्रारंभिक चरण में जहां लगभग 1,200 उपयोगकर्ता इससे जुड़े थे, वहीं अब इसकी पहुंच बढ़कर 6,897 सक्रिय उपयोगकर्ताओं तक पहुंच गई है।

### जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल का गठन

**इंदौर।** ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण एवं उनके विरुद्ध होने वाले शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, यौन एवं आर्थिक शोषण को रोकने के उद्देश्य से इंदौर जिले में जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल का गठन किया गया है। गठित सेल का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करना तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। समिति द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ होने वाले भेदभाव एवं उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का पंजीयन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान एवं परिचय पत्र जारी कराने में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### मुहूर्त के इंतजार में सार्वजनिक शौचालय



**इंदौर।** स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच वार्ड क्रमांक 15 स्थित प्रजापति दक्ष चौराहा एम आर 5 चौराहे पर एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां सार्वजनिक सुविधा के लिए बनाया गया सार्वजनिक शौचालय पूरी तरह तैयार दिखाई दे रहा है, लेकिन उसके मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है। राहगीरों का सवाल है कि आखिर यह शौचालय जनता के उपयोग के लिए बनाया गया है या किसी खास शुभ मुहूर्त के इंतजार में? दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग, सुंदर स्वच्छता संदेश और पूरा भवन तैयार होने के बावजूद शौचालय का उपयोग शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में क्षेत्रवासियों के बीच चर्चा है कि कहीं इसका उद्घाटन कराने के लिए कोई नेता जी का समय या शुभ मुहूर्त तो नहीं देखा जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक सुविधा का मतलब ही जनता को सुविधा देना है। यदि भवन तैयार है तो फिर इसके दरवाजे खोलने में देरी क्यों? अब सवाल यह है कि शौचालय का शुभारंभ किसी नेता के फीता काटने के बाद होगा या फिर जनता के धैर्य की परीक्षा पूरी होने के बाद? वार्ड 15 में तैयार सार्वजनिक शौचालय पर ताला देखकर लोग पूछ रहे हैं जनाब, मुहूर्त निकल गया क्या... या अभी भी उद्घाटन का ग्रह-नक्षत्र नहीं मिला?

## नैनो न्यूज

- **देवास – मंडी में गेहूं की आवक-** देवास मंडी में गेहूं सहित अन्य कृषि जिंसों की आवक जारी है। 23 अगस्त के अपडेट में गेहूं का भाव ?2510 तक दर्ज हुआ।
- **रतलाम – मंडी में लहसुन कारोबार-** रतलाम जिले की मंडियों में लहसुन समेत कृषि जिंसों का कारोबार जारी है। उपलब्ध ताजा आंकड़ों में लहसुन का अधिकतम भाव ?8995.89 क्विंटल दर्ज हुआ।
- **मंदसौर – लहसुन कारोबार प्रमुख-** मंदसौर कृषि उपज मंडी में लहसुन का कारोबार प्रमुख है। मंडी में बड़ी मात्रा में लहसुन की खरीद-बिक्री होती है और भाव पर व्यापारियों की नजर है।
- **नीमच – मंडी में अवकाश-** नीमच कृषि उपज मंडी में 24 अगस्त को सावन सोमवार के चलते नीलामी बंद है। अगस्त में कुल 12 दिन मंडी नीलामी बंद रहने की सूचना है।
- **धार – सब्जियों की आवक जारी-** धार मंडी में सब्जियों की आवक जारी है। उपलब्ध ताजा आंकड़ों में भिंडी का औसत भाव 1476 और करेला 1961 प्रति क्विंटल दर्ज हुआ।

सोयाबीन फसल के नुकसान के बावजूद कई गांवों को बीमा राशि से वंचित करने का आरोप, तहसील स्तर पर कार्यालय और नर्मदा सिंचाई पाइपलाइन की मांग

# फसल बीमा की अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय किसान संघ का धरना शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कथित अनियमितताओं और किसानों को फसल नुकसान के बावजूद बीमा राशि से वंचित किए जाने के विरोध में भारतीय किसान संघ जिला उज्जैन का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार, 24 अगस्त से शुरू हुआ। धरना दोपहर 12 बजे सिंहस्थ कार्यालय के सामने, कोठी महल परिसर में शुरू हुआ। संगठन ने जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर किसान शक्ति का परिचय देने का आह्वान किया है।

भारतीय किसान संघ का कहना है कि संगठन लंबे समय से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कमियों और अनियमितताओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराता रहा है, लेकिन किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

### सैटेलाइट डाटा आधारित मूल्यांकन पर सवाल

किसान संघ ने फसल नुकसान के आकलन और क्लेम निर्धारण में सैटेलाइट डाटा को आधार बनाने की पद्धति पर भी आपत्ति जताई है। संगठन की मांग है कि इस व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए और खेत में वास्तविक नुकसान के आधार पर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया जाए। संघ का तर्क है कि केवल तकनीकी या सैटेलाइट आधारित आंकड़ों के आधार पर फसल नुकसान का सही आकलन संभव नहीं है और इससे वास्तविक रूप से प्रभावित किसान बीमा लाभ से बाहर हो सकते हैं।

संघ के अनुसार खरीफ 2025 में उज्जैन जिले की विभिन्न तहसीलों के कई गांवों में सोयाबीन की फसल खराब हुई थी। फसल नुकसान का प्रशासन द्वारा तहसील स्तर पर दल गठित कर सर्वे भी कराया गया था।



संगठन का दावा है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जिले में बीमा राशि प्राप्त हुई, लेकिन नुकसान झेलने वाले कई गांवों के किसानों को बीमा राशि का लाभ नहीं मिल पाया। इससे प्रभावित किसानों में नाराजगी है।

### तहसील स्तर पर कार्यालय की मांग

भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए तहसील स्तर पर कार्यालय स्थापित करने की मांग भी उठाई है। संगठन के मुताबिक प्रत्येक तहसील में जवाबदार कर्मचारी की नियुक्ति होनी चाहिए, ताकि किसानों को बीमा संबंधी जानकारी, सर्वे, क्लेम और भुगतान से जुड़ी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

### सिंचाई सुविधा विस्तार की मांग



धरने में जिले के उन गांवों में सिंचाई सुविधा बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई है, जहां वर्तमान में सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। संघ ने मांग की है कि ऐसी तहसीलों और गांवों में नर्मदा सिंचाई पाइपलाइन बिछाई जाए, जिससे किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिल सके और वर्षा आधारित खेती पर निर्भरता कम हो। भारतीय किसान संघ ने किसानों से धरने में शामिल होकर अपनी मांगों को मजबूती देने की अपील की है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि किसानों की मांगों का उचित निराकरण होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

भोपाल का 90 डिग्री वाला विवादित ब्रिज:

# शुरू हुआ तो डेढ़ लाख लोगों का चक्कर बचेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

ऐशबाग का चर्चित 90 डिग्री रेलवे ओवरब्रिज अब सुधार के बाद लोगों के लिए, खुलने की दिशा में बढ़ रहा है। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की संशोधित डिजाइन के अनुसार मोड़ का घेरा बढ़ाने और वाहन चलने वाले हिस्से को चौड़ा करने का काम शुरू हो चुका है। करीब एक करोड़ रुपए के सुधार कार्य को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

ब्रिज शुरू होने के बाद ऐशबाग, महामाई का बाग, पुष्पा नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सबसे बड़ा फायदा मिलेगा। रेलवे लाइन के कारण जिन रास्तों पर अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है, वहां सीधा संपर्क उपलब्ध होगा। आसपास की करीब डेढ़ लाख आबादी को इससे सीधा फायदा मिलने का अनुमान है।

निर्माण के समय सरकारी स्तर पर इस आरओबी से करीब 3 लाख लोगों की रोजाना आवाजाही को राहत मिलने का दावा किया गया था। यह संख्या सीधे लाभार्थियों की नहीं, बल्कि संभावित दैनिक आवागमन से जुड़ा अनुमान है। ब्रिज शुरू होने पर पुराने भोपाल और नए शहर के बीच आवागमन आसान होने की उम्मीद है। आरओबी शुरू होने के बाद वाहन चालकों को रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन के गुजरने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे यात्रा का समय बचेगा और ऐशबाग क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम होने की उम्मीद है।

### अब 90 डिग्री मोड़ होगा ज्यादा आसान

ब्रिज की सबसे बड़ी समस्या उसका लगभग 90 डिग्री का तीखा मोड़ रहा है। अब संशोधित डिजाइन में इनर और आउटर रेडियस को 2 से 2.5 मीटर तक बढ़ाया जाएगा। मोड़ के प्रवेश और निकास हिस्से में कैरिजवे भी करीब 3 से 3.5 फीट चौड़ा किया जाएगा। अतिरिक्त स्लैब का भार संभालने के लिए नया पियर, लंबा पियर कैप और 1200 मिलीमीटर व्यास की पाइल फाउंडेशन बनाई जाएगी। रेलवे ट्रैक और बिजली की ऊपरी लाइन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है।

### दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य

मोड़ सुधारने के लिए रेलवे और लोक निर्माण विभाग के बीच करीब 10 महीने तक बैठकें चलीं। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की नई डिजाइन पर सहमति बनने के बाद अब मौके पर काम शुरू हो चुका है। निर्माण एजेंसी को ही सुधार की जिम्मेदारी दी गई है। ब्रिज शुरू होने के बाद सबसे बड़ा फायदा ऐशबाग-पुष्पा नगर क्षेत्र के लोगों को होगा। इसके साथ ही पुराने और नए भोपाल के बीच संपर्क सुधरेगा, रेलवे क्रॉसिंग पर इंतजार खत्म होगा और आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।

झरनेश्वर महादेव मंदिर जा रही थी

# बिजली का पोल गिरने से एक की मौत, दो घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी


औद्योगिक क्षेत्र मक्सी के दूसरे फेस स्थित पवन चक्की प्लांट के समीप सोमवार दोपहर को दर्दनाक हादसा हो गया। एक वाहन के बिजली के पोल से टकराने के बाद पोल वाहन के ऊपर जा गिरा। रास्ते से झरनेश्वर मंदिर जा रही तीन महिलाओं में से एक महिला इस हादसे का शिकार हो गई जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में श्यामूबाई पति ईश्वरलाल मालवीय (60), निवासी बरंडवा की मौके पर मौत हो गई। वहीं राधाबाई पति बाबूलाल (65), निवासी बरंडवा तथा कलाबाई पति सीताराम मालवीय (50), निवासी बरांडवा घायल हुई हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया।

बताया जा रहा है कि तीनों महिलाएं झरनेश्वर महादेव मंदिर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक काले रंग का वाहन बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे पोल महिलाओं के ऊपर गिर गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मक्सी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

# सरकारी दफ्तर में 'साहब' का शाही बर्थडे, हाथी पर एंट्री और नोटों जैसे केक का वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वल्लभनगर जोन के सहायक यंत्री का जन्मदिन शाही अंदाज में मनाए जाने का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विभाग के कर्मचारी और सहायक यंत्री के चाहने वाले उन्हें हाथी पर बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यालय में प्रवेश कराते नजर आ रहे हैं।



इसके बाद कार्यालय के बाहर डांस किया गया और 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियों जैसी डिजाइन वाले केक को काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया।

पूरा मामला मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वल्लभनगर जोन से जुड़ा है। यहां के सहायक यंत्री रविकांत मालवीय का जन्मदिन बीते सप्ताह मनाया गया। आमतौर पर रविवार को शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहता है, लेकिन इस आयोजन में बड़ी संख्या में कर्मचारी और सहायक यंत्री के परिचित शामिल हुए। सभी ने शाही अंदाज में सहायक यंत्री रविकांत मालवीय का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

### वायरल वीडियो से सुर्खियों में आया मामला

सरकारी कार्यालय में जन्मदिन मनाना अपने आप में कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस आयोजन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। वायरल वीडियो में कार्यालय के बाहर के साथ ही कार्यालय परिसर के अंदर भी सहायक यंत्री को जन्मदिन की बधाई दी जा रही है। इस दौरान राष्ट्रीय मुद्रा की तस्वीरों वाली डिजाइन का केक काटे जाने का दृश्य भी सामने आया है। मामले को लेकर मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री वी.के. मालवीय से बातचीत की गई। उनका कहना है कि विभाग में इस तरह जन्मदिन मनाना गलत है। सहायक यंत्री रविकांत मालवीय को नोटिस जारी किया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# गाड़ी पर युवक की हवाबाजी ने खींचा ध्यान

**इंदौर।** सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो ने एक बार फिर युवाओं के बीच हथियारनुमा वस्तुओं के प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में एक युवक वाहन पर बैठा नजर आ रहा है और उसके हाथ में बंदूक जैसी दिखाई देने वाली वस्तु हवा में लहराती नजर आ रही है। वीडियो में दिखाई दे रही वस्तु असली हथियार है या नकली, इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो में युवक जिस वाहन पर बैठकर कथित तौर पर गन जैसी वस्तु लहराता नजर आ रहा है, उसका नंबर MP09AZ8017 है। वीडियो सामने आने के बाद अब यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर हथियार जैसी वस्तु को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत क्या थी।

# कांवड़ यात्राओं के कारण इंदौर की सड़कों पर लगा जाम

### थमे रहे वाहनों के पहिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सावन के अंतिम सोमवार के कारण शहर में अलग-अलग स्थानों पर कांवड़ यात्राएं निकाली गईं। इस कारण मध्य क्षेत्र की कई सड़कों पर जाम की स्थिति रही। सड़कों पर ट्रैफिक रेंगता नजर आया। मिनटों में होने वाले सफर को पूरा करने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगा।

सोमवार को सावन के अंतिम सोमवार के मौके पर गांधी हॉल से राजवाड़ा तक महिलाओं की कांवड़ यात्रा निकाली गई। व्यस्त मार्ग से निकली यात्रा के कारण पहले एमजी रोड का ट्रैफिक प्रभावित हुआ। वाहन चालक जवाहर मार्ग का उपयोग करने लगे। इस कारण उस मार्ग पर भी ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया और वाहनों की रफ्तार रुक गई। वाहन गुत्थम-गुत्था होने लगे। मध्य क्षेत्र के राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, संजय सेतु, एमजी रोड, यशवंत मार्ग सहित अन्य मार्गों पर दोपहर में डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। चौराहों पर ट्रैफिक जवान भी तैनात थे, लेकिन वे भी ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करने में नाकाम रहे। दोपहिया वाहन चालक गलियों से होकर गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश करते रहे, लेकिन गलियों में भी वाहन फंसे नजर आए। कांवड़ यात्रा के कारण शहर के दूसरे मार्गों पर भी ट्रैफिक प्रभावित रहा। श्रमिक क्षेत्र में भी सोमवार को कांवड़ यात्रा के कारण नंदानगर मेन रोड का ट्रैफिक अवरुद्ध हुआ। मार्ग के एक हिस्से से यात्रा निकली और दोनों तरफ का ट्रैफिक एक ही लेन में चलने लगा।

विद्यार्थी, शिक्षक, संत, शिक्षाविद् और सामाजिक चिंतक होंगे सहभागी

# धर्म पर मंथन करने उज्जैन में जुटेंगे 24 राज्यों के 1700 युवा

## आयोजन युवा पीढ़ी और भारतीय मनीषा के बीच जीवंत संवाद का राष्ट्रीय मंच बनेगा

### युवा धर्म संसद : गीता भवन में 17 सितंबर से शुरू होगा तीन दिवसीय आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल की नगरी सितंबर में देश की युवा वैचारिक चेतना के बड़े केंद्र के रूप में सामने आएगी। यहां 24 राज्यों के 1700 से अधिक युवा एकत्र होकर धर्म, राष्ट्र, संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान और समकालीन जीवन की चुनौतियों पर मंथन करेंगे। अवसर होगा युवा धर्म संसद-2026 के षष्ठम अंक का। सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय आयोजन 17 से 19 सितंबर तक गीता भवन में होगा। विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षाविद्, संत, मनीषी और सामाजिक चिंतक इसमें सहभागी होंगे।

### भाषण नहीं, सवालों से होगा वैचारिक मंथन

युवा धर्म संसद की खासियत इसका संवाद आधारित स्वरूप होगा। युवाओं को केवल वक्ताओं को सुनने तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि वे धर्म, आधुनिकता, विज्ञान, शिक्षा, राष्ट्र और सामाजिक जीवन से जुड़े सवाल सीधे विद्वानों और संतों के सामने रख सकेंगे। इस तरह आयोजन युवा पीढ़ी और भारतीय मनीषा के बीच जीवंत संवाद का राष्ट्रीय मंच बनेगा।

### काशी से अवंतिका तक पहुंची वैचारिक यात्रा

युवा धर्म संसद की परंपरा देश के प्रमुख धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्रों को जोड़ते हुए आगे बढ़ी है। इसके पूर्व काशी, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार और कांचीपुरम में आयोजन हो चुके हैं। अब इसके षष्ठम अंक के लिए उज्जैन को चुना गया है। यह इसलिए क्योंकि उज्जैन केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञानपरंपरा की महत्वपूर्ण भूमि रही है। ज्योतिष, गणित, साहित्य, दर्शन और संस्कृत के साथ इसका गहरा संबंध रहा है। विक्रमादित्य की नगरी और सिंहस्थ की भूमि होने से इसकी सांस्कृतिक पहचान और व्यापक है। ऐसे में 24 राज्यों के युवाओं को यहां जुटाकर सनातन दृष्टि, आधुनिक सवालों और राष्ट्रचिंतन के बीच संवाद कराना आयोजन को विशेष अर्थ देता है।

**तीन दिन, तीन प्रमुख पड़ाव**

- 17 सितंबर- प्रदर्शनी का उद्घाटन और युवा पंचायत
- 18-19 सितंबर- व्याख्यान, प्रश्नोत्तर और संवाद सत्र
- सहभागिता- 24 राज्यों से 1700 से अधिक युवा
- स्थान- गीता भवन, उज्जैन

### धर्म को कर्मकांड से आगे समझने की कोशिश

आयोजकों के अनुसार संसद में धर्म को केवल पूजा-पद्धति या कर्मकांड के रूप में नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज, प्रकृति और समूची सृष्टि के प्रति कर्तव्य, उत्तरदायित्व, सदाचार और लोकमंगल की जीवन-दृष्टि के रूप में समझने पर विमर्श होगा। इसी दृष्टि को आज के युवा के सवालों से जोड़ना आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। तकनीक, वैश्वीकरण, शिक्षा, रोजगार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, सामाजिक उत्तरदायित्व और तेजी से बदलती जीवनशैली के बीच युवा नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। संसद में यह विमर्श होगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और सनातन जीवन-दृष्टि आज की इन चुनौतियों को समझने और समाधान खोजने में किस तरह उपयोगी हो सकती है।

संरक्षक आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज के मार्गदर्शन में सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत 17 सितंबर को प्रदर्शनी के उद्घाटन और युवा पंचायत से होगी। प्रदर्शनी में भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, दर्शन, शिक्षा और राष्ट्रीय जीवन से जुड़े विविध पक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। युवा पंचायत में देशभर से आए युवाओं को अपने प्रश्न, अनुभव और विचार रखने का अवसर मिलेगा। 18 और 19 सितंबर को मुख्य व्याख्यान और संवाद सत्र होंगे। इनमें विशेषज्ञ युवाओं से सीधे संवाद करेंगे।

## न्यूज कालम



## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठकों का दौर जारी

**आलीराजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आलीराजपुर के मार्गदर्शन में जिला आलीराजपुर एवं तहसील जोबट के समस्त न्यायालयों में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर अधिवक्ता संघ, विद्युत वितरण कंपनी तथा स्थानीय बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री नंदराम परमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री आर.पी. सेवेतिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जय पाटीदार, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शक्ति रावत, अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री राजेश वाघेला सहित अधिवक्तागण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिवक्ताओं से अधिकाधिक प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रेफर कर उनका निराकरण कराने में सहयोग की अपील की गई। वहीं बैंक अधिकारियों एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को बैंक/मनी रिकवरी, विद्युत बिल आदि से संबंधित अधिकाधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरण रेफर करने, लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा नियमानुसार छूट का लाभ देकर पक्षकारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

## शिवभक्ति में डूबी मातृशक्ति, 500 से अधिक महिलाओं ने उठाई कांवड़



**बाग।** सावन के पावन अवसर पर नगर में रविवार को श्रद्धा और शिवभक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। नागेश्वर भक्त महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित मातृशक्ति कांवड़ यात्रा में 500 से अधिक महिलाओं, युवतियों एवं बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवा ध्वजों के साथ निकली कांवड़ यात्रा में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया। यात्रा की शुरूआत नागेश्वर महादेव मंदिर से हुई। कांवड़िए नगर भ्रमण करते हुए लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय कर गंगाकुई धाम स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। रास्तेभर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। गंगाकुई धाम पहुंचने पर संत सूरजपुरी महाराज ने कांवड़ उठाकर यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद महिलाओं ने पवित्र नदियों के जल से भगवान महादेव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कांवड़ यात्रा के दौरान महिलाओं ने जबरेश्वर महादेव एवं मां बागेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन भी किए। आयोजन के दौरान मातृशक्ति की बड़ी भागीदारी ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता का भी संदेश दिया।

## एक हजार कांवड़ियों से गूंजा टांडा, हर-हर महादेव के जयकारों से शिवमय हुआ नगर



**टांडा (धार)।** पवित्र सावन मास में धर्म रक्षा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। नर्मदा तीर्थ मेघनाद घाट से पवित्र जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा में करीब एक हजार कांवड़िये शामिल हुए। कांवड़ियों के टांडा नगर में प्रवेश करते ही पूरा नगर च्हर-हर महादेवज्, च्बोल बमज् और च्भोले शंभू-भोलेनाथज् के जयघोष से गूंज उठा। भक्ति और उत्साह से सराबोर कांवड़ यात्रा ने पूरे नगर का माहौल शिवमय कर दिया। कांवड़ यात्रा में टांडा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ियों ने नर्मदा तीर्थ मेघनाथ घाट पहुंचकर पवित्र नर्मदा जल कांवड़ में भरा और भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए यात्रा प्रारंभ की। भगवा ध्वजों और कांवड़ के साथ श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। कांवड़ यात्रा के टांडा नगर में पहुंचने पर नगरवासियों ने विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार, जलपान व सहभोज सहित अन्य व्यवस्थाएं की गईं। यात्रा में शामिल कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवा, बुजुर्ग और ग्रामीण श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ यात्रा में शामिल रहे। टांडा पहुंचने के बाद कांवड़ियो ने ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धर्म रक्षा समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा की व्यवस्थाओं को संभालते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आईटीआई में प्रवेश 2026 हेतु पुन: पंजीयन/च्वाईस फिलिंग प्रारंभ

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि जिले की शासकीय आईटीआई बडवानी, पाटी, निवाली, राजपुर एवं पानसेमल में सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 6 सीएलसी राउण्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया 25 अगस्त से प्रारंभ होकर 29 अगस्त तक रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल/एमपी ऑनलाईन से या अपनी नजदीकी आईटीआई से नया पंजीयन और च्वाइस फिलिंग स्वेच्छा से अधिकतम 5 व्यवसाय के लिए च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। 1 अगस्त को संस्था के कार्यालयीन समय 10.30 बजे से 5.30 बजे तक आवेदक आईटीआई में स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक किसी एक आईटीआई की किसी एक ही व्यवसाय के लिए उपस्थिति दर्ज करवा सकेंगे। दिनांक 1सितम्बर को प्रातः 10 बजे आईटीआई में मेरिट सूची प्रदर्शित कि जावेगी एवं प्रातः 11 बजे से प्रवेश प्रारंभ किया जावेगा। यदि रिक्त सीटें रहती हैं तो वेटिंग लिस्ट के आवेदकों 3 सितम्बर को प्रातः 10 बजे मेरिट सूची प्रदर्शित कि जावेगी एवं प्रवेश दोपहर एक बजे से प्रारंभ किये जावेगे।

# सनावद में शिव डोले में उमड़ा आस्था का सैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



देवों के देव महादेव के भव्य नगर भ्रमण का ऐतिहासिक आयोजन रविवार को शिव डोला आयोजन समिति के तत्वावधान में भक्तिभाव और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भव्य शिव डोले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। झांझ, ढोल-ताशे, अघोरी, उज्जैन से आए तोपची और रंगारंग ध्वनि विस्तारक यंत्र यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहे।

बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर विधायक सचिन बिरला ने भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि और नगर वासियों के कल्याण की कामना की। इसके बाद महादेव पालकी में विराजमान होकर अपनी प्रजा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले। डोला निकलते ही मार्गों पर मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने च्हर-हर महादेवज् और च्जय शिवज् के जयघोष से वातावरण को शिवमय कर दिया। जगह-जगह पुष्प और गुलाल की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया। शिव डोला बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां श्रद्धालुओं द्वारा फलाहार, खिचड़ी, दूध, बूंदी और फलों की प्रसादी वितरित की गई। शिव डोले की एक झलक पाने के लिए सड़कों और चौराहों पर महिला-पुरुषों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

यात्रा में उज्जैन से आए तोपची, अघोरी तथा झांझ-ढोल-ताशों की गूंज ने श्रद्धालुओं में खासा उत्साह भर दिया। डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे भजनों के बीच शिवभक्त नाचते-झूमते नजर आए। पूरे नगर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

शिव डोले के मोरटक्का चौराहे पहुंचने पर आयोजन समिति और श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महादेव की विशाल आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

आयोजन की व्यवस्थाओं में शिव डोला समिति के संरक्षक विधायक सचिन बिरला, प्रमुख सदस्य नीलेश वर्मा, सतीश इंगले, दिलीप सकरोदिया सहित बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल, एसडीओपी अर्चना रावत, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव, पुलिस बल और नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाली।

भव्य शिव डोले ने एक बार फिर सनावद को शिवमय कर दिया। हर गली-मोहल्ले में गूंजते च्हर-हर महादेवज् के जयघोष के बीच श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## जाकिर अमी बने लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



लायंस क्लब इंटरनेशनल की वर्ष 2026-27 की महत्वपूर्ण स्थाई सेवा प्रकल्प प्रोत्साहन योजना के तहत सनावद के सक्रिय समाजसेवी एवं लायंस सदस्य जाकिर हुसैन अमी को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (परमानेंट प्रोजेक्ट) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी द्वारा की गई है। नई जिम्मेदारी के तहत जाकिर अमी वर्तमान में संचालित स्थाई सेवा प्रकल्पों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नए सेवा केंद्रों की स्थापना की दिशा में भी कार्य करेंगे। उनका उद्देश्य प्रत्येक क्लब और नगर में कम से कम एक स्थाई सेवा गतिविधि केंद्र विकसित करना है, ताकि जरूरतमंदों को निरंतर और व्यवस्थित रूप से सेवाएं उपलब्ध हो सकें। चेयरपर्सन जाकिर अमी ने बताया कि निमाड़ सहित पूरे डिस्ट्रिक्ट में लायंस क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवा से जुड़े अनेक स्थाई प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। इनमें शिक्षण संस्थान, स्कूल-कॉलेज, नेत्र चिकित्सा सेवाएं, हृदय जांच, भोजन सेवा केंद्र, मेडिकल उपकरणों की निःशुल्क उपलब्धता तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य शामिल हैं। सेंधवा, जावरा, खंडवा, मूंदी, रतलाम, धार, बुरहानपुर, राजपुर, महेश्वर, हरसूद सहित इंदौर में अन्नम रक्षाम जैसे सेवा प्रकल्प निरंतर संचालित हो रहे हैं। ये गतिविधियां लायंस क्लब की सेवा भावना को मजबूत करने के साथ उसकी सकारात्मक पहचान भी बना रही हैं।



## माहिष्मती बोल बम कावड़ यात्रा में गूंजा हर-हर महादेव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

धर्म, आस्था और शिवभक्ति से ओतप्रोत माहिष्मती बोल बम कावड़ यात्रा सोमवार को ओंकारेश्वर पहुंची। यात्रा संयोजक एवं महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में हजारों शिवभक्त कावड़ियों ने श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया और मां नर्मदा का पवित्र जल अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

माहिष्मती बोल बम कावड़ यात्रा शनिवार को महेश्वर स्थित मां नर्मदा तट से प्रारंभ हुई थी। हजारों शिवभक्तों ने मां नर्मदा का पवित्र जल कावड़ में भरकर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए पदयात्रा शुरू की। यात्रा महेश्वर से मंडलेश्वर, धरगांव, नांद्रा, कतारगांव, पिपलिया, बंजारी, बड़वाह एवं मोरटक्का होते हुए ओंकारेश्वर पहुंची।यात्रा का पहला पड़ाव कतारगांव में हुआ, जहां निमाड़ी लोकगीत गायक शिव भाई गुप्ता ने शिव भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद रविवार को कावड़ यात्रा बड़वाह के लिए रवाना हुई। बड़वाह के कृषि मंडी मे कावड़ यात्रा का दूसरा पड़ाव था ।

## समयावधि बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर निराकरण के दिये निर्देश



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समयावधि बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, राजस्व, खाद वितरण, संबल योजना, पेंशन, शिक्षा एवं आंगनवाड़ी सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने खाद से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने तथा खाद दुकानों एवं वितरण केंद्रों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में कृषि विभाग से संबंधित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समयसीमा में निराकरण नहीं होने पर सहायक संचालक कृषि सहित संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए ।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बंटवारा, कब्जा एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जांच कर पात्र एवं जायज शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों में वास्तविक स्थिति की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाए। लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश समस्?त अनुविभागीय अधिकारियों को दिए । बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद पंचायत आलीराजपुर में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में कार्य नहीं किया गया।

## क्षमता विकास कार्यक्रम का कक्षा शुभारंभ समारोह संपन्न

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के स्नातक एवं परास्नातक शैक्षणिक सत्र के कक्षा शुभारंभ समारोह का आयोजन पद्मश्री स्वर्गीय कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय, निवाली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल सिसोदिया रहे। विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद निवाली के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सोनी जी, भाजपा मंडल निवाली के मंडल अध्यक्ष श्याम पंडित, मंडल उपाध्यक्ष मधुकर अहीर जी एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड निवाली के ब्लॉक समन्वयक आपसिंह चौहान जी उपस्थित रहे।

## पानसेमल पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी का किया खुलासा

**पानसेमल।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पानसेमल क्षेत्र में हुई मोटर साइकिल चोरी के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी श्री बद्रीलाल अटोदे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पानसेमल श्री विजय रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

## बड़वानी में राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल के भव्य स्वागत की तैयारियां तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल के 26 अगस्त को प्रथम गृह नगर आगमन को लेकर बड़वानी में भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बड़वानी नगर के इतिहास में पहली बार किसी स्थानीय जनप्रतिनिधि को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किए जाने को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। स्वागत की तैयारियों को लेकर रविवार को भाजपा नगर मंडल बड़वानी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री पटेल के स्वागत कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा करते हुए विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंचों की जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि नगर में कुल 24 स्थानों पर स्वागत मंच बनाए जाएंगे। स्वागत मंचों के प्रभारी विकास यादव तथा सह प्रभारी संतोष मुलेवा को नियुक्त किया गया है। पी.जी. कॉलेज, वन विभाग क्षेत्र में जितेंद्र निकुम, अजा मोर्चा द्वारा एसपी ऑफिस के पास, जनपद पंचायत बड़वानी द्वारा शासकीय कन्या विद्यालय के पास तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मोटी माता चौक पर स्वागत मंच लगाया जाएगा।

## श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समिति की तैयारी बैठक सम्पन्न

**खंडवा।** श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ समिति, खंडवा के तत्वावधान में शहर में भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध कथावाचिका परमपूज्या देवी कृष्णप्रिया जी अपने श्रीमुख से भक्तों को कथा रसपान कराएंगी। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि इस भव्य धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान राजेन्द्रकुमार सुवालाल अग्रवाल एवं संतोषकुमार सुवालाल अग्रवाल (नयन एग्रो लिमिटेड, खंडवा) रहेंगे। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 1 सितम्बर 2026 से 7 सितम्बर 2026 तक आयोजित होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा।



## कावड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, 1500 से अधिक कावड़ यात्री हुए शामिल

**नेपानगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नेपानगर प्रखंड के ग्राम साडस से गुप्तेश्वर मंदिर खड़कोद तक आयोजित भव्य कावड़ यात्रा में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख दिनेश राठौड़ ने बताया कि इस भव्य कावड़ यात्रा में क्षेत्र के करीब 1500 से अधिक कावड़ यात्री शामिल हुए। कावड़ यात्रियों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा पूर्ण कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं फलाहारी जलपान की व्यवस्था कर कावड़ यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। पूरी यात्रा के दौरान भगवा ध्वजों और च्हर-हर महादेवज् के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। यात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भी कदम से कदम मिलाकर सहभागिता की। वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी नन्हीं कावड़ के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में परिचालित होगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ इंदौर

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा बांद्रा टर्मिनस और गोरखपुर के बीच नियमित रेल संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मौजूदा ट्रेन संख्या 05054/05053 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल को नियमित किया गया है। यह नियमित सेवा संशोधित ट्रेन संख्या 15086/15085 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में परिचालित होगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 15086 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा सोमवार को 6.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 29 अगस्त, 2026 से नियमित सेवा के रूप में परिचालित होगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 15085 गोरखपुरझ्रबांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 7.50 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 17,45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 28 अगस्त से नियमित सेवा के रूप में परिचालित होगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेनों के समय एवं रेक संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ऑटो डील शोरूम से एक फिल्मी अंदाज में 7 लाख की अर्टिगा कार चोरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर के सिंधी बस्ती बायपास स्थित आरके ऑटो डील शोरूम से एक फिल्मी अंदाज में 7 लाख की अर्टिगा कार चोरी हो गई। चोरी की पूरी वारदात में कैद हुई है। खास बात यह है कि चोरी से एक दिन पहले आरोपी ग्राहक बनकर शोरूम पर आया था। शोरूम संचालक राहिल खान के अनुसार 21 अगस्त की शाम 5 बजे दो लोग ग्राहक बनकर आए थे। उनमें से एक ने अर्टिगा कार का ट्रायल लिया, कीमत पूछी और यूपी की ह्लह्रष्ट के बारे में जानकारी ली। संचालक ने बताया कि ट्रांसफर यहीं होगा, यूपी की ह्लह्रष्ट नहीं मिलेगी। इसके बाद वे चले गए। दूसरे दिन 22 अगस्त की रात 1.38 बजे एक बदमाश शोरूम में घुसा। उसने गैस कटर या किसी अन्य औजार से सुरक्षा रेलिंग का लॉक तोड़ा और सीधे उसी अर्टिगा की तरफ दौड़ लगाई, जिसका दिन में ट्रायल लिया था। वह कार स्टार्ट कर फरार हो गया। संचालक ने बताया कि चोरी हुई कार 2021 मॉडल अर्टिगा है, जिसे मुंबई से 7 लाख में खरीदा गया था। चोरी के बाद शोरूम के और आसपास के ष्टष्टञ्जङ्क खंगाले गए तो कार ताप्ती ब्रिज की ओर जाते हुए दिखाई दी। पुलिस अब आगे के रूट के सीसीटीवी फुटेज तलाश रही है। पूरे मामले में दिन में आया ग्राहक और रात में चोरी की वारदात का कनेक्शन सबसे अहम कड़ी बन गया है। दिन में कार देखना और रात में उसी कार का चोरी होना रेकी की तरफ इशारा कर रहा है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि दिन वाला ग्राहक और रात वाला चोर एक ही है या दोनों में कोई संबंध है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

## मेघनाथ घाट से निकली धर्म जागरण समिति की कांवड़ यात्रा

**बाग।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं भगवान महाकाल के प्रति आस्था और श्रद्धा को समर्पित धर्म जागरण समिति की कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। मेघनाथ घाट से पवित्र जल भरकर हजारों आदिवासी श्रद्धालु कांवड़ लेकर टांडा की ओर रवाना हुए। बाग नगर में कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। धर्म जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित यह कांवड़ यात्रा पिछले ३४ वर्षों से लगातार वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में निकाली जा रही है। वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में बाग एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ कांवड़ यात्रा में भाग लिया।मेघनाथ घाट से जल भरकर निकले कांवड़ यात्रियों का बाग नगर में पहुंचने पर धर्मप्रेमी नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया गया। यात्रा के दौरान भगवान महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु टांडा पहुंचकर भोले बाबा का पवित्र जल से जलाभिषेक करेंगे।

पश्चिमी रेलवे रतलाम
डिवीजन
संशोधन
निविदा संख्या: आरटीएम-2026-27-85 (खुली)
जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 15/09/2026, दोपहर 3:00 बजे। कार्य का नाम: रतलाम में नागाड़ा स्टेशन के पीएफ संख्या 2, 3, 4 और 5 तथा दाहोद स्टेशन के पीएफ संख्या 1 पर गिट्टी रहित पटरी बिछाना। संशोधन: निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय: मौजूदा मूल्य: 04/09/2026 15:00 बजे संशोधित मान 15/09/2026, दोपहर 3:00 बजे। बोली प्रक्रिया शुरू होने की तिथि: मौजूदा मूल्य: 21/08/2026 संशोधित मूल्य 01/09/2026
एफेक्स/218
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: f facebook.com/WesternRly

शहर मेरा MP13 awantika.com
उज्जैन, मंगलवार
25 अगस्त, 2026


## न्यूज -कॉलम

### तमिलनाडू और खरगोन में मिली लापता बालिकाएं

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय बालिका 3 अगस्त को लापता हो गई थी, वहीं 15 अगस्त को 16 साल की बालिका के लापता होने का मामला भी सामने आया था। पुलिस ने मामला नाबालिगों से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बालिकाओं की तलाश के लिये एसआई योगिता उपाध्याय, एएसआई दिनेश निनामा, प्रभुलाल मुनिया, प्रधान आरक्षक चितरंजन डामोर, महिला आरक्षक ज्योति वर्मा, उस्मानी शबनम, सुनीता डामोर की टीम बनाई और सायबर सेल प्रभारी एसआई प्रतिक यादव की मदद से बालिकाओं की तलाश तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शुरू की। एक बालिका के तमिलनाडू के कोयंबटूर में होने का पता चलने पर पुलिस टीम दो हजार किलोमीटर दूर पहुंची और बालिका को दस्तयाब किया। दूसरी बालिका 300 किलोमीटर दूर खरगोन में होना सामने आई। उसे भी टीम दस्तयाब कर नागदा ले आई। दोनों बालिकाओं के बयान दर्ज करने पर 15 अगस्त को गई बालिका ने बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर रघु उर्फ राज प्रजापत से दोस्ती हुई थी, वह बहला-फुसलाकर खरगोन ले गया था, बालिका ने अपने साथ गलत होना बताया। पुलिस ने रघु को गिरफ्तार कर पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया है। दूसरी बालिका के बयान दर्ज करने पर भी उसके साथ गलत होना सामने आया है। आरोपी को राउंड अप कर लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा। दोनों बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### डोडाचूरा मामले में मंदसौर- चौमेला में दबिश

**उज्जैन।** 2.34 क्विंटल डोडाचूरा से भरी पिकअप छोडकर भागे पंजाब के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। उनकी निशानदेही पर मंदसौर और चौमेला में दबिश दी गई। जहां डोडाचूरा उपलब्ध कराने वालों की तलाश की जा रही है। 4-5 अगस्त की रात लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर अक्षत स्कूल के पास सडक किनारे नाले में फंसी प्याज से भरी पिकअप क्रमांक पीबी 11 डीएन 2621 में 8 प्लास्टिक की बोरियों में भरा 2 क्विंटल 34 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ था। पिकअप नम्बर और उसमें मिले दस्तावेजों के आधार पर 19 अगस्त को नागझिरी पुलिस पंजाब के सिंध से मेघासिंह और गुलबिंदरसिंह निवासी पटियाला को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। उन्होने चौमेला और मंदसौर से मादक पदार्थ लाना कबूल किया था। उन्होने मादक पदार्थ देने वालों के नाम भी पुलिस को बताये थे। दोनों को पुलिस मंदसौर और चौमेला लेकर पहुंची और डोडाचूरा देने वालों की तलाश में दबिश दी। पुलिस का कहना था कि आरोपियों की तलाश जारी है। दोनों के हिरासत में आने पर मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुडे अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सकती है।

### कार का कांच फोड़ने से मना किया तो मारा चाकू



**उज्जैन।** जयसिंहपुरा बंसी का बाडा में रहने वाला रितिक पिता संतोष राठौर कार ड्रायवर है, रविवार-सोमवार रात घर के बाहर कार खडी कर उसमें बैठा था उसी दौरान लक्ष्मण पिता प्रकाश आया और कार खडी करने की बात पर विवाद करते हुये कांच फोडने लगा। रितिक ने उसे रोकने का प्रयास किया तो लक्ष्मण ने चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महाकाल थाना पुलिस ने घायल रितिक की शिकायत पर चाकू मारने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि हमलावर घायल का रिश्ते में मामा लगाता है।

### रात 1 बजे किसान के सीने पर सांप ने डंसा, मौत

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम इसाकपुर में रहने वाला नटवरलाल पिता कैलाशचंद्र सोलंकी 50 साल रविवार-सोमवार रात घर में जमीन पर सोया हुआ था। रात 1 बजे के लगभग सीने पर जलन हुई तो आंख खुली, सीने पर सांप बैठा हुआ था। उसने सांप को को हाथ से हटाया और तत्काल परिजनों को सूचना दी, पास में रहने वाला अर्जुन कार लेकर आया और नटवरलाल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि नटवरलाल किसान था और कमरे में अकेला सो रहा था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 668-0 | 449-7 |
| मेन बाजार | 123-6 | 157-3 |
| कल्याण नाइट | 560-1 | 120-3 |
| मिलन डे | 190-0 | 237-2 |
| मिलन नाइट | 260-8 | 234-9 |
| मधुर डे | 459-8 | 256-3 |
| मधुर नाइट | 230-5 | 400-4 |
| शुभांक | 6 3 | 7 |

## 9 महिलाओं की चेन, एक का मंगलसूत्र, पर्स-मोबाइल उडाये....

# महाकाल की चौथी सवारी में 46 वारदात, 20 हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सावन माह के आखरी सोमवार को बाबा महाकाल की चौथी सवारी में शामिल होने लाखों श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंचे थे। आस्था की भीड में बदमाश भी सक्रिय रहे। नगर भ्रमण के बाद पालकी मंदिर पहुंची तो श्रद्धालुओं के साथ हुई वारदाते भी सामने आने लगी। 2 थाना क्षेत्र में 9 महिलाओं की चेन, एक का मंगलसूत्र और 36 श्रद्धालुओं के पर्स-मोबाइल गायब हो चुके थे।

3 अगस्त को सावन माह का पहला सोमवार होने पर बाबा महाकाल की सवारी निकाली गई थी। 10 अगस्त को दूसरा सोमवार और 17 अगस्त को तीसरे सोमवार के साथ नागपंचमी का पर्व था। 24 अगस्त को सावन का आखरी सोमवार था, शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से बाबा महाकाल प्रजा को दर्शन देने परंपरागत मार्ग पर नगर भ्रमण के लिये निकले। लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा की एक झलक पाकर दर्शन करने को आतुर थे। आस्था की भीड में हर सवारी की तरह बदमाशों की गैंग भी शामिल थी। पुलिस की कडी सुरक्षा-व्यवस्था होने के बावजूद भी बदमाशों ने मंदिर क्षेत्र से लेकर पूरे सवारी मार्ग पर वारदातों को अंजाम दिया। रात 8 बजे तक 2 थाना पुलिस के पास 46 श्रद्धालु अपने साथ हुई वारदात की शिकायत लेकर पहुंच चुके थे। महाकाल थाना पुलिस के पास 40 आवेदन पहुंचे थे। जिसमें 9 महिलाओं के गले से सोने की चेन गायब होना सामने आया था। 15 श्रद्धालुओं के पर्स चोरी हुये थे। वहीं 16 के मोबाइल भीड के बीच गायब हो चुके थे। खाराकुआ थाना क्षेत्र में 6 वारदात हुई थी।

जिसमें जबलपुर से आई महिला श्रद्धालु के गले से छत्रीचौक क्षेत्र में पालकी दर्शन के दौरान मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया था, 5 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की शिकायत पुलिस को मिली है। बताया जा रहा था कि महाकाल थाने पर कुछ ओर श्रद्धालु रात में अपना सामान गुम होने की शिकायत लेकर पहुंचे है।

**चोरी की शंका में महिला-पुरूषों से पूछताछ**

बताया जा रहा है कि आस्था की भीड में पुलिस ने 20 से अधिक महिला-पुरूषों को हिरासत में लिया है। जिन पर श्रद्धालुओं के साथ वारदात करने की शंका बनी हुई है। महाकाल पुलिस 16 और खाराकुआ पुलिस 4 से पूछताछ कर रही है। लेकिन किसी के पास से मोबाइल, पर्स और चेन की बरामदगी नहीं हो पाई थी। अंदेशा जताया जा रहा है कि वारदात के बाद चोरी किया सामान संदिग्धों ने अपने साथियों को थमा दिया था, जो भीड का फायदा उठाकर भाग निकले है। हिरासत में लिये गये सभी से उनके साथियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

**पहली सवारी में 4 महिलाओं की गई थी चेन**

3 अगस्त को बाबा महाकाल की पहली सवारी होने पर 6 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान चार महिलाओं के गले से हरसिद्धी मंदिर चौराहा पर चेन चोरी की वारदात होना सामने आया था। एक महिला श्रद्धालु ने लोगों की मदद से एक महिला को पकड लिया था। जिसके पास से चेन में लगा पेंडल बरामद हो गया था, लेकिन चेन नहीं मिल पाई थी। उस दौरान कई श्रद्धालुओं के मोबाइल भी चोरी हो गये थे। दूसरी सवारी में सवारी मार्ग पर 21 श्रद्धालुओं के मोबाइल पर्स चोरी होना सामने आया था। तीसरी सवारी के दौरान नागपंचमी का संयोग था, 12 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, इस दौरान 2 से 3 चेन और 50 से अधिक पर्स मोबाइल चोरी की वारदात सामने आई थी।

## लाइट चालू देख संचालक को हुआ शक...

# ताला तोड़कर चोरी करने गोदाम में घुसे थे 2 हिस्ट्रीशीटर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नमकीन गोदाम में चोरी करने घुसे 2 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को भागने से पहले ही घेराबंदी कर पकड लिया गया। गोदाम की लाइट चालू देख संचालक को शंका हुई थी। पुलिस ने दोनों को हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रविवार रात 11 बजे के लगभग वल्लभ भाई पटेल मार्ग पर रहने वाले जितेन्द्र पिता भंवरलाल जैन 48 साल ने सूचना देकर बताया था कि वह नमकीन का कारोबार करता है। उसका पांच बंगला पर गोदाम है। जिसमें चोरी की नियत से कुछ बदमाश घुसे है। पुलिस की डायल 112 तत्काल पांच बंगला पहुंच गई थी। जितेन्द्र जैन ने अपने परिचितों को बुला लिया था। गोदाम का ताला बाहर से टूटा था, पुलिस ने जैन के परिचितों के साथ घेराबंदी की और गोदाम में प्रवेश किया, जहां 2 बदमाश गोदाम में सामान की तलाशी लेते मिले। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। दोनों थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश माखन उर्फ माखनसिंह पिता उदयसिंह 29 साल और हिम्मतसिंह उर्फ हेमंतसिंह पिता दरबारसिंह 45 साल निवासी मोचीखेडा महिदपुर होना सामने आये। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश माखनसिंह के खिलाफ लूट, हफ्ता वसूली, चोरी करना, घर में घूसकर मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देने के 10 अपराध दर्ज है। वहीं हिम्मतसिंह पर 13 मामले लूट, हफ्ता वसूली, चोरी करना, एनडीपीएस, मारपीट, धमकी देने के दर्ज है। दोनों को गिरफ्तार करने में एएसआई राधेलाल निनामा , प्रधान आरक्षक नारायणसिह, आरक्षक सुखदेव, समरथ पाटीदार और डायल 112 के चालक दिनेश कुमावत के साथ गोदाम संचालक की भूमिका रही।

**बाइक लेने गोदाम आया था संचालक**

चोरी की नियत से गोदाम में घुसे बदमाशों की सूचना देने वाले गोदाम संचालक जितेन्द्र जैन ने पुलिस को बताया कि वह शाम को जल्द गोदाम बंद कर घर चला जाता है। रात में वह बाइक गोदाम के बाहर खडी कर चला गया था। रात में बाइक लेने पहुंचा तो उसने गोदाम की लाइट चालू देखी, शंका होने पर ताला देखा तो टूटा हुआ था। तत्काल उसने पुलिस और परिचितों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। जिसके चलते चोरी होने से बच गई।

# गोरकर परिवार हत्याकांड के 2 आरोपी की ओर गिरफ्तारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर हमला कर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने में शामिल 2 आरोपियों की गिरफ्तारी ओर की गई है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में समर्पण करने वाले आरोपी की निशानदेही पर पकडा गया है।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर पासी गिरोह के बदमाशों ने तलवार-चाकू, कट्टों से गोरकर परिवार पर हमला किया था और कई राउंड गोलियां चलाई थी। जिसमें सगे भाईयों लोकेश गोरकर और जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। दोनों के चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में तपन गोरकर की शिकायत पर 8 नामजद और अन्यों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से लगातार आरोपियों की तलाश जारी है। मामले में 18 अगस्त को एक आरोपी सन्नी पिता संतोष बोरासी निवासी जबरन कालोनी ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। जिसे 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने घटनाक्रम में हिमांशु उर्फ मामू निवासी राधा परिसर और पियुष उर्फ जोंटी निवासी इंदौरगेट आनंदगंज की झिरी के नाम बताये थे। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि दोनों आरोपियों को भी उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोशन पासी है, जिसके साथ रोहित और नरेश अब भी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

**कोर्ट में समर्पण कर चुके है 3 आरोपी**

दोहरे हत्याकांड के बाद से अब तक तीन आरोपी संजय पासी, वेदू पासी और सन्नी पासी कोर्ट में समर्पण कर चुके है। वहीं एक आरोपी नरेश पासी को पुलिस ने लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी और विवेक पिता दिनेश वर्मा को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। जिनके साथ अर्थव गर्ग, राकेश पासी, दुर्गेश पासी और मंजू उर्फ मीना बोरासी की अब तक पुलिस गिरफ्तारी कर चुकी है, सभी जेल में है।



### महाकाल की सवारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**उज्जैन।** सावन माह के चौथे सोमवार को निकली बाबा महाकाल की सवारी के साथ नागपंचमी पर महाकाल मंदिर और सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, यातायात और कानून व्यवस्था को बनाये रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा नीलकंठ द्वार पर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी तय की गई थी। उसी आधार पर सम्मानित करते हुये कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कार्य की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### भौम प्रदोष पर हाटकेश्वर महादेव का 32 दिव्य औषधियों से होगा अभिषेक

**उज्जैन।** पवित्र श्रावण मास के तहत भौम प्रदोष के पावन अवसर पर मंगलवार 25 अगस्त को हाटकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष महारुद्राभिषेक और सहस्त्रधारा का आयोजन किया जाएगा। हाटकेश्वर समिति द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में 75 विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का 32 दुर्लभ और दिव्य औषधियों से अभिषेक होगा। पूजन के बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। समिति के अनुसार विशेष मंत्रों और औषधियों से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति, ग्रह शांति और मानसिक क्लेश से राहत प्रदान करना है। समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि श्रावण मास में हाटकेश्वर समिति द्वारा हर सोमवार को भगवान महादेव का विभिन्न औषधियों से अभिषेक और शाम को फलाहारी भोग अर्पित किया जा रहा है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर दर्शन व पूजन का लाभ ले रहे हैं। भौम प्रदोष पर सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक अनुष्ठानों का क्रम जारी रहेगा। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक महारुद्राभिषेक, सहस्त्रधारा, रुद्राक्ष माला वितरण और महाप्रसाद का आयोजन होगा। वहीं, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक वैदिक हवन किया जाएगा। प्रदोष काल में भगवान महादेव का एक बार फिर विशेष औषधियों और पवित्र रसों से अभिषेक कर पूजन होगा।

### फेरी लगाकर चादर बेचने वाले पर ईंट से हमला

**उज्जैन।** पंजाब के जालंधर का रहने वाला आशीष पिता शंभुराम परिवार के साथ शहर में फेरी लगाकर चादर बेचने का काम करता है। परिवार ने नीलंगगा चौराहा पर किराये का मकान ले रखा है। सोमवार शाम परिवार की महिला से छेडछाड को लेकर आशीष का क्षेत्र में रहने वाले युवक से विवाद हो गया। युवक ने ईंट से हमला कर दिया, आशीष सिर में चोंट लगने पर घायल हो गया। उसे बचाने जीजा रोहित आया तो युवक द्वारा उसके साथ भी थप्पड-मुक्कों से मारपीट की गई। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस घायल आशीष के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर हमला करने वाले की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

## पशु चिकित्सक हत्याकांड में भतीजों से पूछताछ....

# जमीन के साथ रिश्ता तुड़वाने का भी सामने आया विवाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त डॉक्टर की शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक होना सामने आने पर पुलिस ने भतीजों को हिरासत में लिया है। जमीन विवाद के साथ रिश्ता तुडवाने की बात सामने आई है, लेकिन हत्या के पुख्ता सुराग नहीं मिल पाये है।

घट्टिया थाना क्षेत्र बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल की खून से सनी लाश रविवार सुबह घर में मिलना सामने आया था। गजराजसिंह पत्नी शिवाकुंवर के साथ अकेले रहते थे। घटनाक्रम सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में चाकू घटनास्थल से मिला था और हत्या रात 3 से सुबह 6 बजे के बीच होना प्रतीत हुआ था। पत्नी से पूछताछ के बाद सामने आया था कि गजराजसिंह का भाई-भतीजों से विवाद चला आ रहा था। कुछ दिन पहले भतीजे ने धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों भतीजों को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया। इस दौरान जमीन के साथ एक भतीजे का रिश्ता तुडवाने और कुछ उधारी के रूपयों को लेकर विवाद होने की बात उन्होने कबूल की, लेकिन हत्या करने से मना करने लगे। जिस तरह से मृतक और उसके भतीजों के बीच विवाद का पता पुलिस को चला है, उससे संदेह बना हुआ है कि हत्या में शामिल हो सकते है। लेकिन सोमवार शाम तक पुलिस का पुख्ता सुराग नहीं मिल पाया था। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से मिले चाकू पर फिगंर प्रिंट भी सामने नहीं आये है। जिससे शंका जताई जा रही है कि बडी चतुराई से हत्या का अंजाम दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल का कहना है कि हर बिंदू पर जांच की जा रही है। मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा है, आसपास लगे सभी जगहों के कैमरों को खंगाला जा रहा है। दोनों भतीजे हिरासत में है, जिनसे पूछताछ जारी है। जल्द ही हत्या में शामिल आरोपियों का पता लगा लिया जायेगा।

### विक्रम विवि और शंकरगढ़ टेकरी पर रोपे 116 पौधे

**उज्जैन।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आजादी पर्व के पखवाड़े के तहत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे वननेस वन अभियान के छठे चरण में व्यापक पौधरोपण किया गया। रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय परिसर और देवास स्थित शंकरगढ़ टेकरी पर सघन पौधरोपण हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज और निरंकारी राजपिता रमितजी के आशीर्वाद से देशभर की 630 से अधिक शाखाओं में यह अभियान संपन्न हुआ, जिसमें 2 लाख से अधिक पौधे लगाए गए। इसी क्रम में उज्जैन में विक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्राम भवन के सामने सुमन भवन के पास निरंकारी साध-संगत ने 80 पौधे रोपे, जबकि देवास की शंकरगढ़ टेकरी पर 36 पौधे लगाए गए।

इस अभियान में वृक्ष मित्र उज्जैन संस्था का भी विशेष सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष अजय भातखंडे ने बताया कि अब तक सघन वन पद्धति से लगभग 55 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। वृक्ष मित्र हर रविवार दो घंटे पौधों की देखभाल करते हैं, जिसमें खरपतवार हटाना, खाद-पानी देना और पौधे के वृक्ष बनने तक उसका संवर्धन करना शामिल है। रविवार की सेवा में निरंकारी समाज के सेवादारों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रमदान किया और यह संकल्प लिया कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को आकर पौधों की सेवा करेंगे। उज्जैन के मुखी त्रिलोक बेलानी ने बाबा हरदेव सिंह का संदेश साझा करते हुए कहा कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक है। यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का नहीं, बल्कि मानव चेतना को शुद्ध करने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रेरणा स्रोत है।

# ध्यान को यूं अपनाएं



वकीलों की जिंदगी बहुत ही उलझाव भरी होती है। उन्हें शांति की सबसे अधिक जरूरत होती है, लेकिन उनसे अगर आप ध्यान करने के लिए कहो, तो वे कहते हैं कि समय कहां है? इस व्यस्त जीवन में क्या वे ध्यान के लिए समय निकाल पाएंगे? वास्तव में, आजकल सबसे महंगी और दुर्लभ चीज कोई है, तो वह समय है। एक दफा किसी वकील ने ओशो से पूछा, ह्मैं ध्यान करना चाहता हूं, लेकिन हर समय व्यस्त रहता हूं। मैं नहीं जानता कि कैसे ध्यान किया जाए या इसे करने के लिए कब समय निकाला जाए? ओशो ने कहा, तुम्हें ध्यान के लिए अलग से समय निकालने की जरूरत ही नहीं है। मैं तुम्हें नहीं कहता कि तुम्हें अलग से इतने मिनट निकालना है। ध्यान तो कुछ इस तरह का होना चाहिए कि यह तुम्हारे सभी दैनिक कार्यों के साथ भीतर-भीतर चलता रहे। ध्यान कोई विधि नहीं है, ध्यान है हरेक काम को होशपूर्वक करना। जैसे, जमीन में कोई गड्ढा खोद रहे हो, बगीचे में गुलाब की नई झाड़ियां लगा रहे हो, दुकान पर काम कर रहे हो या फिर कोर्ट में कोई मुकदमा लड़ रहे हो, कोई भी कृत्य हो, उसे होश के साथ किया जाए, तो वह ध्यान बन जाता है। शुरूआत में यह थोड़ा कठिन होगा। आप बार-बार भूल जाएंगे, लेकिन हिम्मत नहीं हारिए। यदि चौबीस घंटों में आप चौबीस सेकंड के लिए भी होशपूर्ण हो सके, तो वही पर्याप्त है। इसका राज एक ही है- होश इसकी कुंजी है। आप एक सेकंड के लिए भी यह कर पाए, तो आपको कौशल आ गया। ध्यान धीरे-धीरे पूरे जीवन पर फैल जाना चाहिए। जब आप सोने जा रहे हैं, तब भी। अपने बिस्तर पर पड़े हैं, कुछ मिनट लगते हैं, नींद के आने में। उन कुछ मिनटों में मौन के प्रति, अंधकार के प्रति, विश्राम कर रहे शरीर के प्रति सजग हो जाओ। जब नींद पलकों पर उतरने लगे, तब होशपूर्ण बने रहो। उस वक्त तक, जब तक कि पूरी तरह से नींद में खो न जाओ। आजकल वाकई किसी के पास समय नहीं है। माना कि दिन पूरी तरह से व्यस्तताओं से भरा हुआ है, लेकिन रात? रात के छह या आठ घंटे तो ध्यान में बदले जा सकते हैं। जब आप स्नान कर रहे हैं, तब क्यों नहीं इसे होशपूर्ण करें? क्यों इसे यांत्रिक तरीके से किया जाए? फिलहाल आप ऐसे ही स्नान कर रहे हैं, जैसे रोबोट। आप हर दिन कर रहे हैं, लेकिन इस तरह जल्दी-जल्दी निपटाते हैं, जैसे कोई गैर-जरूरी काम में समय जा रहा है। धीरे-धीरे पूरे होश में हर काम करने से ध्यान के लिए अलग से समय का कोई सवाल ही नहीं रहेगा। यह आपके पूरे दिन पर फैल जाएगा, चौबीस घंटों के लिए। आपको यह पता नहीं है कि होश का साइड इफेक्ट है आनंद। होश सधा, तो आपके भीतर अकारण आनंद की लहर उठती रहेगी।

**सम्पादकीय**

## फिर स्वाइन फ्लू

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में फिर स्वाइन फ्लू के मामलों का बढ़ना चिंताजनक है और समाधान पूरी सावधानी से करना चाहिए। स्वाइन फ्लू मतलब एचवनएनवन वायरस के संक्रमण के चलते सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी भी जारी हुई है। लोगों से श्वसन संबंधी स्वच्छता का पालन करने, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने और फ्लू जैसे लक्षण दिखने पर चिकित्सा सलाह लेने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, अकेले राष्ट्रीय राजधानी में 1,777 से अधिक मामले सामने आए हैं। दिल्ली के आसपास के शहरों और मेरठ तक से शिकायतें आ रही हैं। यहां यह भी ध्यान देने की बात है कि अनेक मामले ऐसे होंगे, जो दर्ज नहीं हुए होंगे। अफसोस, गंभीर संक्रमण को भी अपने यहां सामान्य मानने की आम धारणा देखी जाती है, पर स्वास्थ्य विभाग ने ऐसी धारणा रखने वालों को एक तरह से चेतावनी दी है। कई बार मामूली लगने वाली तकलीफ भी बेकाबू हो जाती है। वैसे, यह सराहनीय बात है, केंद्र सरकार और दिल्ली प्रशासन ने निगरानी व अस्पतालों की तैयारियों को बढ़ा दिया है।

यह बदलते मौसम का समय है, कभी गर्मी, कभी उमस, तो कभी बारिश से मौसम का संतुलन बिगड़ा हुआ है। स्वाइन फ्लू और इन्फ्लूएंजा-ए के मामलों से सावधान रहने की जरूरत है। पिछले वर्ष भी ऐसे मौसम में स्वाइन फ्लू की शिकायत सामने आई थी, पर इस बार पीड़ितों की संख्या पांच गुना ज्यादा है। खास यह कि इस मौसम में स्वाइन फ्लू को अपेक्षाकृत ज्यादा खतरनाक माना जाता है। यह आर्द्र मौसम का समय है और जगह-जगह जलभराव की स्थिति रहती है, उससे भी फ्लू और वायरल रोगों को बल मिलता है। यहां फिर दोहरा दिया जाए कि स्वाइन फ्लू के लक्षण वायरल श्वसन रोगों के समान ही होते हैं। बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, सिरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगना, थकान और कमजोरी होने पर एक बार चिकित्सक से जरूर परामर्श करना चाहिए। सांस लेने में थोड़ी भी तकलीफ हो, तो जोखिम नहीं लेना चाहिए। ध्यान रहे, डॉक्टरों ने स्व-चिकित्सा न करने की सलाह दी है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को बहुत सावधान रहना चाहिए। मच्छरों को कोई मौका नहीं देना चाहिए और अपने आसपास स्वयं ही चिंता करनी चाहिए कि कहीं अनावश्यक जलभराव तो नहीं है। लोग सामान्य गंदगी या जलभराव की स्थिति में भी सरकार भरोसे क्यों बैठे रहते हैं?

### राहत के मार्ग तलाशे सरकार

# एथनाल पेट्रोल ने चीनी का बढ़ाया संकट

भारतीय बाजार में गन्ने से एथनाल के निर्माण ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इस गंभीर समस्या ने जहां चीनी को उम्मीद से ज्यादा महंगा कर दिया है, वहीं चीनी आयात करने की स्थिति भी पैदा हो गई है। केंद्र सरकार ने 10 साल में पहली बार चीनी आयात करने का फैसला लिया है। चीनी अब डॉलर देकर विदेश से मंगाई जाएगी। जबकि 2022 तक ईयू और यूएस को तय कोटा निर्यात के बाद यह प्रतिबंध लगाना पड़ता था कि अब और चीनी निर्यात नहीं की जाए। जिससे घरेलू मांग की पूर्ति आसान बनी रहे और चीनी महंगी भी न हो। अब यह स्थिति निर्मित हो गई है कि घर-घर में इस्तेमाल की जाने वाली चीनी का भंडार पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत कम हो गया है। इस कमी का प्रमुख कारण गन्ने का उपयोग एथनाल बनाने में किया जाना माना जा रहा है। भारत में अनाज से शराब पूर्व से ही बनाई जा रही है। खाद्य उपज से पेट्रोल और शराब का बड़ी मात्रा में निर्माण नीति नियंताओं की अदूरदर्शिता प्रकट करती है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

बीते दो माह के भीतर ही चीनी की कीमतें उछलकर 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आगे रक्षाबंधन, गणेश महोत्सव और कृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े त्यौहार हैं, जिनमें मिठाई और प्रसाद वितरण के लिए शकर की बड़ी मांग बनी रहती है। इसके तत्काल बाद नवदुर्गा, विजयादशमी और दीपावली जैसे बड़े पर्व हैं, जिनमें चीनी की सर्वाधिक खपत होती है। अतएव समय पर चीनी आयात नहीं हो पाती है तो चीनी के दाम आसमान छूने लग जाएंगे। हालांकि सरकार यह जता रही है कि पेट्रोल में एथनाल की मात्रा बढ़ाने से चीनी महंगी नहीं हुई है, बल्कि खराब मौसम के चलते गन्ने की फसल की कम पैदावार के कारण देश में चीनी का उत्पादन कम हुआ है। सरकार एक अन्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दामों में वृद्धि बता रही हैं। बावजूद सरकार ई-20 एथनाल पेट्रोल के उत्पादन पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि सरकार ने ई-10 यानी 10 फीसदी एथनाल मिश्रित पेट्रोल बनाने के सुझावों को सिरे से खारिज कर दिया है।




दरअसल देश में एथनाल उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़कर 2000 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष से ज्यादा हो गई है। एथनाल का यह उत्पादन 478 महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में लगे संयंत्रों में किया जा रहा है। जबकि पेट्रोल वाहनों में एथनाल मिला पेट्रोल उपयोग करने से वाहन खराब हो रहे हैं। इस कारण मौजूदा मांग उत्पादन से कम बनी हुई है। बावजूद उद्योगपति एथनाल निर्माण के नए संयंत्रों के निर्माण में लगे हैं। इस सेक्टर को बैंकों ने एक लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया हुआ है। अब सरकार की दुविधा यह है कि यदि पेट्रोल में ब्लेडिंग घटाई गई तो हजारों करोड़ के बैंक ऋण और देशी-विदेशी निवेश डूबने का संकट बढ़ जाएगा। ब्लेडिंग उस प्रक्रिया को कहते हैं, जिसके तहत एक तय मात्रा में बायो फ्यूल, यानी ई-20 या ई-10 प्रतिशत पेट्रोल में एथनाल मिलाया जाता है। हालांकि यह जीवाश्म ईंधन जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल है। इस जैव ईंधन को नवीकरणीय ऊर्जा माना जाता है। इस कारण दुनिया के देश जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाने में लगे हैं।

केअर एज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्श के अंत तक एथनाल उत्पादन क्षमता 400 करोड़ लीटर और बढ़ जाएगी। अर्थात कुल उत्पादन क्षमता करीब 2400 करोड़ लीटर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। जबकि 2014 में एथनोल का उत्पदान 421 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष होता था। जो अब चार गुना अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान पेट्रोल ब्लेंडिंग के लिए ई-20 पेट्रोल के लिए 1200 करोड़ लीटर एथनाल की जरूरत पड़ेगी। यही नहीं उद्योगों, फार्मा कंपनियों और रसायन क्षेत्रों में भी अधिकतम 350 लीटर एथनाल की मांग बनी हुई है। 2025 से देशभर में ई-20 पेट्रोल की बिक्री हो रही है। पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका-ईरान, रूस-यूक्रेन और इजरायल के युद्धों के चलते केंद्र सरकार ने मजबूरी में अप्रैल-2026 से एथनाल मिश्रित पेट्रोल बाजार में देने की शुरूआत की है। इधर एथनाल के नए संयंत्र लगाए जाने के कारण उद्योग जगत की मांग है कि ई-30 या उससे अधिक एथनाल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री देशभर में शुरू की जाए। फिलहाल देश में गन्ना, मक्का और अन्य अनाजों से बने एथनाल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए। क्योंकि यदि खाद्य सामग्री से बना एथनाल निर्यात होने लग जाएगा तो देश में खाने वाला अनाज की आपूर्ति में तो आएगी ही, उम्मीद से ज्यादा अनाज महंगा भी हो जाएगा। हालांकि वर्तमान में कृषि अवशेष और बायोमास से निर्मित एथनाल के निर्यात की अनुमति सितंबर 2025 से दे दी गई है। किंतु उद्योग जगत अपना फायदा देखते हुए मांग कर रहा है कि सरकार नेपाल और इंडोनेशिया देशों में निर्यात की संभावनाएं तलाशे ?

अनाज, फल और सब्जी आदमी के जिंदा रहने की बुनियादी शर्त हैं। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के लिए जरूरी बना दिए गए औद्योगिक उत्पादन और भोग-विलास के उपकरणों को ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों में फसलों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल दुनिया में हो रहा है। खाद्य संकट बनाए रखने के कारणों में यह एक प्रमुख कारण है। यदि जैविक ईंधन के लिए अनाज के प्रयोग को खुली छूट दे दी जाती है तो भारत में भूख का संकट गहराना तय है। वैसे भी वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की स्थिति अच्छी नहीं है। यह स्थिति भूख की गंभीर स्थिति दर्शाती है। ऐसे में वाहनों के उत्पादन को बढ़ाना और बैंकों के कर्ज के जरिए उनकी बिक्री आसान करना भूख की स्थिति को और गंभीर बनाएगी।

इस सिलसिले में ब्रिटेन की स्वयंसेवी संस्था ऑक्सफेम ने दुनिया में बढ़ रहे खाद्यान्न संकट के सिलसिले में चेतावनी दी है कि यदि अनाज से शराब और एथनॉल बनाना बंद नहीं किया तो 2030 तक खाद्यान्न की मांग 70 फीसदी तक बढ सकती है और अनाज की कीमतें भी दुगनी हो सकती हैं ? बावजूद देश की गरीब व लाचार आबादी की चिंता की बजाय भारत सरकार वाहनों के लिए एथनाल उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, तो यह चिंता का विशय है।

### वह नल बहुत याद आता है

कसबे से सटे गाँव रामपुर की मुख्य चौपाल पर बरगद के प्राचीन पेड़ के ठीक नीचे लोहे का एक पुराना और जंग लगा नल गड़ा हुआ था जिसकी हत्थी सालों से एक ही जगह पर अचल पड़ी थी जैसे सरकारी दफ्तरों में प्रमोशन की फाइलें पड़ी रहती हैं। उस नल के चारों तरफ पक्की ईंटों से बना गोल चबूतरा वक्त की मार और भ्रष्टाचार की नमी से काला पड़ चुका था पर गाँव के लोगों के लिए वह कोई मामूली ढाँचा नहीं बल्कि लोकतंत्र के सूखे गले का प्रतीक था। हर रोज ढलती दोपहर के साथ पंडित देवकी नंदन जी अपनी धुंधली आँखों पर सरकारी आश्वासनों जैसा मोटा चश्मा चढ़ाकर उसी चबूतरे पर अपनी जर्जर लाठी के सहारे आकर बैठ जाते थे जो शायद व्यवस्था की हड्डी से बनी थी। सफेद खद्दर का धोती कुर्ता पहने और हाथों में पीतल का एक जग थामे पंडित जी घंटों उस खामोश नल की टोटी को वैसे ही निहारते रहते थे जैसे कोई बेरोजगार युवक रोजगार समाचार के पन्नों को देखता है। गाँव का कोई भी इंसान जब चौपाल से गुजरता तो पंडित जी को उसी मुद्रा में बैठा देखकर चकित रह जाता था क्योंकि उस नल से बरसों से पानी की एक बूँद भी नहीं टपकी थी जैसे किसी ईमानदार आदमी के मुँह से गाली नहीं निकलती। पंचायत का नया सिपाही जब भी उधर से गुजरता तो अपनी वर्दी की नई अकड़ और पुरानी अक्ल के साथ पंडित जी से बड़े आदर से पूछता कि पंडित जी आप रोज इस सूखे लोहे के सामने अपना पीतल का बर्तन लेकर क्यों बैठ जाते हैं क्या आपको लगता है कि किसी दिन यह नल अचानक चुनावी वादों की तरह बहने लगेगा। देवकी नंदन जी बस अपने चश्मे को थोड़ा ऊपर खिसकाते एक हल्की सी कड़वी मुस्कान बिखेरते और अपनी कांपती आवाज में कहते कि बेटा पानी बहना तो एक भौतिक क्रिया है पर इस लोहे की खामोशी में इस पूरे गाँव के अभिमान और सच्चाई की वैसी ही गवाही बंद है जिसे सुनने के लिए कलेजा चाहिए और हमारे यहाँ कलेजे का इस्तेमाल सिर्फ दूसरों की बुराई सुनने के लिए होता है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 अगस्त 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:11 सूर्यास्त 18:47
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - द्वादशी 06:21 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - उत्तराषाढा 22:51 उपरांत श्रवण
योग - आयुष्मान 07:41 उपरांत सौभाग्य
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 11 तारिख

**मेष-** नौकरी में सप्ताह की शुरूआत व्यस्तता भरी रहेगी। काम का तनाव हावी न होने दें।

**वृषभ-** किसी बड़े सौदे पर हस्ताक्षर करने से पहले नियम व शर्तें ठीक से पढ़ें। पुराने विवादों को उठाने से बचें, तालमेल बिठाएं।

**मिथुन-** नए सौदे या क्लाइंट्स मिलने के योग हैं। मीडिया, संचार और मार्केटिंग के जातकों के लिए दिन फलदायी है।

**कर्क-** स्पष्ट बातचीत से गलतफहमियां दूर होंगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। बीच-बीच में आराम करें।

**सिंह-** कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या-** नया बिजनेस प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना बनेगी। व्यस्तता के कारण पार्टनर की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**तुला-** धन लाभ होगा, लेकिन खर्च भी साथ-साथ चलेंगे। एसिडिटी से बचें।

**वृश्चिक-** एकाग्रता से कठिन काम भी आसान हो जाएंगे। पुराने व्यावसायिक सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे।

**धनु-** रिश्तों में प्रगाढ़ता आएगी और एक-दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ेगा।

**मकर-** धैर्य से काम लें, मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। पुराने ग्राहकों से व्यापारिक लाभ संभव है।

**कुंभ-** काम की व्यस्तता के बीच पार्टनर के लिए समय जरूर निकालें। पैसों की स्थिति संतुलित रहेगी।

**मीन-** रचनात्मकता की सराहना होगी। नए व्यापारिक संबंध स्थापित होंगे। भावनात्मक रूप से मजबूती महसूस करेंगे।

# स्वास्थ्यः बारिश में डेंगू का संक्रमण बढ़ने का खतरा

बारिश के मौसम में मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जुलाई से अक्तूबर के बीच डेंगू और मलेरिया जैसे संक्रमण के मामले बढ़ने की आशंका रहती है। डेंगू की शुरूआत कई बार सामान्य वायरल बुखार जैसी ही दिखाई देती है, इसलिए मरीज और परिवार के लोग शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, कमजोरी, जी मिचलाना और उल्टी जैसी शिकायतें डेंगू में देखी जा सकती हैं। हालांकि केवल लक्षणों के आधार पर डेंगू की पुष्टि नहीं की जा सकती और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी होता है।

डेंगू संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। बारिश के बाद घरों और आसपास जमा साफ पानी मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर सकता है। ऐसे में पानी जमा होने वाली जगहों की नियमित सफाई और मच्छरों से बचाव के उपाय बेहद महत्वपूर्ण हो जाते हैं। दिन के समय भी मच्छरों से बचने के लिए शरीर को ढककर रखना और आवश्यकता के अनुसार मच्छररोधी उपाय अपनाना उपयोगी हो सकता है।

डेंगू के मरीज में कमजोरी और शरीर में दर्द होना आम लक्षण हो सकते हैं, लेकिन अगर कमजोरी अचानक बहुत ज्यादा बढ़ जाए और मरीज को उठने-बैठने में परेशानी होने लगे तो इसे सामान्य मानकर घर पर इंतजार नहीं करना चाहिए। अत्यधिक सुस्ती, बेचैनी या तेजी से बिगड़ती तबीयत भी चिकित्सकीय मदद लेने का संकेत हो सकती है। तेज बुखार के साथ पेट में गंभीर दर्द या पेट दबाने पर अधिक दर्द होना भी चिंता का कारण है। डेंगू के गंभीर मामलों में शरीर में तरल संतुलन और रक्तसंचार से जुड़ी जटिलताएं हो सकती हैं। इसलिए लगातार पेट दर्द या असामान्य बेचैनी होने पर डॉक्टर से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।




सांस सामान्य से बहुत तेज चलना या सांस लेने में परेशानी होना भी गंभीर संकेत माना जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज को घर पर केवल सामान्य बुखार समझकर इलाज करते रहना उचित नहीं है। चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्थिति की गंभीरता और आवश्यक उपचार तय किया जा सकता है। नाक या मसूड़ों से खून आना, उल्टी में खून दिखाई देना अथवा मल में रक्त आना भी डेंगू के गंभीर चेतावनी संकेतों में शामिल हो सकते हैं। बुखार के साथ इनमें से कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। अत्यधिक रक्तस्राव गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है।

डेंगू के इलाज में आमतौर पर लक्षणों को नियंत्रित करने, शरीर में पर्याप्त तरल बनाए रखने और जटिलताओं की निगरानी पर ध्यान दिया जाता है। बुखार या दर्द के लिए दवा डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही लेनी चाहिए। एस्पिरिन और आइबुप्रोफेन जैसी दवाओं का इस्तेमाल चिकित्सकीय सलाह के बिना नहीं करना चाहिए, क्योंकि कुछ परिस्थितियों में रक्तस्राव का खतरा बढ़ सकता है। तेज बुखार होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय डॉक्टर से परामर्श करना अधिक सुरक्षित है। बरसात में डेंगू से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, गमले, टंकियों और अन्य पात्रों की नियमित सफाई करें तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। बुखार आने पर पर्याप्त आराम और तरल पदार्थ लेना महत्वपूर्ण है, लेकिन गंभीर चेतावनी संकेत दिखाई देने पर घरेलू देखभाल तक सीमित रहना उचित नहीं है।

**समसामयिक**

## तिरंगा जाँ है मेरी, मेरा भारत प्यारा


(1) ये, गाँव, मेरा, ये, देश, मेरा, मुझे जाँ-- से प्यारा इसकी माटी से,
इसकी जंमी से, इसकी नदीं से, इसकी गली से, रिश्ता -- प्यारा -- तिरंगा
जाँ है मेरी, मेरा-भारत प्यारा ----ये गाँव मेरा ये देश मेरा,
(2) इसकी ----- नदियों में, पानी नहीं, बैहती है, अमृत की
गगां, की, लहरों से, खेलें, सभी, केसा रिश्ता है, गेहरा ये प्यारा धारा
इसली गलियों में, पीपल की, छईयाँ----इसके बागों में,
फुलों की बगिया
रिश्ता प्यारा -- तिरंगा रर-- जाँ है, मेरी, मेरा भारत प्यारा
ये गाँव, मेरा ये, देश, मेरा,
(3) इसके, खेतों में, धान नहीं, केसा, बिखरा पड़ा है,
जी सोना------खेतो, में, चिड़ियाँ, फुरफुर्र.. उड़े
मीठी-मीठी-सी, अम्बुआँ की, छईयाँ इसके, खेतो में, पैडौ,
की, छईयाँ-पानी का पनघट - शीतल - पुरबईयाँ-
रिस्ता - प्यारा - तिरंगा - जाँ है, मेरी, मेरा भारत प्यारा
ये गाँव मेरा ये देश मेरा,
(4) इसकी, गलियों में, गुजरा है, बचपन हम सबका--सारा -इसका सारा,
सोने, की, चिडियाँ फुर्र - फुर्र - उड़े, खुला --- आकाश, हो
(5) सारे, जहाँ, में, सारी, जंमी पर, ---- सारे जहाँ में, सारी, जंमी पर,
लेहरायेगा---तिरंगा जां-है, मेरी, मेरा भारत प्यारा, -------
(6) ये गाँव मेरा, ये-देश, मेरा, मुझे जाँ से प्यारा -------
इसकी माँटी, से, इसकी जंमी से, इसकी नदी से, इसकी गली से ---रिश्ता
प्यारा -------
तिरंगा जाँ है, मेरी,--- मेरा भारत प्यारा



कु. वर्षा जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

## अनुच्छेद

केशर की क्यारियां
खिल उठी
महक बिखरी चारों ओर
दफन हो गई
बारूदी गंध से सनी
आबो हवा
बर्फीले पहाड़
चीड़ देवदार भी खुश
कश्मीर निखरा
जो बिखरा था
आतंकी सायों से
बाशिन्दे किसी की शह पर
कुछ चलते
गलत राहों पर
अब हुए
दबाव से मुक्त
अनुच्छेद से खुश
लहराते तिरंगे के संग
राष्ट्रीय गीत
राष्ट्रीय पर्वों पर
जम्मू कश्मीर
लेह लद्दाख के संग
मिलकर गाएंगे
एकता ,भाईचारे का
ये संदेशा दुनिया को बतायेंगे
अमन की दुनिया में
केशर की क्यारियां।
फिर से सजायेंगे



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

**धर्म-आस्था**

# आस्था का सम्मान, लेकिन गलत बातों पर सवाल जरूरी

धर्म मनुष्य के जीवन में केवल पूजा-पद्धति या कर्मकांड का विषय नहीं है। वह उसकी आस्था, संस्कृति, नैतिकता, परंपरा और जीवन-दृष्टि से जुड़ा हुआ विषय है। धार्मिक ग्रंथों ने हजारों वर्षों से समाज को नैतिक मूल्यों, कर्तव्य, करुणा, संयम, सत्य और परोपकार का संदेश दिया है। यही कारण है कि करोड़ों लोग धार्मिक पुस्तकों को श्रद्धा के साथ पढ़ते और अपने जीवन में उनसे प्रेरणा लेते हैं। लेकिन श्रद्धा का अर्थ यह नहीं हो सकता कि किसी भी पुस्तक में लिखी प्रत्येक बात को बिना प्रश्न किए, बिना संदर्भ समझे और बिना तर्क की कसौटी पर परखे स्वीकार कर लिया जाए।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज सबसे जरूरी प्रश्न यही है कि क्या धार्मिक पुस्तकों में लिखी हर बात को अक्षरशः सत्य मानना चाहिए? यदि किसी कथन में ऐतिहासिक परिस्थिति की छाप है, यदि वह किसी विशेष सामाजिक व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है, यदि उसका अर्थ आज के संदर्भ में अलग हो गया है या यदि किसी कथन की व्याख्या मनुष्य के बीच भेदभाव को बढ़ावा देती है, तो उस पर सवाल उठाना क्या धर्म-विरोध है? निश्चित रूप से नहीं। सवाल करना ज्ञान की पहली सीढ़ी है और स्वस्थ समाज की पहचान भी।

धर्म और आलोचनात्मक चिंतन को एक-दूसरे का विरोधी मानना एक बड़ी भूल है। आस्था व्यक्ति का निजी विश्वास हो सकती है, लेकिन जब किसी धार्मिक विचार की व्याख्या सार्वजनिक जीवन, कानून, शिक्षा, सामाजिक संबंधों या नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने लगे, तब उस विचार पर सार्वजनिक विमर्श स्वाभाविक और आवश्यक हो जाता है। लोकतंत्र में किसी विचार को केवल इसलिए आलोचना से मुक्त नहीं किया जा सकता कि वह धार्मिक संदर्भ से आया है। यहाँ एक महत्वपूर्ण अंतर समझना होगा–धर्म की आलोचना और धार्मिक व्यक्ति का अपमान अलग-अलग बातें हैं। किसी धार्मिक पुस्तक के किसी कथन, उसकी व्याख्या या उसके सामाजिक प्रभाव पर प्रश्न उठाना किसी धर्मावलंबी के सम्मान को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से नहीं होना चाहिए। आलोचना विचार की होनी चाहिए, व्यक्ति की नहीं। तर्क का जवाब तर्क से दिया जाना चाहिए, भावनात्मक आक्रोश से नहीं।

हमारे समाज में अक्सर यह प्रवृत्ति दिखाई देती है कि जब किसी धार्मिक ग्रंथ की किसी बात पर प्रश्न उठता है तो चर्चा का केंद्र उस प्रश्न का उत्तर देने के बजाय प्रश्न पूछने वाले की नीयत बन जाती है। उसे धर्म-विरोधी, परंपरा-विरोधी या समाज-विरोधी कह दिया जाता है। इससे संवाद बंद होता है और कट्टरता बढ़ती है। यदि किसी प्रश्न का उत्तर उपलब्ध है तो उसे शांतिपूर्वक सामने रखा जाना चाहिए। यदि किसी कथन की अलग-अलग व्याख्याएँ हैं तो उन पर चर्चा होनी चाहिए। और यदि कोई बात ऐतिहासिक संदर्भ में थी, तो उसके संदर्भ को समझाया जाना चाहिए।

धार्मिक ग्रंथों को उनके समय और परिस्थितियों से काटकर पढ़ना भी समस्या पैदा कर सकता है। हजारों वर्ष पहले का समाज आज के समाज जैसा नहीं था। उस समय की सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान, परिवार व्यवस्था और आर्थिक परिस्थितियाँ अलग थीं। इसलिए किसी प्राचीन कथन का अर्थ समझने के लिए उसके मूल संदर्भ, भाषा, प्रतीकों और तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों को समझना आवश्यक है। आधुनिक समय में उसी कथन की शाब्दिक व्याख्या करने से कई बार ऐसी धारणाएँ पैदा हो सकती हैं जो मूल संदर्भ से बिल्कुल अलग हों।

इसीलिए धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन केवल श्रद्धा से नहीं, बल्कि ज्ञान, इतिहास, भाषा और दर्शन की दृष्टि से भी होना चाहिए। श्रद्धा मनुष्य को प्रेरणा देती है, जबकि विवेक उसे सही अर्थ समझने में सहायता करता है। दोनों का संतुलन समाज को अधिक परिपक्व बनाता है। सबसे संवेदनशील विषय तब सामने आता है जब किसी धार्मिक कथन की व्याख्या के आधार पर स्त्री-पुरुष असमानता, जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, हिंसा, सामाजिक बहिष्कार या किसी वर्ग के प्रति घृणा को उचित ठहराने का प्रयास किया जाता है। आधुनिक लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद समानता, स्वतंत्रता, गरिमा और न्याय पर है। इसलिए कोई भी व्याख्या यदि मनुष्य की गरिमा को कम करती है तो उस पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,52,800 रवा- 1,52,500 चांदी- टंच- 2,36,500 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाजापुर।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बहादुर सिंह को किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर शाजापुर की ओर जा रहे थे, तभी सतगांव के पास सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बहादुर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

## देवास में ट्राले की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**देवास।** भोपाल बायपास पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों सोनकच्छ के पास इलाज कराकर लौट रहे थे और एक ट्राले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उज्जैन जिले के पासलोद निवासी राधेश्याम चौधरी (55) अपने साथी गोपाल प्रजापत (50) के साथ सोनकच्छ के पास बीसा खेड़ी इलाज के लिए गए थे। वहां से वापस लौटते समय भोपाल बायपास पर उनकी बाइक को ट्राले ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों ट्राले के नीचे आ गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था।

## अटल कॉलोनी में मकान का ताला तोड़कर चोरी

**आगर मालवा।** अटल कॉलोनी में सुने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। परिवार 20 अगस्त को ग्राम लाड़वन में आयोजित पगड़ी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। फरियादी जितेंद्र बेगाना ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 9 बजे पड़ोसी ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। घर पहुंचने पर अंदर सामान बिखरा था।

## 80 छात्राओं का नि:शुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण किया

**आगर मालवा।** भारत विकास परिषद शाखा आगर मालवा ने एनीमिया मुक्त अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया। इसमें करीब 80 छात्राओं की जांच की गई। परिषद अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी ने छात्राओं को एनीमिया के कारण, लक्षण और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य अभिलाषा श्रीवास्तव सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### शुजालपुर से इंदौर-भोपाल तक दबिश, इंजेक्शन में स्मैक मिलाकर नशे का आरोप

# अवैध रूप से एविल इंजेक्शन बेचने वाले ताहिर पर रासुका का शिकंजा, गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

बिना वैध डिग्री और स्वास्थ्य विभाग की अनुमति के क्लिनिक संचालित कर उपचार करने तथा अवैध रूप से एविल इंजेक्शन बेचने के मामले में पुलिस ने ताहिर हुसैन 24 निवासी नुरपुरा, शुजालपुर सिटी को रासुका के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की गतिविधियां लोक व्यवस्था और जनहित के लिए गंभीर खतरा पाई गईं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम रासुका के तहत कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी निरीक्षक इनिम टोप्पो के नेतृत्व में टीम ने शुजालपुर, इंदौर, भोपाल सहित अन्य संभावित स्थानों पर दबिश दी। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने 22 अगस्त को ताहिर हुसैन को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक इनिम टोप्पो, प्रधान आरक्षक योगेन्द्रसिंह गुर्जर, निहालसिंह छायल, आरक्षक रामेश्वर दांगी, राहुल सौंधिया, रामबाबू सिसौदिया, योगेन्द्रसिंह, सतीश मेवाड़ा, मनीष शर्मा, मनोज यादव, सोहन देथलिया, महिला आरक्षक संध्या राजपूत, रीना राजपूत तथा साइबर सेल के आरक्षक रोहित बिलावलिया, अनिल सक्सेना एवं राजेश दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**इंजेक्शन में स्मैक मिलाकर नशे का आरोप**

पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथियों के माध्यम से एविल इंजेक्शन में स्मैक पाउडर मिलाकर युवाओं को नशे की ओर धकेलने की गतिविधियों में संलिप्त था। इससे नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव के साथ गंभीर बीमारियों के संक्रमण का खतरा भी उत्पन्न होने की बात सामने आई। आरोपी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

### सवर्ण समाज का शक्ति प्रदर्शन

# आर्थिक आधार पर आरक्षण और एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

आरक्षण व्यवस्था को जाति के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करने और एससी-एसटी एक्ट के कथित दुरुपयोग की मांग को लेकर को शाजापुर में सवर्ण समाज सड़कों पर उतर आया। समाजजनों ने दोपहर करीब 1 बजे बस स्टैंड से शुरू होकर नई सड़क होते हुए आजाद चौक तक एक विशाल रैली निकाली और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्केल को ज्ञापन सौंपा।

सवर्ण एकता मंच द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में समाज की कई प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि जातिगत आरक्षण की तुरंत समीक्षा कर इसे केवल आर्थिक स्थिति व वास्तविक जरूरत के आधार पर ही लागू किया जाए। इसके साथ ही, निर्दोषों पर हो रहे कथित अत्याचार को रोकने के लिए एससी-एसटी एक्ट के वर्तमान प्रावधानों की समीक्षा करने और उच्च शिक्षा एवं यूजीसी से जुड़े हालिया नियमों को वापस लेने की मांग की गई, ताकि सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सकें।



इसके अलावा सवर्ण समाज के अधिकारों, सम्मान और धार्मिक भावनाओं की रक्षा के लिए जल्द से जल्द 'सवर्ण आयोग' के गठन की बात भी ज्ञापन में शामिल है। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना परिवार के प्रदेश संगठन मंत्री अजित सिंह डोडिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे सवर्ण आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगे की आंदोलनकारी रणनीति दिल्ली के साथियों के साथ मिलकर बनाई जाएगी। डोडिया ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों में सवर्ण समाज केवल उसी राजनीतिक दल का समर्थन करेगा, जो उनके हितों की बात करेगा। रैली के समापन पर आजाद चौक पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार तक कड़ा संदेश पहुंचाने के लिए क्षेत्रीय मंत्री, विधायक और सांसद के नाम दो मिनट का प्रतीकात्मक मौन भी धारण किया।

# शैक्षिक संवाद में कक्षा से जुड़ाव पर हुई सार्थक चर्चा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र बालक नगर शुजालपुर में कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले टीचर्स का शैक्षिक संवाद कक्षा से जुड़ाव जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल विषय पर शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से पधारे 17 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात मेरी कहानी, विद्यार्थियों की जुबानी गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। संवाद के दौरान राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सुझाए गए विभिन्न विषयों पर विद्यालय एवं कक्षा के परिप्रेक्ष्य में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

कक्षा से जुड़ाव विषय के अंतर्गत बताया गया कि बिना किसी अतिरिक्त व्यय के विभिन्न रचनात्मक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को कक्षा से जोड़ा जा सकता है। साथ ही सीखने की प्रक्रिया को आनंददायी एवं प्रभावी बनाने के लिए जॉयफुल लर्निंग की गतिविधियों को कक्षा में लागू करने पर चर्चा की गई।

सत्र के अंत में जगह बदलो गतिविधि करवाई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात शैक्षिक संवाद का फीडबैक लिया गया तथा सभी प्रतिभागियों से आरएसके पोर्टल पर पोस्ट वर्क करवाया गया। अंत में संवाद का समेकन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में अवलोकनकर्ता के रूप में रोशन सिंह परमार, बीएसी उपस्थित रहे। कक्षा का संचालन जन शिक्षक गिरीश नाथ एवं सहजकर्ता कृष्णकांत शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जन शिक्षक धर्मेंद्र यादव द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शैक्षिक संवाद ने शिक्षकों को कक्षा में बच्चों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने तथा सीखने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने के लिए नए विचार एवं गतिविधियाँ प्रदान कीं।



## अंधत्व मुक्त अभियानरू 157 मरीजों की जांच 30 ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** अंधत्व मुक्त अभियान के तहत सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर के तत्वावधान में ग्राम हडलाय कला स्थित परमार मैरिज गार्डन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 157 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने मरीजों की जांच की। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को सोमवार को शुजालपुर मंडी से बस द्वारा भोपाल ले जाया जाएगा, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का आयोजन स्वर्गीय गुलाब सिंह परमार एवं स्वर्गीय गौराबाई परमार की स्मृति में उनके परिवार के सहयोग से किया गया। इसमें हरिनारायण परमार, प्रहलाद सिंह परमार, इंदरसिंह परमार,भोजराज सिंह परमार एवं सरपंच शैलेंद्र परमार का विशेष सहयोग रहा।

## शाजापुर में रातभर सड़कों पर उतरी पुलिस अपराधियों में हड़कंप, 139 वारंटी गिरफ्तार



**शाजापुर।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शाजापुर पुलिस ने 22 अगस्त की रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त की। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में 300 से अधिक पुलिसकर्मी रातभर मैदान में डटे रहे। वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में चले इस अभियान से अपराधियों में भारी खौफ नजर आया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने सघन दबिश देकर 96 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए और 43 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। गश्त के दौरान 72 गुंडा तत्वों, 93 निगरानीशुदा बदमाशों और 12 जिला बदर आरोपियों की चेकिंग कर उनका सत्यापन किया गया। इसके अलावा अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 3 प्रकरण भी दर्ज किए गए। पुलिस ने बदमाशों को सख्त चेतावनी दी है कि अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी प्रियंका शुक्ला ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व आमजन की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान न्रिंतर जारी रहेंगे।

## अच्छी बारिश की कामना को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, पांडूखरा में जलाभिषेक



**शाजापुर।** सावन माह के पवित्र अवसर पर शहर में शिव आराधना का उल्लास जारी है। इसी कड़ी में दोपहर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मां कालेश्वरी माता मंदिर से रहवासियों द्वारा एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अंचल में अच्छी बारिश और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महादेव का जलाभिषेक किया। गाजे-बाजे और भगवान शिव के जयकारों के साथ शुरू हुई यह कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से प्रारंभ होकर शनि मंदिर और कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए पांडूखरा पहुंची। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए हुए चल रही थीं, वहीं पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्तिभाव से झूमते नजर आए।

## अकोदिया चौराहे पर बसें रुकने से रोज लगता है जाम

**अकोदिया।** अकोदिया में करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ बस स्टैंड यात्रियों के लिए फोटो बूथ बनकर रह गया है। यात्री बसें बस स्टैंड पर न रुककर चौराहे पर रुकती हैं। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। बस न रुकने की वजह से सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड का यात्री लाभ नहीं उठा पा रहे। वहीं बस स्टैंड परिसर में निजी वाहनों का जमावड़ा, खुला नाला यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मामले को लेकर सीएमओ ने बताया कि पुलिस विभाग से चर्चा कर समस्या का समाधान निकालेंगे।

# शाजापुर में 11 केवी लाइन का तार गिरा, बाइक सवार दंपत्ती घायल, पत्नी की हालत गंभीर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

फोरलेन हाईवे निर्माण के तहत चल रहे विकास कार्यों के बीच सुरक्षा में एक बड़ी चूक सामने आई। लालघाटी थाना क्षेत्र में होंडा शोरूम के पास बिजली लाइन शिफ्टिंग के दौरान 11 केवी का एक भारी-भरकम तार अचानक सड़क पर गिर गया। इसकी चपेट में आने से बाइक पर सवार एक दंपती घायल हो गए, जिनमें पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरियाताज निवासी कैलाश अपनी पत्नी कलाबाई के साथ मोटर साइकिल से शाजापुर जा रहे थे। कलाबाई अपने मायके में माता-पिता और भाई-बहनों से मिलने जा रही थीं। रविवार दोपहर करीब 12 बजे जब वे होंडा शोरूम के पास से गुजर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। अचानक गिरे तार की चपेट में आने से कलाबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि कैलाश को मामूली चोटें आई हैं।

विद्युत विभाग ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि फोरलेन हाईवे निर्माण के कारण लालघाटी उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी दुपाड़ा फीडर, 11 केवी इमरजेंसी और 11 केवी शाजापुर प्रथम फीडर की लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर था। सड़क के ऊपर से गुजर रहे तारों को काटने के दौरान ही एक तार अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा और यह हादसा हो गया।

## अकोदिया से चित्रकूट धाम तक निकली भव्य कावड़ यात्रा

**अकोदिया।** संजय कॉलोनी से ग्राम रानी बड़ौद स्थित चित्रकूट धाम तक कावड़ यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। टप्पा चौराहे पर खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक सुशील कुमार गेहलोत ने यात्रियों का स्वागत किया। ग्राम रानी बड़ौद में पार्षद विजय कुशवाह ने स्वल्पाहार कराकर स्वागत किया यात्रा में महिलाओं की संख्या भी काफी रही। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोविंद मंडलोई, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामनारायण कुशवाह मौजूद रहे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुण्डला सोंधिया प.ह.न. 17, तहसील झारडा में मेरे पक्षकार क्रेता राधेश्यामजी पिता दयारामजी निवासी ग्राम ढाबलागोरी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा विक्रेतागण पर्वतसिंह पिता बापूसिंह जाति सौंधिया राजपुत निवासी मुण्डला सोंधिया तहसील झारडा जिला उज्जैन व गोविन्दसिंह पिता पर्वतसिंह जाति सोंधिया निवासी मुण्डला सोंधिया तहसील झारडा जिला उज्जैन के एकमात्र स्वामित्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम मुण्डला सोंधिया प.ह.न. 17. तहसील झारडा में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1420/1/1/1/2/1, रकबा 0.10, हेक्टर, व सर्वे क्रमांक 1420/1/1/1/1 रकबा 0.25 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.35 हेक्टर की कृषि भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा मय तलिये हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया था जिसकी रजिस्ट्री पंजीयन करवाया जाना है इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ती हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस लोन के.सी.सी बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का स्वत्व हित या अधिकार रखता हो तो इससे संबंधित व्यक्ति संस्था विभाग बैंक आदि इस सुचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखीत प्रमाण के मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 24/08/2026

**एडव्होकेट आबिद सांखला**
**पता- ऑफिस तहसील परिसर के सामने महिदपुर**
**मो. 9926060115**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रामनगर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 64/2, 154/1 रकबा क्रमशः 0.47, 0.73 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.20 हेक्टर की कृषि भूमि विक्रेता कमलसिंह पिता सरदारसिंह जाति राजपूत निवासीग्राम रामनगर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की स्थित है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमिस्वामी से उक्त कृषि भूमियों को क्रय करने का सौदा किया गया होकर बयाना राशि अदा कर सौदा चिटठी निष्पादित करवा ली है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना ही शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की बकाया विक्रय मूल्य राशि अदा कर उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांकः-24-08-2026

**श्यामसिंह पंवार एडव्होकेट न्यायालय परिसर महिदपुर जिला उज्जैन**
**मो. नं. 9755394479**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रामनगर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 53, 54, 61/2, 61/3, 62/3, 138, 139, रकबा कमशः 0.93, 0.29, 0.65, 0.50, 0.63, 0.34, 0.30 हेक्टर कुल किता 07 कुल रकबा 3.64 हेक्टर की कृषि भूमि विक्रेता दीपेश कुमार पिता पुरुषोत्तम जोशी निवासी महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की स्थित है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमिस्वामी से उक्त कृषि भूमियों को क्रय करने का सौदा किया गया होकर बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी निष्पादित करवा ली है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विकय पत्र का पंजीयन कराना ही शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की बकाया विकय मूल्य राशि अदा कर उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेगे तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इतिदिनांकः-24-08-2026

**श्यामसिंह पवार एडव्होकेट न्यायालय परिसर महिदपुर जिला उज्जैन**
**मो. नं. 9755394479**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार, हिमांशु अग्निहोत्री पिता स्व.श्री अम्बिका प्रसाद निवासी- बाफना पार्क कॉलोनी, सेंटपाल स्कूल के पास आगर रोड़, उज्जैन के द्वारा दिनांक 21/08/2026 को अपनी बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया देवास रोड उज्जैन से लॉकर ऑपरेट कर अपनी बाईक नम्बर M.P. 13 MA 2270 से अपने घर जा रहे थे, तो रास्ते में सफेद थेली कपडे की मिडियम साईज के छोटे बेग में, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज - आधार कार्ड, वोटर आईडी, बैंक की पासबुक, बैंक चेक बुक तथा अन्य कीमती वस्तुएं भी रखी थी। जो रास्ते में कही गुम हो गया है, जो उनके द्वारा काफी तलाश किये जाने पर नही मिला है, इस बेग के गुम होने की सूचना थाना चिमनगंज मण्डी पर दिनांक 21/08/2026 को दी गई है।

उक्त बेग जिस व्यक्ति के द्वारा प्राप्त किया जाता है वह तत्काल थाना चिमनगंज मण्डी में जमा करा देवे तथा बेग में रखी किसी भी दस्तावेज व कीमती वस्तु का कोई भी दुरूपयोग नहीं करे अन्यथा उसके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

**अमित कुमार गोयल एडवोकेट एवं नोटरी**
**(मोबाईल नं. 9826019986)**
**कार्या.-24, लॉ चेम्बर, रावल मार्केट, टॉवर चौक फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

मेरे प्रक्षकार ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम भीतरी 2, मंगलनाथ रोड़, तहसील उज्जैन नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) स्थित सर्वे नं. 322/1 एवं 322/3 में से कुल रकबा 0.300 हैक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है। उक्त भूमि श्रीमती अवंतिका पति श्री विजयेन्द्र घाटगे के नाम पर है। पूर्व में उक्त भूमि का सौदा आदि गौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संस्थान समिति ने उक्त भूमि का सौदा किया गया था जो निरस्त हो गया है तथा वर्तमान में अन्य कोई सौदा उक्त भूमि के संबंध में नहीं है। उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था आदि का कोई स्वत्व हित या अधिकार हो अथवा किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में विधिक आपत्ति के मय दस्तावेजो के संपर्क करें, अन्यथा बाद मियाद किसी को भी उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की उज्रदारी करनें या क्रय विक्रय के संबंध में आपत्ति करनें का कोई अधिकार प्राप्त नहीं रहेगा।

दिनांक :-24.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेटर**
**11/1, घटकरपर मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

## न्यायालय तहसीलदार तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक/रीडर/2026-27/1241 — तराना, दिनांक-21-8-26

**प्रारुप ग्यारह**
**(नियम 9 देखिए)**

### (स्थावर सम्पत्ति के विक्रय की उद्घोषणा)

**(म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (1) (ग) के अधीन)**

**अपर श्रम आयुक्त एवं उपकर निर्धारण अधिकारी मध्यप्रदेश इंदौर म.प्र.शासन---- प्रार्थी**

**बनाम**

**आईनोक्स विंड इन्फ्रास्ट्रक्कर सर्विसेस लिमिटेड ऑफिस विद्युत गिरिट ग्राम सनकोटा ए.बी. रोड तहसील तराना जिला उज्जैन ------प्रतिप्रार्थी**

पत्र क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट अचल संपत्ति को अपर श्रम आयुक्त एवं उपकर निर्धारण अधिकारी मध्यप्रदेश इंदौर के क्रमांक/51/उप.नि./अ.श्र.आ./पी.के.डी./2019/25441 इन्दौर दिनांक 10.10.2.25 व श्रीमान कलेक्टर महोदय के पत्र क्रमांक /757/रा.मो./ 2026 उज्जैन दिनांक 29.01.2026 अनुसार रु. 9,65,02,990/- अक्षरी नौ करोड़ पैसठ लाख दो हजार नौ सौ नब्बे रु. मात्र तथा विलम्ब हेतु 2 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से राशि वसूली की दिनांक तक निर्धारित ब्याज के देय शास्ति, ब्याज और कार्यवाहियों के खर्चों के लेखे वसूली के लिए कुर्क किया गया हैं।

एतद् द्वारा उदघोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक के पुर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता है तो का विक्रय न्यायालय तहसीलदार तहसील तराना स्थान पर दिनांक 22/09/2026 को 11.00 बजे या उस समय के लगभग सार्वजनिक नीलाम द्वारा कर दिया जाएगा।

**(सम्पत्ति के ब्योरे )**

| गांव | खाता अंक | बकाया की राशि | आदेशिका शुल्क | शास्ति | कुल देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| यशवतनगर | सर्वे नंबर 116/523/1, 116/523/2 कुल किता 02 कुल रकबा 6.07 हे. | 9,65,02,990/- तथा विलम्ब हेतु 2 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से राशि | 100/- | - | 9,65,03,090/- तथा दिनांक 11.08.2025 से विलम्ब हेतु 2 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से राशि |

**नियम व शर्तेः-**

1. ऊपर वर्णित समस्त संपत्तियों का विक्रय, जहा है/जैसी है/ और जो है, के आधार पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ख) के अधीन की जाएगी।
2. तहसीलदार तराना बिना कारण दशार्ये विक्रय निरस्त करने अथवा किसी भी निलामी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या आगे बढाने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
3. बोलीदार को बोली लगाने के पूर्व बयाना राशि रु 10,000/- नगद/चैक/पे-आर्डर/बैंक ड्राफ्ट जमा करवाना अनिवार्य होगा।
4. उच्चतम बोलीकर्ता को बोली की रकम का 25% अद्योहस्ताक्षरकर्ता को तुरंत नगद/चेक/पे-आर्डर/बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि का भुगतान 15 दिवस के अंदर करना होगा अन्यथा समस्त राशि जप्त कर ली जावेगी।
5. खरीदी गई संपत्ति की स्टाम्प ड्यूटी एवं समस्त बकाया कर का भुगतान क्रेता द्वारा देय होगा।
6. उपरोक्त वर्णित संपत्ति के निरीक्षण व अन्य शर्ते अधिक जानकारी हेतु अद्योहस्ताक्षकर्ता से कार्य दिवस में कार्यलयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

**तहसीलदार**
**तहसील तराना, जिला उज्जैन**

## आगरा में टीचर पति को पत्नी ने दी किडनी

**आगरा।** आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। पहला ट्रांसप्लांट टीचर महेंद्र कुशवाहा का हुआ। उनकी पत्नी मीना ने अपनी एक किडनी देकर पति को नया जीवन दिया है। अब महेंद्र और मीना दोनों स्वस्थ हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सोमवार को मीना ने पति से वीडियो कॉल पर बात की। कहा- आप ठीक तो हैं? मीना ने कहा कि मैंने जिसके साथ जीने-मरने की कसम खाई, उसके लिए एक किडनी कुछ भी नहीं है। मैं बहुत खुश हूं कि मेरी किडनी पति के काम आई। इतना कहते ही मीना की आंखें छलक पड़ीं। 2 मिनट तक पति से बात करने के बाद मीना को तसल्ली हुई। उन्होंने भगवान और डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया। मीना ने कहा कि पति की लंबी उम्र के लिए कुछ भी कर सकती हूं।

## कूनो नेशनल पार्क से मादा चीता निर्वा लापता

**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क से मादा चीता 'निर्वा' एक हफ्ते से ज्यादा समय से लापता है। उसके गायब होने के बाद वन विभाग के अधिकारी गोपनीय तौर पर उसकी तलाश में जुटे हैं। इस बीच मामले में विभागीय लापरवाही के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, पीएमओ, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से किए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि निर्वा के गले में लगा कॉलर आईडी काफी समय से खराब था, जिसके कारण उसकी लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी आ रही है। वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और आरटीआई एक्टिविस्ट अजय दुबे ने एक्स पर पोस्ट कर निर्वा के लापता होने की जानकारी साझा की। उन्होंने कूनो के फील्ड डायरेक्टर पर वन्यजीवों की निगरानी के बजाय सोशल मीडिया पर नागरिकों और एक्टिविस्ट्स को निशाना बनाने का आरोप लगाया। दुबे ने पोस्ट में फील्ड स्तर पर जवाबदेही तय करने और कार्रवाई की मांग की है।

## ममता बोली - शुभेंदु ने नजरबंद करने की धमकी दी

**कोलकाता।** ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मुझे घर में नजरबंद करने और राजनीतिक रूप से परेशान करने की धमकी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ममता ने पर शुभेंदु का एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें वे कहते हुए दिख रहे हैं कि ममता फेसबुक तक ही रहें। मैं उन्हें सड़क पर नहीं आने दूंगा। ममता ने कहा कि शुभेंदु ने मुझे धमकी दी है कि अगर मैंने सड़कों पर विरोध करने की कोशिश की, तो मुझे घर से बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा। ममता ने आगे कहा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी। भाजपा को हाशिए पर पहुंचाने तक वह नहीं रुकेंगी। सिर्फ चार महीनों में ही बंगाल के लोगों को का असली चेहरा समझ आ गया। उन्होंने आरोप लगाया, 'राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महिलाएं अन्नपूर्णा भंडार आर्थिक सहायता योजना का पैसा मिलने में देरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। राज्य की बीजेपी सरकार अपात्रता का बहाना बनाकर लाभार्थियों की संख्या घटा रही है।

## शक्कर निर्माता बोले- चीनी की कमी नहीं जल्द सस्ती होगी

**नईदिल्ली।** इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि देश में चीनी की कमी नहीं है। आने वाले दिनों में फुटकर बाजारों में कीमतें कम होने की उम्मीद है। पिछले एक महीने में चीनी 20 से ज्यादा महंगी होकर ?60 प्रति किलो तक हो गई है। इसके बाद सरकार ने राहत देने के लिए ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट की मंजूरी दी थी। केंद्र सरकार ने 20 अगस्त को 10 लाख टन रॉ शुगर के बिना किसी सीमा शुल्क आयात की अनुमति दी है, ताकि बाजार में सप्लाई बढ़ाकर कीमतों पर काबू पाया जा सके। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज ने भी घरेलू सप्लाई को पर्याप्त बताया है। हस्न्रष्टस्स्न के अध्यक्ष प्रकाश नाईकनवरे ने कहा कि फेडरेशन ने 2025-26 सीजन के लिए अपने नेट शुगर प्रोडक्शन के अनुमान को 2.79 करो? टन पर बरकरार रखा है। नाईकनवरे ने जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें अनुकूल न होने के कारण भारत ने 20 लाख टन के तय कोटे में से केवल 8 लाख टन चीनी का ही निर्यात किया था। अगर कोई पाबंदी न होती, तब भी निर्यात 10 लाख टन से ज्यादा नहीं जाता। केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए 13 मई से 30 सितंबर तक चीनी निर्यात पर रोक लगा रखी है। ब्राजील से आने वाली रॉ शुगर को सीधे इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे देश की रिफाइनरियों और शुगर मिलों में प्रोसेस करके सफेद दानेदार चीनी में बदला जाएगा, जिसके बाद यह रिटेल मार्केट में आएगी।

## प्रजा का हाल जानने निकले बाबा जटाशंकर महादेव

**शुजालपुर।** नगर स्थित प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर से सोमवार को शहर में बाबा की पालकी भव्य रूप में निकाली गई। बाबा जटाशंकर महादेव अपने आर्कषक स्वरूप में अपनी प्रजा का हाल जानने निकले तो बाबा की अगवानी में जन सैलाब उमड़ पड़ा। जटाशंकर मंदिर परिसर में इस शोभायात्रा को लेकर व्यापक तैयारी की गई और मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से विद्युत सज्जा के साथ पूर्व संध्या में सजाया गया। सोमवार की दोपहर को भगवान की पूजा अर्चना कर तिलक किया, इसके उपरांत यहां शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का यह काफिला लगभग 1 किलोमीटर लम्बा रहा। इस शोभायात्रा में हाथी पर बाबा जटाशंकर महादेव सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। इस शोभयात्रा में विभिन्न मंदिरों की झांकी के साथ, सेहरा श्रृंगार दर्शन, बजरंग बली सहित 25 झांकियां बनाई गई, यह यात्रा पहले अकोदिया नाके होते हुए सिटी में पहुंची, महाकाली चौराहे पर रहवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल सप्ताह का शुभारंभ

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की ओर से महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, खेल उपलब्धियों और भारतीय हॉकी में उनके अतुलनीय योगदान की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

## आज उज्जैन दक्षिण में नहीं होगा जलप्रदाय

**उज्जैन।** शहर के दक्षिण क्षेत्र में आज मंगलवार को जलप्रदाय नहीं होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड नगर पालिका निगम उज्जैन द्वारा सूचना जारी की गई है जारी सूचना में लाइन शिफ्टिंग एवं नियमित संधारण कार्य के कारण आज मंगलवार को उज्जैन दक्षिण में जलप्रदाय नहीं किया जाएगा। तथा बुधवार को संपूर्ण शहर में जल प्रदाय किया जाएगा।

## बोहरा समाज ने निकाला चल समारोह

**शुजालपुर।** बोहरा समाज ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिन ईद मिलादुननबी के रूप में मनाया। इसके चलते सोमवार को बोहरा समाज मस्जिद शुजालपुर सिटी से चल समारोह निकाला गया। इस दौरान बोहरा समाज के बच्चें व बडे अपनी पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हुए और यह चल समारोह आमिल साहब की सदारत में दफालीपुरा, मानक चौक, आनंद विद्या मंदिर, छोटा बाजार, बडा बाजार, काली माता चौराहा, अस्पताल चौराहा होते हुए गुजरा। बोहरा समाजजनों ने मस्जिद में पुलिस थाना सिटी के जवानों का शाल उडाकर सम्मान किया। इस अवसर पर बडी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युतीकरण कार्य**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
पश्चिम रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, एनेक्स भवन तीसरी मंजिल दो-बत्ती रतलाम (म.प्र.) 457-001, आमंत्रित करता है
**निविदा सूचना संख्या: EL-C-RTM-2026-04-RT. कार्य का नाम:** स्टेशन भवन, सेवा भवन, और कर्मचारी आवास के सामान्य सेवा/विद्युतीकरण कार्य उज्जैन के नए बाईपास के संबंध में नाइखेड़ी से चिंतामन गणेश स्टेशन के बीच अरतलाम सन्नंडल के बीच और रतताम मंडल के भाटिसुडा स्टेशन से रोहलखुर्द स्टेशनों के बीच नए नागदा बाईपास लाइन पर.
**अनुमानित लागत:** ₹ 2,20,66,984.32. **बयाना राशि जमा:** ₹ 4,41,300/-.
**ऑनलाइन बोली शुरू होने की तिथि:** 01.09.2026.
**ऑनलाइन बोली शुरू होने की तिथि:** 01.09.2026.
**निविदा बंद होने की तिथि:** 15.09.2026 को 15:00 बजे तक.
**वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in 0506
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना: EL81-1-1-2026-27-09RT Date: 22.08.2026 कार्य का नाम:** RSW दाहोद में विभिन्न सेवा / कार्यालय भवनों की पुनः वायरिंग । **स्थान:** सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद - 389160 **Approximate Cost of the work:** Rs. 23,67,950/- **Date & time of Submission & opening of E-Tender:** Submission Up to 15.00 Hrs on 15.09.2026 and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical by this office.
Apex/219
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना: M247GLRSE70BP262718 Date: 22.08.2026 कार्य का नाम:** 3 फेस इलेक्ट्रीक लोको के E 70 ब्रेक पॅनल का रिपेयर - ओवरहॉलिंग **स्थान:** मु.का.प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 39,51,733/- **बयाना राशि:** Rs. 79,100/- **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 17-09-2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी । **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical.
Apex/220
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## नाम परिवर्तन संबंधी सार्वजनिक सूचना

मैं SAIDABI W/O SABI-RAHUSEN निवासी 100, केप्टन हिरा सिंह मार्ग नागोरी कॉलोनी महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र., यह सार्वजनिक रूप से घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर SAIDA BEE W/O SABIR HUSSAIN कर लिया है। अब से मैं सभी अभिलेखों, दस्तावेजों तथा पासपोर्ट सहित सभी आधिकारिक कार्यों में अपने नए नाम SAIDA BEE W/O SABIR HUSSAINसे जानी जाऊँगी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने इशाक पिता बापूजी पटेल जाति नायता निवासी ग्राम मगरखेड़ा तहसील सांवेर जिला इंदौर के स्वामित्व की भूमि सर्वे नंबर 1052 रकबा 0.490 हे. स्थित ग्राम पीरझलार तहसील बड़नगर एवं अर्जुनसिंह पिता रणसिंहजी जाति राजपुत निवासी ग्राम पीरझलार तहसील बड़नगर के स्वामित्व की भूमि सर्वे नंबर 1050 रकबा 0.410, सर्वे नंबर 1073 रकबा 1.720 हे. स्थित ग्राम पीरझलार एवं मुंशी पिता बापूजी पटेल जाति नायता निवासी ग्राम- मगरखेड़ा तहसील सांवेर जिला इंदौर के स्वामित्व की भूमि सर्वे नंबर 1047 रकबा 0.820, हे. स्थित ग्राम पीरझलार तहसील बड़नगर को कय करने का सोदा तय कर बयाना राशि भुगतान कर दी है तथा भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित एवं पंजीकृत होना है । अतः यदि उक्त संपती मे किसी व्यक्ति, संस्था निजी ऋणदाता, बैक आदि का किसी प्रकार का कोई भार हो या उक्त संपती के संबध मे किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारीक विवाद विचाराधीन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस मे मय प्रमाण मेरे कार्यालय मे आकर आपत्ती करे अन्यथा मेरे पक्षकार अनुबंधित संपती का विक्रय पत्र अपने पक्ष मे निष्पादित एवं पंजीकृत करावेंगे जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती स्वीकार नही होगी। सूचित हो । दिनांक-24-08-2026

**निखील तलाज अभिभाषक न्यायालय परिसर**
**बड़नगर मो-7089653927**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजयन्तकुमार गुप्ता पिता श्री हेमन्तकुमार गुप्ता जाति महाजन निवासी 143 लाला लाजपतराय मार्ग बदनावर जिला धार के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक मकान नगर पालिक निगम क्र. 8 स्थित जैन कालोनी मौलाना आजाद मार्ग (गौतम मार्ग) उज्जैन जो एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 85.35 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर भवन कमांक 9, पश्चिम की ओर-भवन क्रमांक 7, उत्तर की ओर सडक कालोनी की, दक्षिण की ओर भवन कमांक 5 तथा पेमाईश लंबाई- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 12.20 मीटर, तथा बतरफ पश्चिम 9.15 मीटर चौडाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 8.35 मीटर व बतरफ दक्षिण 7.62 मीटर का है उक्त मकान श्रीमती सत्यभामा पति शिवचरणलाल जाति मोढ निवासी 70 कमरी मार्ग उज्जैन का था उन्होंने उक्त मकान के भूखण्ड को सोहनलाल पिता जीतमलजी गादिया से दिनांक 4-6-1997 को कय किया था, श्रीमती सत्यभामा पति शिवचरणलालजी ने उक्त मकान के भूखण्ड के संबंध में एक वसीयत नामा दिनांक 18-6-1997 को विजयन्तकुमार पिता हेमन्तकुमार जाति महाजन निवासी बदनावर धार के हित में सम्पादित किया था। श्रीमती सत्यभामा का स्वर्गवास हो चुका है उनके स्वर्गवास के पश्चात पंजीकृत वसीयत लेख तारीखी 18-6-1997 अनुसार उक्त मकान व उसके भूखण्ड का मालिक विजयन्तकुमार गुप्ता पिता हेमन्तकुमार गुप्ता निवासी 143 लाला लाजपतराय मार्ग बदनावर जिला धार मालिक व काबिज हुआ है विजयन्तकुमार गुप्ता ने अपने नाम का नामांतरण प्रकरण क्रमांक 240/2026/7 पीटी जावक क्रमांक 426 दिनांक 9-7-2026 को विधिवत दर्ज करा लिया है उक्त मकान के वर्तमान में विजयन्तकुमार गुप्ता मालिक है उक्त मकान को विजयन्तकुमार गुप्ता से कय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्कीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 24/8/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ. मनीष पाटिल पिता श्री पी.वी. पाटिल निवासी सी-281, विवेकानन्द कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 22 अहिल्यानगर, गांधीनगर के पास (जनकपुरी) नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईष- लम्बाई- 15.00 मीटर चौडाई- 6.00 मीटर कुल क्षेत्रफ्ल 90.00 वर्गमीटर जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 17 व 18, पष्चिम में- सडक कॉलोनी की, उत्तर में- अन्य की भूमि व दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 23 मिला है के मध्य भूखण्ड को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है अनुबंध पत्र के पश्चात शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड़ में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड़ पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 24/08/2026

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मे सुचनाकर्ता मेरे पिता शेर सिंह पिता सरदार सिंह निवासी ग्राम रूणजी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के द्वारा अपनी पारिवारिक कृषि भुमि का बटवारा किया गया उक्त बटवारा मेरे पिता के द्वारा जाल शाजी कर किया गया जिसमें उक्त भुमि सर्वे नम्बर कमशः 318/1, 318/2, 413/2, 436/1 का रकबा क्रमशः 0.19, 0.19, 2.20, 0.15, कुल रकबा 2.73 आरे मेरे पिता शेरसिंह पिता सरदारसिंह के नाम से अंकित है तथा भुमि सर्वे नम्बर 317/1/1, 403/2, 407/3 का रकबा कमशः 0.12, 1.49, 0.38 ओर कुल किता 0.38 आरे मेरी माता ओछप कुंवर पति शेरसिंह के नाम से अंकित है तथा भुमि सर्वे नम्बर 405/2, 408/1, 408/2, 409 का रकबा क्रमशः 0.23, 0.51, 0.52, 0.48 आरे मेरे भाई कृष्णपालसिंह पिता शेर सिंह के नाम से अंकित है। जो कि समस्त भुमि स्थित ग्राम रूणजी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त मेरे पिता के द्वारा मुझ सुचनाकर्ता के हिस्से मे कम भुमि तथा पत्थरिली भुमि हिस्से मे दि गई है। जिस पर मेरी आपत्ती है। अगर किसी के द्वारा कय भी कि गई है तो वे मेरी सहमती लेवे वर्तमान मे मेरे द्वारा उक्त भुमि विक्रय कि आपत्ती भी उपपंजीयक कार्यालय घट्टिया व जिला उपपंजीय कार्यालय में दर्ज भी करवा दि गई है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में मुझ से सम्पर्क करे क्यो कि उक्त कृशि भुमि में मेरा भी बराबर का हिस्सा है। एवं उक्त भुमि किसी प्रकार की कोई विकय नही कि जा रही है। दिनांक-24/08/2026

**नरविन्द्र पाल सिंह पिता शेरसिंह जी**
**स्थान - निवासी एंव कृषक ग्राम रूणजी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मों 9669218929**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शरीफ पिता रेहमत अली पटेल जाति नायता निवासी व कृषक ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नंबर 723/1/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर कुल किता 01 कुल विक्रीत रकबा 0.40 हेक्टर याने दो बीघा भूमि ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्य प्रदेश में स्थित होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य विक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

यह दिनांक 25-08-2 026।

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**स्व. श्री नागुलाल जी मालवीय बस स्टेण्ड, ऑफिस क्रमांक 07, घटिया, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन, म.प्र.**
**मो. 8719997462,9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती प्रभु बाई पति श्री प्रताप सिंह निवासी-72, ग्राम बिरमखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-54/1 रकबा 0.750 हेक्टयर अर्थात 3 बीघा 15 बीसवा भूमि तथा भूमि स्वामी प्रताप सिंह पिता श्री करण सिंह निवासी-72, ग्राम बिरमखेडी तहसील घटटिया जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-54/2 रकबा 0.840 हेक्टयर अर्थात 4 बीघा 4 बीसवा भूमि, इसी प्रकार शंभु सिंह पिता श्री इंदर सिंह निवासी ग्राम जलवा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके द्वारा मूल भूमि स्वामी से क्रय अनुबंधीत कृषि भूमि सर्वे नम्बर-55/2/1 रकबा 0.120 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-55/1/2 रकबा 0.570 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-55/2/2 रकबा 0.120 हेक्टयर, कुल किता 3 कुल रकबा 0.810 हेक्टयर में से सर्वे नम्बर-54/1 एवं 54/2 से लगी हुई लगभग रकबा 0.120 हेक्टयर भूमि, इस प्रकार कुल भूमि रकबा 1.710 हेक्टयर अर्थात 8 बीघा 11 बीसवा भूमि स्थित ग्राम बिरमखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-111 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-24.08.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो.. 99930 79516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने हिम्मत सिंह मीणा पिता श्री मोतीलाल जी निवासी 111, अंकपात मार्ग, काजीपुरा उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 125 जो कि सर्वे क्रमांक 899/2 मै का भाग हरिनगर, पिपलीनाका कस्बा उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईष- लम्बाई- 30.00 फीट चौडाई- 15.00 फीट कुल क्षेत्रफ्ल 450 वर्गफीट अर्थात 41.77 वर्गमीटर जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में- मकान अन्य का , पष्चिम में- मकान अन्य का, उत्तर में- मोती नगर कॉलोनी व दक्षिण में- रास्ता मिला है के मध्य भूखण्ड को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर सम्पूर्ण धनराशि अदा कर अनुबंध पत्र का सम्पादन करवा लिया है और विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड़ में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड़ पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 24/08/2026

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती मोनिका खंडेलवाल पति श्री तरूण खंडेलवाल निवासी- सी-304 शिवांश एलिगेंस सीएचएल हास्पीटल के सामने इंदौर रोड उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का प्रकोष्ठ/दुकान क्रमांक 7 मनी शापिंग आर्केड श्रीपाल मार्ग नई पेट उज्जैन मे स्थित है। उक्त प्रकोष्ठ/दुकान को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारों सहित लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबधं अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित प्रकोष्ठ/दुकान के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकोष्ठ पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त प्रकोष्ठ पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित प्रकोष्ठ/दुकान के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 24/08/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स**
**उज्जैन म.प्र.,**
**मो. 8839742938**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी शोएब मोहम्मद पिता शाकीर मोहम्मद, निवासी 24. नजरअली मार्ग मिल्कीपुरा उज्जैन से, इनके एकांकी स्वत्व स्वामित्व का भवन कमांक 20/1 का पूर्वी भाग जो कि नजर अली मार्ग पथ क्रमांक 01 उज्जैन स्थित है उक्त भवन तीन मंजिला आरबीसी व टीनशेड का बना हुआ है जिसका क्षेत्रफल 21.56 वर्गमीटर है। भवन की चतुर्सीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में रास्ता गली कमांक 01 मेसे, पश्चिम में विक्रयग्रस्त मकान का शेष भाग, उत्तर में- मकान इख्तियार एहमद का, दक्षिण में मकान मोहम्म्द हनीफ का है, को भवन स्वामी से कय करने का सौदा तय कर अनुबंध 1 पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब सिर्फ विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष है। अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 5 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन की विधिवत् विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक-24-08-2026

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-8. भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 99264-66157**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती विष्णुबाई पति स्व. नारायण, बुलबुल पिता स्व. नारायण, दुर्गाबाई पिता स्व. नारायण तथा विनीता पिता स्व. नारायण सर्वगण जाति कुलमी निवासी ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 2099/2/1 रकबा 0.40 हेक्टर, सर्वे नम्बर 2099/2/3 रकबा 0.07, सर्वे नम्बर 2099/2/2 रकबा 0.18 हेक्टर तथा सर्वे नम्बर 2099/1 रकबा 0.42 हेक्टर इस प्रकार कुल किता 04 कुल रकबा 1.07 हेक्टर भूमि ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) मे स्थित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने बिकेता से समक्ष गवाहान तय कर बयाना पेटे आंशीक राशि भी मेरे पक्षकार द्वारा मूल भूमि स्वामी को अदा कर दी है। विक्रय राशि में से भूमि स्वामी द्वारा बयाना पेटे आंशीक राशी साक्षी के समक्ष प्राप्त कर ली है भुमि का विक्रय पत्र निष्पादन किया जाना शेष है। यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण, भार, बोझ, हक, कर्जा या लेनदेन किसी प्रकार का स्वत्व संबधी या न्यायालय में किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो या आपत्ति हो तो आज सुचना दिनांक से 07 दिवस के भीतर लिखीत प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके मियाद गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार कि कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा व मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवैध तथा शुन्यवत मानी जावेगी।

दिनांक 24/08/2026

**पियूष श्रीवास्तव एडवोकेट**
**कार्यालय - बालाजी मंदिर के सामने जूनाशहर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 9926399055**

# मंदसौर में बाबा पशुपतिनाथ राजसी ठाठबाट से निकले

## सड़कों पर उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

सावन के अंतिम सोमवार को भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। भगवान पशुपतिनाथ रजत प्रतिमा के रूप में भव्य शाही रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। इस पावन अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए सड़कों पर पहुंचे, जिससे पूरा शहर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सवारी के मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और पूजन-अर्चन के साथ भगवान का आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।



वर्ष 1996 से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार सावन के अंतिम सोमवार को बाबा पशुपतिनाथ नगर भ्रमण कर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। प्रातःकालीन आरती मंडल के तत्वावधान में निकाली गई यह सवारी पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बरगुंडा मोहल्ला, केशव सत्संग भवन रोड, खानपुरा, मंडी गेट, सदर बाजार, धानमंडी, बड़ा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक, सांखला भवन, कालाखेत मेन रोड, मेघदूत होटल मार्ग, नेहरू बस स्टैंड, कालिदास मार्ग और घंटाघर होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। स्वामी मणिमहेश चौतन्य ने इस अवसर पर कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान स्वयं नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी में शामिल 26 आकर्षक झांकियां, विभिन्न राज्यों की ढोल पार्टियां, अखाड़े और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। सवारी में शाही पालकी के साथ सुसज्जित बैंड, अखाड़ा, चलित भजन संध्या, महादेव स्वरूप झांकी, धार की प्रसिद्ध नगाड़ा पार्टी, राधा-कृष्ण महारास लीला, राम दरबार, पंजाबी ढोल, नालछा माता मंदिर की झांकी और महाकाल स्वरूप पालकी विशेष रूप से शामिल हुईं।

इसके साथ ही केरल की प्रसिद्ध कथककली नृत्य प्रस्तुति, तिरुपति बालाजी दर्शन झांकी, मुंबई की ढोल व बैंजो पार्टी, गुजरात तथा नासिक के ढोल, श्मशान अघोरी झांकी, महाकाल गर्भगृह महाआरती का जीवंत चित्रण, महिला कलश यात्रा, मंदसौर के ढोल, डमरू मंडल युवतियों का समूह और मातृशक्ति द्वारा प्रस्तुत गरबा नृत्य ने आयोजन की भव्यता को कई गुना बढ़ा दिया।

भगवान पशुपतिनाथ महादेव के राजसी रथ के साथ ओखा बावजी का रथ और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती स्वच्छता मिशन की झांकी भी इस शाही जुलूस का प्रमुख हिस्सा बनीं।

पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़- विश्वप्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को दर्शन के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही मंगला आरती संपन्न हुई, जिसके बाद सुबह 6 बजे से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने जल, दूध, रुद्राभिषेक और मनोकामना अभिषेक कर भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी कैलाश भट्ट ने बताया कि इस विशेष अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया। वहीं श्री पशुपतिनाथ आराधना सभागृह में श्रावण अंतिम चतुर्थ सोमवार को 30 जोड़ों सहित 70 अभिषेकाथीर्यों ने अभिषेक किया।

### न्यूज-कॉलम

## ब्राह्मण सोश्यल ग्रुप का नि :शुल्क श्रावणी उपाकर्म आज

**नीमच।** ब्राह्मण सोश्यल ग्रुप, नीमच के तत्वावधान में स्व. श्री बद्रीप्रसाद शर्मा की स्मृति में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन आज 28 अगस्त, शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शिवघाट पर रखा गया है। जहां प्रातः 7 बजे हेमादी स्नान एवं तर्पण क्रिया रहेगी। तत्पश्चात सत्यनारायण मंदिर, स्कीम नं. 9 पर हवन एवं यज्ञोपवित का कार्यक्रम महंत अयोध्यादास शास्त्री के सानिध्य में एवं सभी कार्यक्रम घनश्याम शास्त्री चल्दुवाले के आचार्यत्व में सम्पन्न करायें जावेंगे। यह कार्यक्रम पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। यह ब्राह्मण समाज का महापर्व है। जिसमें सात पीढ़ी का पितृ तर्पण या अतिमहत्वपूर्ण कर्म भी होता है। सभी विप्र बंधु इस कार्यक्रम में सहभागिता निभा कर अपने एवं समाज के कल्याण हेतु अपना दायित्व निभाएं। सभी विप्रगण अपना आसन एवं पंचपात्र जरूर से अपने साथ लावें। उक्त जानकारी ग्रुप अध्यक्ष चेतन व्यास मामा, सचिव जे.सी. शर्मा व कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने दी।

## अपहरण एवं दुष्कर्म का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले में महिला एवं बालिका सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा गंभीर अपराधों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर श्री राकेश पंद्रो एवं एसडीओपी सैलाना रतलाम सुश्री नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना बाजना पुलिस द्वारा वर्ष 2024 के अपहरण एवं दुष्कर्म के प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए 2 वर्ष से फरार आरोपी बादर उर्फ बहादुर उर्फ बादरू पिता सवजी खडीया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम फेरा डूंगरी थाना पाटन जिला बांसवाड़ा राजस्थान को अपराध क्रमांक 584/24 धारा 142 , 64.87 में गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

## गंगाजल कांवड़ यात्रा, भूतेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

**नीमच।** श्री भूतेश्वर महादेव गंगा जलाभिषेक कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में सोमवार को शहर में भव्य गंगाजल कांवड़ यात्रा निकाली गई। अमर ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर, बस स्टैंड से शुरू हुई यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए शामिल हुए। कांवड़िए हाथों में कांवड़ लेकर और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से आगे बढ़े। यात्रा के दौरान पूरा शहर शिवमय नजर आया। कांवड़िए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कांवड़ यात्रा भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने कांवड़ में लाए गए पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

## बोहरा समाज ने मिला दुन्नबी जुलूस निकाला

**नीमच।** दाऊदी बोहरा समाज नीमच द्वारा रविवार को ढोल धमाके और या हुसैन के सुमधुर नारे के साथ जुलूस निकाला गया। आगे बोहरा युवा कमेटी के बैंड तू मधुर धुन के साथ चल रहे थे उनके पीछे समूचा समाज के वरिष्ठ जन्म वेशभूषा में चल रहे थे शहर के बोरा गली स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर टैगोर मार्ग से यह जुलुस शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस में शामिल बोहरा समुदाय को कई मुख्य चौराहे जगह जगह पुष्प वर्षा व मुबारकबाद दी गई।

## नंदेश्वर महादेव का महाकाल स्वरूप में श्रृंगार

**खंडवा।** चतुर्थ सावन सोमवार पर नंद विहार कॉलोनी स्थित भगवान श्री नंदेश्वर महादेव का आकर्षक महाकाल स्वरूप में श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

# वरिष्ठ पार्षद तत्परता से कराए जनोपयोगी कार्य - कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

## नवनियुक्त सभी एल्डरमैन ने किया धन्यवाद ज्ञापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



राज्य शासन द्वारा नगर निगम में नियुक्त किए गए सभी एल्डरमैन कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से मिले और नियुक्ति के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की उपस्थिति में धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री श्री काश्यप ने अंगवस्त्र से स्वागत कर सभी एल्डरमैन को बधाई एवं शुभकामना दी।

आरंभ में श्री काश्यप का नवनियुक्त एल्डरमैन मंगल लोढ़ा, हेमंत राहोरी, राकेश परमार, गोपाल शर्मा, राकेश मिश्रा, पूजा बोहरा, प्रभु नेका एवं नारायण सांकला ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। श्री काश्यप ने इस मौके पर कहा कि नगर निगम में एल्डरमैन की भूमिका महत्व की है। वरिष्ठ पार्षद के रूप में उन्हें सभी जनोपयोगी कार्य तत्परता से कराना चाहिए। निगम से जुड़े पेंशन, नामांतरण, लाइसेंस अनुमति के कार्य सीधे जनता से जुड़े होते है। वरिष्ठ पार्षद इनकी चिंता करे और सूचि बनाकर सारे कार्य कराए। श्री काश्यप ने कहा कि एल्डरमैन का चयन पार्टी ने बहुत ही गंभीरता से किया है। जमीनी कार्यकताओं को मौका दिया गया है ताकि पार्टी की नींव मजबूत हो। श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिन-रात मेहनत कर रहे है। उनके नेतृत्व में कई ऐसे कार्य तत्परता से हुए है जो सालो से नहीं हुए थे। उनके एमएसएमई विभाग से उद्योगों की सब्सिडी राशि का वितरण भी इसमें शामिल है।

मुख्यमंत्रीजी की मंशा तीव्रता से प्रदेश का विकास करने की है। सभी एल्डरमैन इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, महामंत्री संदीप मौर्य उपस्थित रहे।



## 68 परिवारों ने एक साथ किया नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों का महापूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में आयोजित चातुर्मास कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य श्री अशोकसागर सूरीश्वरजी एवं आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी आदि ठाणा 11 की पावन प्रेरणा व निश्रा में नवकार महामंत्र अनुष्ठान का आयोजन संपन्न हुआ। इस अनुष्ठान के तहत 68 लाभार्थी परिवारों ने पारंपरिक पूजन वेशभूषा धारण कर पूरे अनुशासन एवं भाव भक्ति के साथ नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों का अष्टप्रकारी पूजन किया।

आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म.सा. ने श्रद्धालुओं को महामंत्र के प्रत्येक अक्षर के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन शासन और जैन आगमों में इस पूजन का विशेष स्थान है।

नवकार महामंत्र की 9 दिवसीय आराधना करने से साधक के जन्मांतर के पाप कर्मों का क्षय होता है तथा यह मंत्र सुख, समृद्धि और मानसिक शांति प्रदान करने वाला है। 14 अगस्त से प्रारंभ हुई 9 दिवसीय नवकार महामंत्र आराधना के समापन अवसर पर आयोजित इस महापूजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की।

## भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा के नवीन पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, महामंत्री विजय सुराणा, जिला उपाध्यक्ष रेखा मांदलिया व जीवन शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में महिला मोर्चा कार्यकताओं का भाजपा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने महिला मोर्चा को संगठन की सबसे सशक्त और महत्वपूर्ण इकाई बताया। नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, बूथ स्तर तक महिला शक्ति की भागीदारी बढ़ाने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री प्रीति रोखले ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री अनीता कोठारी द्वारा व्यक्त किया गया।

# बामनिया से जवासा पहुंची कलश वंदन यात्रा, विधायक दिलीप सिंह परिहार ने की सहभागिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कलश वंदन यात्रा बामनिया से प्रारंभ होकर जवासा पहुंची, जहां यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ।

इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कलश वंदन यात्रा में सहभागिता कर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज को नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन हमें सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश देता है। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। जवासा में यात्रा का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने सामाजिक एकता, समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास, यात्रा प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह सिसोदिया, नीमच विधानसभा यात्रा प्रभारी किशन अहिरवार, मंडल अध्यक्ष किशोर दास बैरागी, श्रीमती पूजा अनिल शर्मा, महामंत्री महेश गुर्जर, राजेंद्रसिंह तंवर, जिला मंत्री सत्यनारायण गोयल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रतन मालावत, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि गोयल, जनपद सदस्य वासुदेव मेघवाल, मदन धनगर, सरपंच श्यामू बाई मेघवाल, जोरावर सिंह, श्रीमती रीना सेन सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब में वृक्षारोपण के साथ हुए विभिन्न आयोजन

**खंडवा।** इनरव्हील क्लब खंडवा व हिंदी शुद्धि समूह के संयुक्त तत्वावधान में बगीचे में पीपल, आवला, नीम आदि छायादार पेड़ लगाए गए व उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया।संध्या जैन द्वारा पौधों की देखभाल करने की विशेष जानकारी दी गई। सचिव अंजली जैन द्वारा क्लब में हुए कार्यों का विवरण दिया गया।

## क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए सांसद पाटिल ने की ओंकारेश्वर परिक्रमा

**खंडवा।** सावन के इस पवित्र माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है, सुख शांति बनी रहती हें।श्रावण के इस महीने में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रातः काल की बेला में एक लोटा जल लेकर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकर बेलपत्र भेंट पर पूजा अर्चना कर रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बड़ी संख्या में जिले भर में कावड़ यात्राओं का भी आयोजन हुआ। क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली एवं सर्व कल्याण के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल २४ अगस्त श्रावण के अंतिम सोमवार को तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ मां नर्मदा के दर्शन पर ओम्कार पर्वत की परिक्रमा की,एवं परिक्रमा के पश्चात श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन व अभिषेक पूजा अर्चना की। सभी धर्म प्रेमी बंधुओ नें भी ओंकारेश्वर की इस पावन यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# समाज में योगदान के लिए पद केवल एक माध्यम है- हेमलता अग्रवाल

## कृति संस्था का मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



यदि कोई महिला कुछ बनने के लिए परिश्रम कर रही है तो उसे प्रोत्साहित करें यह विचार पुलिस और शिक्षा विभाग से जुडी अधिकारियो ने नगर की अग्रणी साहित्यिक,सांस्कृतिक ,सामाजिक संस्था कृति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम में व्यक्त किये । कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ,महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आशा साम्भर और श्रीमती मंजुला धीर ने किया । अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था ध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम इस मायने में अनूठा है कि इसमें आज हम प्रशासन के अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के प्रशासन और परिवार के समन्वय के अनुभवों से रूबरू होंगे । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने अपनी सारी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी अपने गृह नगर गुना में रहकर ही की । 2012 में मेरा चयन हुआ लेकिन पुलिस की सेवा मेरी प्राथमिकता में नही थी इसलिए मैं खुश नहीं थी । दुबारा प्रयत्न करने पर जब मुझे सफलता नही मिली तो फिर मेरा मन पुलिस सेवा में रम गया । मैंने अपनी पढाई का खर्च न्यूनतम रखा ताकि मेरे माता पिता पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े । 2014 में विवाह के बाद नौकरी और परिवार की दोहरी जिम्मेदारी आ गई। प्रारम्भ में कुछ समस्याएं थी लेकिन बाद में सब ठीक हो गया । गुना जैसे छोटे शहर से इंदौर महानगर में आकर ससुराल में रहना भी थोड़ा मुश्किल था । मेरी सासू माँ ने बहुत पहले अपने पति और बाद में अपने छोटे बेटे को खो दिया था । इस कारण भी हम दोनों महिलाओं को परिवार में समायोजन में कठिनाई आई । उज्जैन में नौकरी का समय सबसे कठिन था । छुट्टियाँ नही मिलती थी ऐसे में मैं अपने डेढ़ साल के बच्चे से सप्ताहांत में ही मिल पाती थी । इस अवधि में मेरी सास और पति ने मुझे भरपूर सहयोग दिया । मेरे विद्यार्थी जीवन और फिर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान मेरी माँ ने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया । पुलिस और जनता के बीच सम्बन्धों पर उनका कहना था कि यदि आप धैर्य पूर्वक जन सामान्य की समस्या को सुने और उसका समाधान कर दें तो जनता से पुलिस के सम्बन्ध बहुत अच्छे रहेंगे । अपनी पुलिस सेवा में यही मेरा उद्देश्य भी है।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती ऐश्वर्या मूंदडा परवाल ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि मेरी पहली पसंद इंजीनियरिंग थी । मैं इंजीनियर बनी भी और लगभग 9 महीने नौकरी भी की । इस दौर में मेरी बॉस ने मुझे सीखने और पढने के लिए बहुत प्रोत्साहित किया और मुझे बड़े ग्रंथालय में बैठकर केवल पढने हेतु प्रेरित किया ।

### न्यूज कालम



## चार लाख रु. के जेवर से भरा बैग पुलिस ने सीसीटीवी से खोज निकाला

**मन्दसौर।** मंदसौर की थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ का परिचय देते हुए शासकीय अस्पताल परिसर से गुम हुआ कीमती सामान से भरा बैग कुछ ही घंटों में खोज निकाला। बैग में लगभग 4 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य सामग्री रखी हुई थी। कयामपुर निवासी फरियादिया लताबाई पति प्रकाश वाल्मीकि ने अस्पताल परिसर में बैग गुम होने के संबंध में पुलिस थाना कोतवाली पर आवेदन प्रस्तुत किया था।शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक अजय सोलंकी को मामले की जांच सौंपी। प्रधान आरक्षक ने अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला। सीसीटीवी फुटेज से मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस ने बैग को सकुशल बरामद कर लिया। थाने में आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पूरा सामान फरियादिया लताबाई को सुपुर्द कर दिया गया, जिस पर उन्होंने पुलिस प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के लिए आभार प्रकट किया।

## प्रभुलाल सूर्यवंशी राजीव गांधी गौरव अवार्ड से हुए सम्मानित



**मन्दसौर।** वैश्विक शांति, सामाजिक समरसता और अंतर्राष्ट्रीय मैत्री संबंधों को बढ़ावा देने के क्षेत्र में कार्यरत अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सदभावना दिवस महोत्सव के दौरान मंदसौर के समाजसेवी एवं राष्ट्रीय अजा जजा विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल सूर्यवंशी (मैनेजर) को प्रतिष्ठित च्राजीव गांधी गौरव अवार्डज् से सम्मानित किया गया। 25 देशों के राष्ट्रध्वजों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में देश भर से चयनित 85 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व कैबिनेट मंत्री (राज.) डॉ. जितेन्द्र सिंह, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार हरपाल रावत, अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक व विधायक चौधरी रोहताश बेदी सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही, उन्हें दिसंबर माह में काठमांडू (नेपाल) में आयोजित होने वाले सार्क राष्ट्रों के सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया गया।

## नागर ब्राह्मण समाज का हाटकेश्वर भगवान का हुआ अभिषेक



**पिपलिया मंडी।** 24 अगस्त सावन का अंतिम सोमवार को नागर ब्राह्मण समाज एवं न्यास मंदसौर, प्रतापगढ़ व नीमच के द्वारा मंदसौर हाटकेश्वर मंदिर पर पंडित सूर्य प्रकाश शर्मा के आचार्यत्व में भगवान हाटकेश्वर का अभिषेक पूजा आरती संपन्न हुई अभिषेक के लाभार्थी बने समाज के सचिव श्रीमती निर्मला सतीश नागर। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भागवत कथा के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित



**पिपलिया मंडी।** दिनांक 24 अगस्त को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खेरखेड़ा में सात दिवसीय भागवत कथा के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कुं शक्तावत ने बाल विदुषी हिमांशी का धर्म दुपट्टा पहनाते हुए स्वागत एवं सम्मान करने के साथ ही साथ अपने उद्बोधन में माता बहनों एवं बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां पर इस प्रकार की धार्मिक भावनाओं का प्रवाह होता है वहां पर हमेशा सुख शांति एवं समृद्धि रहती है। और इस प्रकार के आयोजन करने वाली समितियों का सभी लोगों को हौसला अफजाई करना चाहिए एवं जींस गांव में इस प्रकार के धार्मिक विचारों का आदान-प्रदान होता है उस गांव से कभी भी किसी भी वृद्ध माता और बुजुर्ग को वृद्धा श्रम जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। एवं ग्रामीण क्षेत्र में जिस प्रकार से लाज शर्म की भावनाएं व्याप्त हैं और सभी लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं उसकी भी कुंवर शक्तावत ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

## धन्यवाद लिखा पोस्टकार्ड सांसद फिरोजिया को सौंपा

**बड़नगर।** प्रति रविवार तड़के 4 बजे रामेश्वरम तीर्थ स्थल की ओर जाने वाली ₹हमसफर साप्ताहिक ट्रेन बड़नगर से गुजरती है, लेकिन ठहरती नहीं, उसको बड़नगर में ठहराव देने और उज्जैन फतेहाबाद बड़नगर रतलाम खाचरोद नागदा उज्जैन सर्किल मेमू ट्रेन चलाने की मांग को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनकुमार के समक्ष क्षेत्रीय सांसद अनिलकुमार फिरोजिया द्वारा प्रस्तुत करने से प्रसन्न होकर रेल उपभोक्ता संघ बड़नगर के प्रतिनिधि मंडल में शामिल राजकुमार जैन, दिलीप पंचाक्षरी, राजेश राणा, सुरेशचंद्र माहेश्वरी , राकेश सरनोत, अनिल शर्मा, डॉ. डीके विश्वास, मुस्तफा सैफी , मनीष, उदय अग्निहोत्री, दिनेश शर्मा ऊंटवास , सुभाष गुप्ते , मोड़ीराम कुमावत, प्रवीण भारती, पवन वर्मा, ओम गेहलोत, अतुल लाठी ने बड़नगर विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या की उपस्थिति में बड़नगर प्रवास पर पधारे सांसद जी को बस किराये में हुई अनाप-शनाप बढ़ोतरी के दृष्टिगत जनहितकारी रेल सुविधा संबंधी मांग के ऐवज में धन्यवाद लिखा पोस्टकार्ड सौंपा।

## जनसमस्याओं को लेकर दिग्विजय सिंह से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**सारंगपुर।** सारंगपुर की क्षेत्रीय जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में लगातार गहराते संकटों और आम जनता को हो रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव कमल सिंह राणा के साथ दीपक कुमार प्रजापति और दिनेश पुरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सारंगपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण और शहरी जनता बेहाल है। इससे घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। किसानों को प्राकृतिक आपदा और मौसम की मार से हुए नुकसान का अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है।

## गोस्वामी समाज मंडल ने मनाई तुलसीदास जयंती



**बड़नगर।** श्री दशनाम गोस्वामी समाज मंडल बड़नगर ने रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पूजा अर्चना व आरती कर भगवती माता परिसर में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर देवपुरी गोस्वामी बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से प्रभु श्री राम के आदर्शो, मर्यादा, धर्म और लोग मंगल का संदेश दिया। गोस्वामी बंधुओं ने भी संत तुलसीदास के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के महंत जितेन्द्र भारती, किशोर गिरी, पवन भारती, भेरू गिरी, आशुतोष भारती आदि उपस्थित थे।

## समता प्राप्ति हेतु सामायिक करना जरूरी है- श्रीजी



**महिदपुर।** महिदपुर नगर में श्री वृहद तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक श्री संघ में चातुर्मास हेतु विराजित पपू सा.श्री तत्वलता श्रीजी मसा आदि ठाणा 4 की पावनकारी मंगल निश्रा में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्री संघ के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ सामायिक मंडल द्वारा आयोजित सामूहिक सामायिक आराधना में महिदपुर सकल जैन संघ के लगभग चार सौ (400) आराधकों द्वारा यह आराधना की गई। उक्त आयोजन में सर्वप्रथम उपस्थित सभी आराधकों को सुश्रावक धरमचंद आंचलिया ने सामायिक की क्रिया एवं साध्वीवर्या ने सभी को एकसाथ, एक समय पर करेमी भंते ऊचराया। तत्पश्चात अपने प्रवचन में साध्वीजी ने बताया कि शांति प्राप्त करने हेतु सामायिक करने का शास्त्रों में मार्ग बताया है।

जरूरतमंदों के साथ त्योहार की खुशियां बांटने की अनूठा सिलसिला

# रक्षाबंधन के पूर्व खुशियों के ओटले में 130 महिलाओं को बांटी साड़ियाँ, बच्चों को भी वितरित किए कपड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व रविवार को ब्यावरा में जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला पर 130 महिलाओं को नई साड़ियों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को भी नए कपड़े बांटे गए। संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षा बंधन के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के साथ त्योहार की खुशियां साझा की गईं।

संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षभर विभिन्न त्योहारों और विशेष अवसरों पर जरूरतमंद परिवारों को नए कपड़े एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। चाहे करवा चौथ हो, दीपावली हो या अन्य कोई पर्व, संस्था का प्रयास रहता है कि जरूरतमंद परिवार भी त्योहार को खुशी और सम्मान के साथ मना सकें। उन्होंने बताया संस्था द्वारा 200 महिलाओं को नई साड़ियां वितरित करने की व्यवस्था की गई है, जिनमें से 130 महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। शेष साड़ियों का वितरण भी शीघ्र ही रक्षा बंधन से पूर्व किया जाएगा।

शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बचने वाले भोजन को भी संस्था द्वारा एकत्रित कर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाता है, ताकि भोजन की बर्बादी को रोका जा सके और जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध हो सके।

डॉ. सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संस्था *गुरु नानक देव जी के तीन मूल संदेशों नाम जपना, कीरत करना और वंड छकना को अपने सेवा कार्यों का आधार मानकर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने का प्रयास करती है।

### सेवा कार्यों में भी अग्रणी है संस्था

खुशियों का ओटला केवल त्योहारों पर सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए वर्षभर विभिन्न गतिविधियां संचालित करता है। संस्था द्वारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं कोचिंग, कंप्यूटर शिक्षा और आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही प्रतिदिन रात में जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जाता है।

आदिनाथ कॉलोनी शंखेश्वर धाम जिनालय में हुआ वार्षिक ध्वजारोहण

# ध्वजा का लहराना सुख, समृद्धि, शांति का प्रतीक : सुधासना श्रीजी मसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



जवाहर मार्ग स्थित आदिनाथ कॉलोनी शंखेश्वर पारसनाथ जिनालय में वार्षिक ध्वजारोहण धूमधाम और उत्साह उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः बेला में स्नात्र पूजन का आयोजन हुआ जिसमें धर्मालुजनों द्वारा प्रभु अभिषेक किया गया। पश्चात विधिकारक द्वारा सत्तर भेदी पूजन पढ़ाई गई।

इस अवसर पर परम पूज्य साध्वीजी सुधासना श्रीजी, मुदिता श्रीजी मसा. की मंगल अगवानी राजेंद्र, मुकेश, संगीता, हर्षित, हर्ष, ऋषभ दंगवाड़ा, राजेश गोलेचा एवं सचित नाहटा सहित सकल श्री संघ द्वारा की गई। ध्वजा को सिर पर धारण कर जिनालाय परिसर में प्रवेश कराया प्रभु के समक्ष ध्वजा को रखकर सभी को दर्शन करा कर शिखर पर ध्वजारोहण मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से शुभ मुहूर्त में ध्वजा लहराई गई ओम पुण्या हाम ओम प्रीहंताम के जयकारों के साथ सकल श्री संघ की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री राजेंद्र जैन मूर्ति पूजक ट्रस्ट सहित समाजजन महानुभाव भारी संख्या में उपस्थित थे। पूज्य साध्वी सुधासना श्री जी महाराज साहब ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिधर जिधर ध्वजा लहराती है उधर उधर लीला लहर होती है ध्वजा का लहराना सुख समृद्धि एवं वैभव का प्रतीक है। साध्वी जी महाराज साहब ने आगे कहा कि हमें हमेशा शासन प्रभावना सेवा एवं परोपकार के कार्य करते रहना चाहिए इस अवसर पर विधिकारक आशीष जैन जावरा थे । वही शशि सिसोदिया जावरा ने अपने मधुर वाणी से भक्ति गीतों के माध्यम से कार्यक्रम में समा बाँधा।



## ग्राम बटावदा से निकली भव्य कावड़ यात्रा, शिवभक्ति में डूबे सैकड़ों श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार ग्राम बटावदा के ग्रामीणों द्वारा सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ियों ने नजदीकी ग्राम बटावदा से कावड़ में पवित्र जल भरकर लगभग 2 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए जीरापुर जनपद पंचायत परिसर स्थित महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कई वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में इस वर्ष भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा में महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। पूरे रास्ते श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भगवान शिव के भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ते रहे और बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कावड़ियों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान महादेव का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



## रक्षा सूत्र बना समरसता और स्नेह का प्रतीक, बड़नगर में हुआ भव्य आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

समरसता और भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय वाटिका में भव्य स्नेहसूत्र - बहनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड पार्षद यादवेंद्र कृष्णचंद यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कन्याओं के पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने पार्षद यादवेंद्र यादव को रक्षा-सूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पार्षद यादव ने सभी बहनों का आत्मीय अभिनंदन किया और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र केवल एक धागा नहीं, बल्कि समरसता, सुरक्षा और विश्वास का बंधन है। कार्यक्रम में पं. रितेश शर्मा एवं शुभम रैना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मनमोहक भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिस पर बहनों ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। संस्था सारथी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आत्मीयता, उल्लास और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का भावपूर्ण वातावरण बना रहा।

छात्र के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही

# स्कूल में होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र के साथ हुई मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लड़ाई झगड़ा मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए संबंधित अपराध के दो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कार्यवाही की।

फरियादी मनोज पिता पवन प्रजापति 18 साल ग्राम पिपलोदी कालीपीठ हाल बाराद्वारी राजगढ उत्कृष्ट स्कूल में कक्षा 12वीं मे पढता है। जब वह पानी की टंकी के पास ग्राऊण्ड में बैठा था तभी अर्जुन पिता सागर गुर्जर उसके एक साथी के साथ आया और स्कूली चुनाव में उसके भाई को वोट नहीं देने को लेकर डंडो से फरियादी के साथ मारपीट की, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अर्जुन पिता सागर गुर्जर 21 साल ग्राम पिपलोदी राजगढ़ और अनुज पिता पर्वतसिंह सेन 21 वर्ष ग्राम बगा राजगढ़ को गिरफ्तार कर नोटिस तामिल कराया व आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई।

बड़ौद पुलिस की नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई

# 94.70 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार, 10.55 लाख का मशरूका जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन, एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाह के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बड़ौद निरीक्षक रूपसिंह बैस के नेतृत्व में थाना बड़ौद पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 94.70 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों से दो मोबाइल फोन एवं दो मोटरसाइकिल सहित कुल 10,55,000 कीमत का मशरूका जप्त किया गया है। 23 अगस्त को थाना बड़ौद पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुराड़िया बडौद स्थित पुरानी गिट्टी मशीन के पीछे गौशाला रोड पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से टऊ ड्रग्स लेकर किसी व्यक्ति को देने आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध दानुसिंह पिता चन्दरसिंह सौंधिया राजपूत उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम लोटिया किशना, पुलिस थाना बड़ौद को पकड़ा गया। विधिसम्मत तलाशी में उसके कब्जे से 94.70 ग्राम टऊ ड्रग्स, कीमत लगभग ?9,40,000, ४५ङ्क मोबाइल फोन एवं बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई पूछताछ में आरोपी दानुसिंह ने उक्त एमडी ड्रग्स शंकरसिंह पिता गोपालसिंह सौंधिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम महुडिया, थाना बड़ौद से प्राप्त करना बताया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर शंकरसिंह को पकड़ा गया। पूछताछ में उसके द्वारा दानुसिंह को उक्त मादक पदार्थ उपलब्ध कराना स्वीकार किया गया। प्रकरण में अपराध के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है तथा शंकरसिंह की भूमिका सामने आने पर धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा किया गया है।



दोनों आरोपियों से मादक पदार्थ के स्त्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है।दोनों आरोपियों को विधिसम्मत कार्रवाई उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपसिंह बैस, सउनि दरबारसिंह पंवार, प्रआर अर्जुन बागड़ी, सतीश मोदी, हेमंत सिसोदिया, राकेश शर्मा, आरक्षक शुभम जोशी, भीमसिंह मालवीय, राँकी जाट एवं आकाश टेकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## जेल रोड़ से निकली कावड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**महिदपुर।** नगर के जेल रोड़ से शिव भक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली। कावड़ यात्रा उपजेल परिसर स्थित केदारेश्वर महादेव का जलाभिषेक एवं पूजन, अर्चन करने के पश्चात डीजे की धुन एवं ढोल ढमाकों के साथ प्रारंभ हुई। कावड़ यात्रा में छोटे बच्चों से लगाकर अपार संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया। कावड़ यात्री हर हर महादेव और बोल बम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। कावड़ यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए 3 किलोमीटर दूर शिप्रा तट स्थित ऐतिहासिक भगवान धुर्जटेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पर शिव भक्तों द्वारा भोले बाबा का जलाभिषेक कर आरती व पूजन करके प्रसाद वितरण किया गया। कावड़ यात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया । कावड़ यात्रा में पहली बार छोटे-छोटे बच्चों ने भी कंधों पर कावड़ उठाकर श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया ।

## प्रेमगिरी गोस्वामी को संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत किया



**महिदपुर।** दशनामी दत्त सेना संगठन गोस्वामी समाज की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी का गठन रतलाम जिले में किया गया। जिसमें उज्जैन संभाग के अध्यक्ष के पद पर श्री प्रेमगिरी गोस्वामी ग्राम इटावा को नियुक्त किया गया। समस्त समाज बंधुओं की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र प्रदान कर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री गोस्वामी की नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए महिदपुर में स्वागत समारोह आयोजित कर श्री प्रेमगिरी गोस्वामी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल चौधरी महिदपुर, जीवन चौधरी आक्यालिम्बा, मुकेश चौधरी किटीया, कृष्णकांत शर्मा, देवसिंह तंवर, उमेश चौधरी, ऋतुराज चौधरी आदि ने स्वागत कर सम्मान किया।

## सत्ता की गोद में बैठे नेताओं की दबंगता ग्राम सिका तालाब में अवैध खनन



**ब्यावरा।** पचोर तहसील के सिका ग्राम पंचायत में शासकीय तालाब से नेताओं के द्वारा अवैध रूप से मिट्टी और मुरम खनन करने का मामला सामने आया है वायरल वीडियो में मशीनों के जरिए भारी मात्र में ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी से तालाब क्षेत्र में खुदाई होती दिखाई दे रही है। स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं कि प्रभावशाली और सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों की कथित शह के चलते खनन माफियाओ द्वारा उत्खनन की गतिविधियां बेखौफ जारी हैं शासकीय तालाब में मशीनों के पहुंचने और खुदाई किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भी राजस्व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार करने के सवाल उठाए जा रहे हैं आखिर शासन द्वारा प्रतिबंधित अथवा सार्वजनिक जलस्त्रोत क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों की अनुमति किसके द्वारा दी गई यदि खनन बिना वैध अनुमति के किया जा रहा है तो सरकार को भारी मात्रा में राजस्व नुकसान के साथ पर्यावरण और जलस्त्रोत के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन और खनिज विभाग से पूरे मामले की मौके पर जांच कर खनन अनुमति की पड़ताल और दोषी पाए जाने पर राजस्व अधिकारी और खनन माफियाओं पर कार्रवाही की मांग की है अब यह देखना होगा कि प्रशासन वायरस वीडियो में नजर आ रही मशीनों और खनन माफियाओ की अवैध गतिविधि की जांचकर जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाही करता है।

## बाबा बूढ़ा अमरनाथ साहसिक यात्रा के लिए 30 कार्यकर्ता रवाना




**सुसनेर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली बाबा बूढ़ा अमरनाथ साहसिक यात्रा के लिए सुसनेर प्रखंड से 30 कार्यकर्ता रवाना हुए। जिला संयोजक अनिल कावल के नेतृत्व में कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर तथा भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और उन्हें यात्रा के लिए विदाई दी। कार्यकर्ता रविवार को जम्मू पहुंचेंगे, जहां से बजरंग दल की साहसिक बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए बस के माध्यम से आगे रवाना होंगे। यह यात्रा करीब 10 दिनों तक चलेगी। यात्रा जम्मू से प्रारंभ होकर सुंदरबनी, राजोरी और पुंछ होते हुए बाबा बूढ़ा अमरनाथ धाम पहुंचेगी। यात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल होते हैं। इसी क्रम में 23 अगस्त को मालवा प्रांत के कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता विभिन्न पड़ावों से होते हुए बाबा बूढ़ा अमरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुसनेर प्रखंड से रवाना हुए कार्यकर्ताओं में प्रखंड संयोजक सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं के रवाना होने के दौरान दुर्गा वाहिनी की बहनों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। इस दौरान धार्मिक वातावरण के बीच कार्यकर्ताओं को भगवा दुपट्टा पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



# आंखों को रखें सुरक्षित इन बातों को कभी न भूलें

अक्सर मौनसून में हम बारिश में भीग जाते हैं। जिससे बारिश के बानी के साथ हमारी आंखों में धूल मिट्टी भी चली जाती है। आंखों में धूल मिट्टी जाने से ये नुक्सान पहुंचाती है। फेस का सबसे जरूरी और खूबसूरत अंग है हमारी आंखे, जिसका ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इसीलिए आज हम आई आई सेंटर के डाक्टर से हुई बातचीत के आधार पर मौनसून में आंखों का ख्याल कैसे रखें इसके बारे में बताएंगे।



### 1। धूल और गंदे पानी से रहें दूर

गंदे पानी को अपनी आंखों में न जानें दें। अगर आप बारिश में भीग गए हैं तो घर आ कर तुरंत साफ पानी से नहा लें या साफ पानी और साबुन से अपना चेहरा धो लें ताकि आंखों को बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाया जा सके। अगर धूल भरी आंधी चल रही हो तो सनग्लासेस का इस्तेमाल करें। यह आप की आंखों को धूल से भी बचाएगा और परा-बैंगनी किरणों से इन की सुरक्षा भी करेगा। अपने घर के आसपास गंदा पानी न इकट्ठा होने दें क्यों कि इस से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।



### 2। संक्रमित स्थानों और चीजों से रहें दूर

अगर आंखों का संक्रमण बहुत फैल रहा है तो स्विमिंग पुल न जाएं। कई लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने के कारण इन्हें बैक्टीरिया और दूसरे संक्रमणों का ब्रीडिंग ग्राउंड माना जाता है। अगर आप के आसपास किसी को आंखों का संक्रमण हुआ है या लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो उस से दूर रहें। उस की टौवेल, नैपकिंस या दूसरी कोई निजी चीज इस्तेमाल न करें।

### अपने साथ रखें हमेशा आई ड्रौप्स

इस मौसम में आप को आंखों में और उस के आसपास खुजली हो सकती है, ऐसे में ठंडे पानी से आंखें धो लें। अगर समस्या बनी रहे तो जनरल फिजिशियन को दिखाएं और डौक्टर द्वारा प्रिस्क्राइब्ड आई ड्रौप्स डालें। अगर आई ड्रौप्स डालने के बाद भी खुजली और आंखों का लालपन दूर न हो तो किसी अच्छे नेत्र रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। अपने बच्चों को संक्रमण से बचाएं। बच्चों में संक्रमण का खतरा अधिक होता है। बारिश के मौसम में बच्चों की आंखें स्वस्थ्य रहें इस का विशेष प्रयास करना चाहिए। उन्हें पर्सनल हाइजीन के गुर सिखाएं। उन्हें समझाएं कि जब भी जरूरी हो अपने हाथों को साफ पानी या सेनेटाइजर से साफ करें क्यों कि आंखों का संक्रमण गंदे हाथों से उन्हें छूने और रगड़ने से फैलता है।



## रोजाना खाएं एक मुट्ठी मिक्स ड्राई फ्रूट्स

# मिलेंगे जबरदस्त फायदे

ड्राई फ्रूट्स न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि ज्यादातर ड्राई फ्रूट्स सुपर फूड होते हैं। अगर आप रोजाना महज एक मुट्ठी मिक्स ड्राई फ्रूट्स का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी सेहत को जबरदस्त फायदे मिलते हैं। सवाल है, कैसे फायदे? इस बारे में एक्सपर्ट स्पष्ट करते हैं कि रोजाना एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होती है, पाचन क्षमता में सुधार होता है और एनर्जी का स्तर भी बढ़ता है। यहां हम आपको ड्राई फ्रूट्स खाने के अन्य जबरदस्त फायदों के बारे में भी बताएंगे।

### हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

जब आप रोजाना एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स खाते हैं, तो इसकी वजह से आपको कई आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। जैसे बादाम और पिस्ता में अच्छे फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है। इसका सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटता है। वहीं, अगर आप अखरोट भी खाते हैं, तो इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड ब्लड वेसल्स को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे ब्लड फ्लो बेहतर होता है और हार्ट बेहतर तरीके से ब्लड पंप करता है।

रोजाना एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स खाने से पाचन क्षमता भी दुरुस्त होती है। दरअसल, ड्राई फ्रूट्स जैसे खजूर और अंजीर फाइबर का बहुत अच्छा स्रोत है। जिन लोगों को अक्सर कब्ज की समस्या रहती है, उन्हें अपनी डाइट में अंजीर जरूर शामिल करना चाहिए। साल 2023 में ठ४३१९ल्ल३२ में प्रकाशित यह प्रीबायोटिक्स की तरह काम करता है, जिससे पेट के माइक्रोबायाटा (पेट के बैक्टीरिया) को पूरा सपोर्ट मिलता है और मल त्याग प्रक्रिया आसान हो जाती है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि रोजाना महज एक छोटी मुट्ठी भर ड्राई फ्रूट्स ही लें।

### इम्यून सिस्टम में सुधार

कहने की जरूरत नहीं है कि जब हमारी इम्यूनिटी अच्छी होती है, तो हमारी सेहत पर अच्छा असर पड़ता है। ऐसे में संक्रमण से लड़ने की हमारी क्षमता बेहतर होती है और बदलते मौसम में बीमार होने का जोखिम कम होता है। विशेषज्ञों की मानें, तो बादाम में विटामिन-ई होता है, जो ब्लड सेल्स को सुरक्षा प्रदान करते हैं, अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड का अच्छा स्रोत है और किशमिश तथा खजूर आयरन और कॉपर का अच्छा स्रोत है। रोजाना एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स खाने से एनर्जी का स्तर भी संतुलित रहता है। हालांकि, 20 से 30 ग्राम ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से शरीर की स्ट्रेंथ बढ़ती है। असल में, इनमें मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स सेल्स को प्रोटेक्ट करते हैं, जिससे व्हाइट ब्लड सेल्स बेहतर तरीके से काम करते हैं। इस तरह शरीर इंफेक्शन से लड़ने में सक्षम हो जाता है।




यूपी प्रीमियर लीग में सिर्फ 7 गेंदों में 29 रन की पारी खेली

# रिंकू ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को रिंकू सिंह ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 7 गेंदों पर 29 रन बनाए। मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने गोरखपुर लायंस के खिलाफ अपनी पारी में 2 चौके और 3 छक्के लगाए।

उनकी इस पारी की मदद से मेरठ ने यूपी टी-20 लीग के 16वें मैच में गोरखपुर को 10 विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच 8-8 ओवर का कर दिया गया था। गोरखपुर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट पर 91 रन बनाए। जवाब में मेरठ मावेरिक्स ने 6.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 92 रन बनाकर मैच जीत लिया। यह मेरठ मावेरिक्स की इस सीजन में लगातार छठी जीत है। टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। वहीं, गोरखपुर लायंस की 6 मैचों में यह चौथी हार है। मेरठ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गोरखपुर के ओपनर अभय प्रताप सिंह ने 16 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। मेरठ के जीशान अंसारी ने 2 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 4 विकेट लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। रिंकू सिंह के अलावा मेरठ मावेरिक्स की ओर से स्वास्तिक चिकारा ने नाबाद 44 रन बनाए। 92 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मेरठ ने शुरूआत से ही तेज बल्लेबाजी की। स्वास्तिक ने 24 गेंदों की पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। अक्षय दुबे 9 गेंदों पर 13 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए।

### स्वास्तिक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

स्वास्तिक चिकारा यूपी टी20 लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 6 मैचों में 229 रन बनाए हैं। करन शर्मा 5 मैचों में 186 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। गेंदबाजों की लिस्ट में जीशान अंसारी 14 विकेट के साथ पहले नंबर पर हैं। अभिनंदन सिंह 13 विकेट लेकर दूसरे नंबर पर हैं।




# भारत से पहले ढाका में ट्रेनिंग कर सकता है ब्राजील

एजेंसी ▸▸ ब्राजील

ब्राजील की फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश के ढाका में ट्रेनिंग कैंप लगाने पर विचार कर रही है। ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 23 अगस्त को ढाका का दौरा किया। टीम ने नेशनल स्टेडियम, बसुंधरा किंग्स एरेना और कई होटलों का निरीक्षण किया। बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष तबिथ अवल ने बताया कि ब्राजील के साथ ढाका में ट्रेनिंग करने और बांग्लादेश के खिलाफ फ्रेंडली खेलने समेत सभी विकल्पों पर बात हुई है। हालांकि, अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। ब्राजील 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टाउन्सविले और 29 सितंबर को ब्रिस्बेन में मुकाबला खेलेगा। इसके बाद टीम भारत आएगी।

बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के मुताबिक, ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल स्टेडियम और बसुंधरा किंग्स एरेना की पिच को टीम के लिए सही बताया। हालांकि, ड्रेसिंग रूम, तकनीकी स्टाफ के लिए जगह और एंट्री-एग्जिट पर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई गई है। ढाका में ब्राजील और बांग्लादेश के बीच 5 या 6 अक्टूबर को फ्रेंडली मैच की भी चर्चा हुई है। हालांकि, बांग्लादेश की टीम 24 सितंबर से 4 अक्टूबर तक इंडोनेशिया में एफआईएफए एशियन कप में खेलेगी। भारत-ब्राजील मुकाबला 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में होगा। यह ब्राजील का भारत में पहला मुकाबला होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने 30 जुलाई को इसकी घोषणा की थी। मैच से पहले पांच सदस्यीय दल ने कोलकाता का भी निरीक्षण किया।

### नैनो न्यूज

- **भारत-श्रीलंका टेस्ट में भारत मजबूत** – कोलंबो टेस्ट के पहले दिन भारत ने 300/5 बनाए। शुभमन गिल और देवदत्त पडिक्कल ने शतक लगाए।
- **पडिक्कल का लगातार दूसरा शतक** – देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का दूसरा शतक जमाया।
- **जडेजा ने रचा इतिहास** – रविंद्र जडेजा 50 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मुकाबले खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने।
- **सारांश जैन का भारत डेब्यू** – मध्यप्रदेश के ऑलराउंडर सारांश जैन ने 33 साल की उम्र में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया।
- **पंत को लगी चोट** – श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में ऋषभ पंत की कलाई पर चोट लगी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा।
- **भारत हॉकी में बड़ा झटका** – नीदरलैंड्स ने भारत को 3-1 से हराया, जिससे भारतीय पुरुष टीम की सेमीफाइनल उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं।
- **ट्रीसा-गायत्री ने पदक पक्का किया** – भारतीय जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया।
- **कर्ण शर्मा ने लिया संन्यास** – चार बार आईपीएल विजेता रहे कर्ण शर्मा ने 38 साल की उम्र में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया।

# कोलंबो में सिर टकराने पर यशस्वी जायसवाल और असिथा फर्नांडो की 25 प्रतिशत फीस कटी

## यशस्वी के बोल्ड होने पर दोनों भिड़ गए थे; दोनों ने गलती मानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन यशस्वी जायसवाल और असिथा फर्नांडो के बीच हुए विवाद पर आईसीसी ने दोनों की 25-25% मैच फीस काटी है। दोनों के खिलाड़ियों के खाते में 1-1 डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।

24 महीने में 4 डिमेरिट पॉइंट होने पर प्लेयर एक या दो मैच के लिए सस्पेंड हो सकता है। फर्नांडो ने यशस्वी को बोल्ड किया था। इसके बाद दोनों एक-दूसरे के सामने आ गए और एक-दूसरे के सिर से सिर मार दिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी गलती मान ली है और आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की ओर से प्रस्तावित सजा मान ली। इसलिए मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

घटना भारतीय पारी के 17वें ओवर में हुई थी। असिथा फर्नांडो ने जायसवाल को बोल्ड किया था। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज फर्नांडो की ओर गए और दोनों के बीच कुछ देर तक बहस हुई।

इसके बाद फर्नांडो ने अपना सिर जायसवाल की ओर बढ़ाया। जवाब में जायसवाल भी उनकी ओर झुके। इसी दौरान दोनों के सिर आपस में टकरा गए।

आईसीसी ने दोनों खिलाड़ियों को कउउ कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.12 के उल्लंघन का दोषी माना। यह नियम किसी खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से जुड़ा है।




**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### कलेक्शन एजेंट पर बदमाश ने किया 8 से 9 बार चाकू से हमला

**धार।** धार के नौगांव थाना क्षेत्र के जेतपुरा में रविवार दोपहर कलेक्शन एजेंट पर चाकू से हमला किया गया। रामनगर निवासी शुभम मालुसरे बाइक से काम के लिए जा रहे थे। जेतपुरा के सीएनजी पेट्रोल पंप के पास आरोपी शुभम रोमियो ने उन पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित बाइक से गिर गया। इसके बाद आरोपी ने उन पर 8 से 9 बार चाकू से वार किए। शुभम के हाथ, पैर और कमर में चोट आई है। हमला करने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। घायल शुभम को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। उनका इलाज जारी है। शुभम ने पुलिस को बताया कि आरोपी शुभम रोमियो के साथ उनका पुराना विवाद है।

### धार में सावन के आखिरी सोमवार निकली कांवड़ यात्रा

**धार।** धार में सावने के आखिरी सोमवार को महाराजा भोज उत्सव समिति ने मातृशक्ति समरसता कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा नागचंद्रेश्वर मंदिर से शुरू हुई। बड़ी संख्या में महिलाएं कांवड़ और कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा शहर के प्रमुख रास्तों से होकर भोजशाला पहुंची। कांवड़ यात्रा कुछ देर भोजशाला में रुकी। इसके बाद महिलाएं धारेश्वर मंदिर पहुंचीं ।यहां सभी महिलाओं ने भगवान धारनाथ का जलाभिषेक किया। इसके लिए नर्मदा और सरस्वती ज्ञान कूप का जल इस्तेमाल किया गया। महाराजा भोज उत्सव समिति हर साल यह कांवड़ यात्रा निकालती है। समिति के अनुसार, यात्रा मां वाग्देवी की पुनर्स्थापना के संकल्प के साथ निकाली जाती है।

### झाबुआ के रूपाखेड़ा में किराना दुकान से अवैध शराब जब्त

**झाबुआ।** झाबुआ में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र मानिकपुरी के निर्देश पर विभाग ने यह कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम रूपाखेड़ा के माली फलिये में नंदू उर्फ व्यास पिता अर्जुन पंचाल के मकान और किराना दुकान पर दबिश दी। तलाशी में 36 पेटी अवैध विदेशी शराब (384.12 बल्क लीटर) बरामद हुई। इसमें माउंट कैन बीयर की 21 पेटी, बैगपाइपर डीलक्स व्हिस्की की 11 पेटी, गोवा व्हिस्की की 2 पेटी, किंगफिशर बीयर केन की 1 पेटी और किंगफिशर बीयर कांच की 1 पेटी शामिल है। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 1,81,128 रुपये बताया गया है।

### बारिश नहीं होने पर निकाली जिंदा बुजुर्ग की शव यात्रा



**महू में बुजुर्ग को अर्थी पर लिटाकर ग्रामीणों ने इंद्रदेव से वर्षा की प्रार्थना की**

**महू।** महू के पास गवली पलासिया गांव में आज सोमवार को ग्रामीणों ने अच्छी बारिश की कामना के लिए 'जिंदा शव यात्रा' निकाली। क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण अनोखी परंपरा निभाई गई। परंपरा के अनुसार, ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग को शव की तरह अर्थी पर लिटाया और उसकी प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, जो गांव की गलियों से होते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान ग्रामीणों ने बारिश के लिए प्रार्थना भी की। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, यह एक वर्षों पुरानी परंपरा है। मान्यता है कि जब लंबे समय तक बारिश नहीं होती और फसलों को पानी की आवश्यकता होती है, तब इस तरह का आयोजन किया जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जिंदा व्यक्ति की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालने से इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं और क्षेत्र में वर्षा होती है। बारिश न होने से क्षेत्र के किसान भी चिंतित हैं। खरीफ की फसलों के लिए पर्याप्त वर्षा आवश्यक है, और ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश नहीं हुई तो फसलों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। इसी उम्मीद के साथ ग्रामीणों ने यह परंपरा निभाकर जल्द अच्छी बारिश की कामना की है।

## नैनो न्यूज

- **सोना 1.62 लाख के पार** – इंदौर में 24 कैरेट सोना सोमवार को करीब 16,233 प्रति ग्राम दर्ज हुआ।
- **सराफा बाजार में तेजी** – ऊंचे अंतरराष्ट्रीय भाव के बीच इंदौर के सराफा कारोबार में सोने की कीमतें मजबूत बनी हुई हैं।
- **चांदी के भाव में बदलाव** – इंदौर में सोमवार को चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव जारी है, जिससे सराफा कारोबारियों की गतिविधियां प्रभावित हैं।
- **प्याज में तेजी की चर्चा** – इंदौर मंडी में प्याज के भाव में तेजी की रिपोर्टें सामने आई हैं।
- **मंडी में सोयाबीन कमजोर** – इंदौर मंडी में सोयाबीन भाव में गिरावट की रिपोर्ट सामने आई है, जिससे किसानों और व्यापारियों की नजर बाजार पर है।
- **24 घंटे दुकान खोलने पर चर्चा** – इंदौर में दुकानों को 24 घंटे खोलने के मुद्दे पर सर्वे और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है।
- **फ्लाईओवर से व्यापार प्रभावित होगा** – शहर में चार फ्लाईओवर के प्रारंभिक कार्य शुरू हो गए हैं, ट्रैफिक डायवर्जन से आसपास के कारोबार पर असर पड़ सकता है।
- **इंदौर का निवेश फोकस बढ़ा** – फार्मा क्षेत्र की कंपनी का बड़ा आईपीओ आने से इंदौर के कॉरपोरेट और निवेश बाजार में गतिविधि बढ़ी है।

पीथमपुर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो 200 से अधिक कांवड़ियों के जत्थे में घुसी

# 26 को कुचला, 3 इंदौर रेफर, भीड़ ने कार में लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पास पीथमपुर में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो 200 से अधिक कांवड़ियों के जत्थे में घुस गई। हादसे में 26 कांवड़िए घायल हुए हैं। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने स्कॉर्पियो में आग लगा दी। ड्राइवर मौके से भागा, लेकिन लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। 3 घायलों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

घटना दोपहर करीब साढ़े 3 बजे की है। विजय श्री हनुमान कांवड़ यात्रा बोकेश्वर से इंदिरामा की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो श्रद्धालुओं को कुचलते हुए निकली। टक्कर के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। यात्रा के साथ पुलिस बल भी चल रहा था। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां घायलों का इलाज चल रहा है।



**13 घायलों के नाम सामने आए-** घायलों में शैलेश (रवीन्द्र), आशा, लक्ष्मी, प्रकाश (नन्दराम), गोलू (मुन्नालाल), दीपक, पवन, ऋषिका, विशाल, शुभम, कैलाश, लालू और खुशी शामिल हैं।

कांवड़ियों से भरा ट्रैक्टर पुल से नीचे गिरा

### धार में स्टीयरिंग फेल होने से ट्रॉली बेकाबू, एक की मौत, 19 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार जिले के कुक्षी थाना क्षेत्र में सावन के चौथे अंतिम सोमवार को नर्मदा जल लेने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे गिर गई। हादसे में 19 श्रद्धालु घायल हो गए। राजू पकाव नाम के युवक की मौत हुई है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दो युवक गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। बड़वानी जिला अस्पताल के डॉक्टर एसएन पाटीदार ने बताया कि धार से 18-19 मरीज यहां भर्ती हैं। इनमें से 6 से 7 की हालत गंभीर है। उनके सिर, कमर, हाथ और पेट में चोटें हैं। घटना निसरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम



कडमाल से करीब एक किलोमीटर दूर एक पुल पर हुई। श्रद्धालु पुराने चिखलदा की ओर नर्मदा जल लेने के लिए कावड़ यात्रा पर निकले थे। पुल पर पहुंचते ही ट्रैक्टर का स्टीयरिंग फेल हो गया। ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे गिर गई।

तीन माह पहले सूचना, नहीं रुका अवैध वनोपज का खेल, इंदौर के सात गश्त दल नहीं कर पाए कार्रवाई

# भोपाल की टीम ने आकर पकड़ी फर्जी टीपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार रोड स्थित जीएनटी टिम्बर मार्केट में अवैध वनोपज और बिना टीपी लकड़ी के कारोबार की शिकायत इंदौर वन विभाग के अधिकारियों तक करीब तीन माह पहले ही पहुंच गई थी। शिकायतों के आधार पर डीएफओ ने बाकायदा रात्रि गश्त के लिए सात दलों का गठन भी किया था।



- सात दलों को दी थी निगरानी की जिम्मेदारी गश्ती दलों को जीएनटी मार्केट और आसपास के स्थलों पर सतत गश्त करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे कि किसी भी प्रकार की वनोपज अवैध रूप से बिना टीपी के इंदौर शहर में प्रवेश न कर सके। प्रत्येक दल को सप्ताह में एक दिन रात्रि गश्त कर निगरानी रखना थी।
- यानी विभाग के पास न केवल शिकायत की जानकारी थी, बल्कि संभावित अवैध परिवहन को रोकने के लिए निगरानी की व्यवस्था भी करीब तीन माह पहले से मौजूद थी। इसके बावजूद जीएनटी मार्केट में अवैध वनोपज के परिवहन और कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी।

इन दलों को सप्ताह के अलग-अलग दिनों में जीएनटी मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बावजूद स्थानीय वन अमले की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई। शुक्रवार को राज्य स्तरीय उड़न दस्ते ने इसी क्षेत्र में दबिश देकर दो वाहनों में भरी बबूल की लकड़ी पकड़ी। इनमें एक वाहन के पास टीपी नहीं थी, जबकि दूसरे की टीपी जांच में फर्जी मिली।

डीएफओ की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट तौर पर लिखा गया था कि सीएम हेल्पलाइन, दूरभाष और अन्य स्रोतों से सूचना प्राप्त हो रही है कि जीएनटी मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध वनोपज बिना टीपी के लाई जा रही है और उसका अवैध व्यापार हो रहा है। इसी के बाद अवैध वनोपज की जांच और रोकथाम के लिए सात रात्रि गश्ती दल गठित किए गए थे। शिकायत भोपाल पहुंची तो राज्य स्तरीय टीम ने की कार्रवाई जीएनटी मार्केट में लंबे समय से फर्जी टीपी और बिना टीपी लकड़ी के परिवहन की शिकायतें सामने आने के बाद मामला राज्य स्तर तक पहुंचा। इसके बाद राज्य स्तरीय उड़न दस्ते ने गुरुवार रात से इंदौर में सक्रिय होकर शुक्रवार को धार रोड स्थित जीएनटी टिम्बर मार्केट में कार्रवाई की। टीम ने धार रोड की ओर से आ रहे बबूल की लकड़ी से भरे दो वाहनों को रोका। जांच में एक वाहन चालक लकड़ी परिवहन की टीपी पेश नहीं कर सका। दूसरे वाहन में महाराष्ट्र के जलगांव की टीपी दिखाई गई, लेकिन टीम ने दस्तावेज को स्कैन कर तैयार की गई फर्जी टीपी बताया। दोनों वाहनों को जब्त कर वन विभाग के नवरत्न बाग स्थित कार्यालय भेज दिया गया।

# सीएम का नाम लिखकर डॉ. का फर्जी ट्रांसफर लेटर बनाया

### आलीराजपुर में सीहोर का आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम और फोटो का गलत इस्तेमाल कर एक आयुष डॉक्टर का फर्जी ट्रांसफर आर्डर बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को इसका खुलासा किया।

सीहोर के रहने वाले आरोपी मुकेश भोसले को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

यह फर्जीवाड़ा तब खुला जब आलीराजपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर के व्हाट्सएप पर एक सरकारी लेटरहेड आया। इस लेटर में आयुष विभाग के एक डॉक्टर का तबादला उदयगढ़ से सोंडवा करने का आदेश लिखा था। लेटर का फॉर्मेट और भाषा देखकर सीएमएचओ को शक हुआ, जिसके बाद जांच करने पर वह पूरी तरह फर्जी निकला। इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि आरोपी ने मुख्यमंत्री की तस्वीर और मध्य प्रदेश सरकार के लोगो का इस्तेमाल कर फर्जी लेटरहेड तैयार किया था। आलीराजपुर एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी मुकेश भोसले सीहोर जिले के श्यामपुरा का रहने वाला है।

### एक ही जगह टीवी और ओटीटी का मजा वीजेडवाय की बिक्री 200 करोड़ के पार

dishtv | Vzy

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आज दर्शक मनोरंजन के लिए अलग-अलग डिवाइस और प्लेटफॉर्म के बीच नहीं उलझना चाहते। वे लाइव टीवी, ओटीटी और अपनी पसंद का कंटेंट एक ही जगह आसानी से देखना चाहते हैं। इसी बदलती पसंद के बीच डिश टीवी ग्रुप के कनेक्टेड एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो का हिस्सा वीजेडवाई स्मार्ट टीवी लॉन्च के पहले ही साल में 200 करोड़ रुपए से अधिक की कुल बिक्री दर्ज कर चुका है।

वीजेडवाई में लाइव टीवी चैनल, ओटीटी ऐप्स और एवीओडी कंटेंट एक ही इंटरफेस पर उपलब्ध हैं। इसमें पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होती, जिससे ग्राहकों को टीवी और स्ट्रीमिंग का आसान और एकीकृत अनुभव मिलता है। चुनिंदा मॉडल खरीदने पर 30,000 रुपए तक के विशेष कंटेंट लाभ भी दिए जा रहे हैं।

### आत्म प्रशंसा और पर निंदा से बचो- महाश्रमण सुधा सागर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मैं अच्छा हूं और सारी दुनिया बुरी है, मेरे से अच्छा कोई हो नहीं सकता और कर भी नहीं सकता जिसके मन में ऐसा भाव आ जाए उसका पतन निश्चित है। सारे जगत को बुरा कहने वाले तुम होते कौन हो? यह बात मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने सोमवार को दलाल बाग स्थित विद्या सुधा सत्संग मंडप में कहीं। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सकल दिगंबर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वाधान मे आयोजित चातुर्मासिक धर्म सभा में संबोधित कर रहे थे। मुनि श्री ने कहा कि तुम स्वयं को अच्छा तभी कह सकते हो जब सारे जगत के लोग और तुम्हारे माता-पिता तुम्हें अच्छा कहें, माने और तुम्हारी प्रशंसा करें। लेकिन स्वयं अपने मुंह से मियां मिट्ठू बनकर आत्म प्रशंसा और परनिंदा कर अहंकारी मत बनो। धर्म सभा में तीर्थ



चांदखेड़ी के अध्यक्ष हुकुम काका, अशोक डोषी, आनंद नवीन गोधा, हर्ष जैन, आलोक आकाश कोल, भूपेंद्र जैन, मयंक जैन, राकेश गोहिल अक्षय कासलीवाल रानी डोसी, सोनाली बगड़िया आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित थे।


# होटल में हिंदू युवती के साथ मिले 2 युवक

### करणी सेना कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंपा, कहा- उसे नशा करा रहे थे दोनों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 114 पार्ट-1 के होटल 'सिल्वर पैलेस' में राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रविवार रात को हंगामा में कर दिया। उन्होंने होटल के कमरे में खजराना निवासी दो युवकों पर आरोप लगाए हैं कि वे एक हिंदू युवती को नशा करवाकर उसके साथ गलत काम कर रहे थे।

सूचना मिलते ही करणी सेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पहले अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की और खुद को 'लक्की' बताया। कड़ाई से पूछताछ करने




पर उनकी पहचान खजराना निवासी फैजान खान और अमन खान के रूप में हुई। हंगामे के दौरान आरोपी अमन खान मौके से भागने में सफल हो गया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अमन फर्जी पुलिसवाला बनकर लोगों को एमडी रखकर फंसाने की धमकी देता है और ब्लैकमेल करता है। दोनों खजराना और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स और गांजा बेचने का अवैध कारोबार करते हैं। फैजान का मोबाइल चेक करने पर कई युवतियों के साथ अश्लील फोटो, वीडियो और चैटिंग मिली है। इसके अलावा मोबाइल में गांजे, एमडी और चाकू के फोटो भी बरामद हुए हैं। होटल के कमरे से शराब की बोतलें, बड़ी मात्रा में कंडोम और सेक्स वर्धक गोलियां मिली हैं। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने आरोपी फैजान को पकड़कर लसूड़िया थाना पुलिस के हवाले कर दिया, जहां पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# अमेरिका की सिलिकॉन वैली में गूंजी अहिल्याबाई की गौरवगाथा

### मप्र की झांकी को मिला मोस्ट ब्यूटीफुल फ्लोट अवार्ड



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की गौरवगाथा अब अमेरिका की सिलिकॉन वैली में भी आकर्षण का केंद्र बनी। फ्रेमोंट शहर में आयोजित इंडिया डे परेड एंड फेयर-2026 में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर और मध्य प्रदेश की थीम एमपी-द इनोवेशन हब पर तैयार झांकी को मोस्ट ब्यूटीफुल फ्लोट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

भारत की स्वतंत्रता के 80वें और अमेरिका की स्वतंत्रता के 250वें वर्ष के आयोजनों की श्रृंखला के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, विरासत और मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को अमेरिकी धरती पर प्रदर्शित किया गया। झांकी में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के राष्ट्रनिर्माण, सुशासन, जनकल्याण और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान को प्रदर्शित किया गया। इसमें देशभर के मंदिरों के जीर्णोद्धार और कायाकल्प में उनके योगदान को भी दशार्या गया। परेड के दौरान झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद निर्णायकों ने इसे मोस्ट ब्यूटीफुल फ्लोट अवार्ड के लिए चुना। फेस्टिवल ऑफ ग्लोब के चेयरमैन डॉ. रमेश जापरा के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में इंदौर और मध्यप्रदेश से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। झांकी की ओर से यह पुरस्कार केपी माहेश्वरी, रितू माहेश्वरी और अमेरिकंस फॉर हिंदू के प्रेसिडेंट प्रमित माकोड़े ने प्राप्त किया।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास
जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com